नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 12

अंक : 45

सोमवार, 05 से 11 दिसम्बर 2022

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक



'आप' में शामिल होने के कुछ घंटे बाद कांग्रेस में वापस लौटे दोनों पार्षद 03

हिमाचल गुजरात एमसीडी के चुनाव और भारत जोड़ो यात्रा 08

आतंकवादियों को बुरे या अच्छे की श्रेणी में बांटने का युग खत्म होना चाहिए : भारत 10

इंग्लैंड को हराकर फ्रांस विश्व कप के सेमीफाइनल में 11

41 वर्ष की हुई दीया मिर्जा 12



# NCR समाचार



इस्माईल खान

BY C.R.O. TEAM

www.ncrsamacharlive.in

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र


# सुखविंदर सुक्खू बने हिमाचल के नए मुख्यमंत्री



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में नादौन विधानसभा क्षेत्र से चौथी बार विधायक निर्वाचित सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के 15वें मुख्यमंत्री तथा हरोली से विधायक पांचवीं बार विधायक बने मुकेश अग्निहोत्री ने उप मुख्यमंत्री पद की रविवार को शपथ ग्रहण की। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने यहां रिज मैदान पर आयोजित एक भव्य समारोह में श्री सुक्खू और श्री अग्निहोत्री को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्री सुक्खू और श्री अग्निहोत्री ने हिंदी में शपथ ग्रहण की।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला, पर्यवेक्षक और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पर्यवेक्षक एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद एवं प्रदेश पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पंजाब से प्रताप सिंह बाजवा सरीखे वरिष्ठ नेता तथा पार्टी विधायक उपस्थित थे।

इससे पहले विधानसभा परिसर में गत शनिवार को हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में हाईकमान के फैसले के अनुसार मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पदों के लिये क्रमशः श्री सुक्खू और श्री अग्निहोत्री के नामों पर मुहर लगाई गई थी। सर्वश्री शुक्ला, बघेल और हुड्डा ने इसकी घोषणा की। राज्य में पहली बार उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। दोनों ही हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। श्री सुक्खू जहां हमीरपुर जिले से वहीं श्री अग्निहोत्री ऊना जिले से हैं। श्री सुक्खू राजपूत और श्री अग्निहोत्री ब्राह्मण समुदाय से हैं। श्री सुक्खू विधानसभा चुनाव में पार्टी की चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष भी थे। अड़सठ सदस्यीय विधानसभा के अनुसार राज्य मंत्रिमंडल का आकार मुख्यमंत्री समेत 12 मंत्रियों तक ही हो सकता है।

## भूपेंद्र पटेल आज लेंगे गुजरात के सीएम पद की शपथ, मोदी भी होंगे शामिल



**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता भूपेंद्र पटेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सोमवार को गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा नेताओं ने रविवार को यह जानकारी दी।

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पटेल का यह लगातार दूसरा कार्यकाल होगा। राज्यपाल आचार्य देवव्रत अपराह्न दो बजे गांधीनगर में नए सचिवालय के पास हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित होने वाले समारोह में पटेल को राज्य के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाएंगे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। पटेल के साथ कुछ नए मंत्रियों के भी शपथ लेने की संभावना है। हाल में संपन्न हुए गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 182 में से रिकॉर्ड 156 सीट जीती है। यह गुजरात के विधानसभा चुनावों में भाजपा की लगातार सातवीं जीत है। कांग्रेस को 17 और 'आप' को पांच सीट पर जीत मिली है। पटेल (60) ने शुक्रवार को अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया था, ताकि राज्य में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो सके। शनिवार को उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात करके अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सुखविंदर सिंह सुक्खू को दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सुखविंदर सिंह सुक्खू को बधाई दी और प्रदेश के विकास के लिए केंद्र की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बहुत-बहुत बधाई। मैं हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए केंद्र की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन देता हूं। हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 58 वर्षीय सुक्खू हिमाचल के 15वें मुख्यमंत्री बने हैं। हिमाचल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सुक्खू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता का इस्तीफा मंजूर

# वीरेंद्र सचदेवा ने संभाला बीजेपी कार्यकारी अध्यक्ष का पद



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में पार्टी की हार के कुछ दिनों बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अगले अध्यक्ष की नियुक्ति तक वीरेन्द्र सचदेवा कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। वह दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से रविवार को जारी एक संगठनात्मक नियुक्ति आदेश के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार आदेश गुप्ता का दिल्ली भाजपा अध्यक्ष पद से इस्तीफा स्वीकार किया जाता है। दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को अगले आदेश तक राज्य इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति तत्तकाल प्रभाव से लागू होगी।

आदेश गुप्ता ने कहा कि उन्होंने कल ही अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दे दिया था। एमसीडी चुनाव में हार की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मेरा इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है और नया अध्यक्ष चुने जाने तक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली भाजपा का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि एमसीडी के 250 वार्डों के लिए 4 दिसंबर को वोट डाले गये थे। सात दिसंबर को एमसीडी चुनाव के नतीजे घोषित किये गये। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) ने 134 वार्डों पर जीत दर्ज की जबकि भाजपा को 104 सीटें ही मिलीं थीं। इसके बाद से ही आदेश गुप्ता के इस्तीफे के कयास लगाए जा रहे थे। आदेश गुप्ता खुद अपने ही विधानसभा क्षेत्र पटेल नगर में आने वाले 4 वार्ड में से एक भी वार्ड को नहीं बचा सके और हार गए।

यहां तक कि जिस वार्ड से वह खुद पार्षद रहे और 2017 में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी वह वार्ड भी इस बार भाजपा हार गई।

वहीं, हार के बाद दिल्ली भाजपा के प्रदेश इकाई में अंदरूनी गुटबाजी भी तेज हो गई थी।

# विपक्ष के विरोध के बावजूद एकसमान नागरिक संहिता विधेयक राज्यसभा में पेश



**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के भारी विरोध को मतविभाजन के जरिए नामंजूर करते हुए गैर सरकारी विधेयक 'भारत में एकसमान नागरिक संहिता 2022' शुक्रवार को राज्यसभा में पेश हो गया। भारतीय जनता पार्टी के किरोड़ी लाल मीणा के इस विधेयक को पेश करने के लिए लाये गये प्रस्ताव के पक्ष में 63 तथा विरोध में 23 मत पड़े। तृणमूल कांग्रेस, बीजू जनता दल और वाईएसआरसीपी के सदस्य मतविभाजन से पहले बिना कुछ कहे सदन से बाहर चले गये। सभापति जगदीप धनखड ने जैसे ही श्री मीणा का नाम यह विधेयक पेश करने के लिए पुकारा तो विपक्ष के कई सदस्य इसका विरोध करते हुए खड़े हो गये और कहा कि इसे पेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इस पर श्री धनखड़ ने कहा कि यह सदन विचार विमर्श करने के लिए हैं और विधेयक पेश करना और अपनी बात कहना प्रत्येक सदस्य का अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने इस विधेयक को पेश करने का विरोध किया है। लेकिन सब कुछ प्रक्रिया के तहत होगा। इसके बाद उन्होंने श्री मीणा को विधेयक पेश करने की अनुमति दी और विरोध कर रहे सदस्यों का नाम पुकारा। सदन के नेता पीयूष गोयल ने विपक्ष के विरोध को खारिज करते हुए कहा कि यह विधेयक संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्य विधेयक का विरोध करने के लिए संविधान सभा के सदस्यों के नाम का गलत ढंग से उल्लेख कर रहे हैं। इससे पहले विधेयक को पेश करने का विरोध करते हुए एमडीएमके के वायको ने कहा कि भारत कई विचारों और भाषाओं तथा धर्मों का देश है। यह विधेयक भाजपा का एजेंडा है। इस पेश करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने कहा कि यह विधेयक मौलिक अधिकार 26 बी और 29(1) के खिलाफ हैं। इसके प्रावधान संविधान की भावना के खिलाफ हैं। इसलिए इसे अनुमति नहीं देनी चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के इलावरम करीम, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जान ब्रिटास, द्रविड मुनेत्र कषगम के तिरुचि शिवा, कांग्रेस के एल. हनुमंतैया और इमरान प्रतापगढ़ी तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने भी विधेयक को पेश करने का विरोध किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र को दी 75 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात



**मुंबई, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र को 75 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी है। नागपुर में रविवार को प्रधानमंत्री ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, 'नागपुर मेट्रो फेज-1' राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही 'नागपुर मेट्रो फेज-2' का शिलान्यास भी किया। समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद अत्याधुनिक सुविधाओं वाले एम्स नागपुर का उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने नागपुर और शिरडी को जोड़ने वाले हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन किया। नागपुर रेलवे स्टेशन पर नागपुर-बिलासपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने नागपुर मेट्रो के फ्रीडम पार्क स्टेशन पर टिकट खरीदकर मेट्रो की यात्रा की और इस दौरान छात्रों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने 'नागपुर मेट्रो फेज-1' राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही 'नागपुर मेट्रो फेज-2' का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने अत्याधुनिक सुविधाओं वाले एम्स नागपुर का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने ही जुलाई, 2017 में एम्स नागपुर की आधारशिला रखी थी। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हम औरंगाबाद से पुणे तक हाईवे बना रहे हैं। जल्द ही उसके कार्य का शुभारंभ होगा, जिससे नागपुर से पुणे पहुंचने में केवल 6 घंटे लगेंगे। हम महाराष्ट्र में 6 एक्सप्रेस हाईवे भी बना रहे हैं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने समृद्धि महामार्ग के बारे में कहा कि ये महाराष्ट्र के 24 जिलों को फायदा देने वाला समृद्धि हाईवे है। महाराष्ट्र में जी 20 की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। हमें पता है कि जी 20 का क्या महत्व है। जी 20 की अध्यक्षता मिलना ये हमारे देशवासियों के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन सभी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का ये आयोजन इस बात का भी प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार महाराष्ट्र में कितनी तेज गति से काम कर रही है। समृद्धि महामार्ग से मुंबई और नागपुर के बीच की दूरी तो कम होगी ही, साथ ही ये महाराष्ट्र के 24 जिलों को आधुनिक कनेक्टिविटी से जोड़ेगा। आजादी के 75 साल के अमृत महोत्सव में 75 हजार करोड़ रुपये के इन विकास कार्यों के लिए मैं महाराष्ट्र और यहां की जनता को बधाई देता हूं। चाहे बात सामान्य मानवीय के लिए हेल्थकेयर की हो, या फिर वेल्थ क्रिएशन की हो, चाहे बात किसान को सशक्त करने की हो या जल संरक्षण की हो, आज पहली बार देश में ऐसी सरकार है जिसने इंफ्रास्ट्रक्चर को एक मानवीय स्वरूप दिया है।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश विकसित भारत के विराट संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत के निर्माण का रास्ता है भारत की सामूहिक ताकत।

# आम आदमी पार्टी की एमसीडी चुनाव में शानदार जीत

### आम आदमी पार्टी ने भाजपा का 15 साल का राज खत्म किया, कांग्रेस हाशिये पर




**नई दिल्ली।** दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 250 वार्डों में से 134 वार्डों पर जीत हासिल कर ली है और बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। इसी जीत के साथ आप ने 15 वर्षों तक सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जीत के बाद ट्वीट करके दिल्ली की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद मांगा। श्री केजरीवाल ने कहा,ह्लइस शानदार जीत के लिए दिल्ली की जनता का शुक्रिया और सबको बहुत-बहुत बधाई। अब हम सबको मिलकर दिल्ली को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाना है।ह्व

दिल्ली राज्य चुनाव आयोग के अनुसार सभी 250 वार्डों पर नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। इस चुनाव में ह्यआपह्न ने 134 सीटों पर कब्जा किया है, भाजपा की झोली में 104 सीटें गयी हैं और कांग्रेस को नौ सीटों से संतोष करना पड़ा है। अन्य दलों ने तीन सीटें पर जीत हासिल की है।

ह्यआपह्न मुख्यालय में जीत के बाद पहुंचे श्री केजरीवाल ने कहा, ह्लदिल्ली की जनता ने 15 वर्ष की भ्रष्ट भाजपा को निगम से हटाकर 'आप' सरकार को निगम में बहुमत दिया है इसके लिए जनता का धन्यवाद। ये हमारे लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली के लोगों ने मुझे दिल्ली की सफाई, भ्रष्टाचार को दूर करने, पार्क को ठीक करने के साथ कई सारी जिम्मेदारियां दी हैं। मैं दिन-रात मेहनत करके कोशिश करूंगा कि आपके इस विश्वास को कायम रखूं। मैं दिल्ली के लोगों के बहुत बधाई देना चाहता हूं। इतनी बड़ी और शानदार जीत के लिए, बदलाव के लिए दिल्ली के लोग बधाई के पात्र हैं।

गौरतलब है इस वर्ष दिल्ली के तीन नगर निगमों का विलय कर दिल्ली नगर निगम फिर गठित गया है। इससे पहले तीनों नगर निगमों के अलग-अलग मेयर हुआ करते थे लेकिन अब एक ही मेयर चयनित किया जायेगा। इसी वर्ष वार्डों का परिसीमन किया गया था। इससे पहले कुल 272 वार्ड थे, परिसीमन के बाद घटकर इनकी संख्या 250 हो गयी है।

इस वर्ष की शुरूआत में एमसीडी के फिर से एक होने के बाद यह पहला चुनाव हुआ था। चार दिसंबर को हुए चुनावों में केवल 50.48 फीसदी मतदान हुआ। कुल 1.45 करोड़ मतदाताओं में से केवल 73 लाख लोग मतदान में शामिल हुए।

## दिल्ली के लोगों ने पूरे देश को मैसेज दिया : केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनके पास बहुत लोग आते हैं। कई बड़े नेता, वर्षों पुराने नेता कहते हैं कि वोट लेने के लिए गाली गलौच करनी पड़ती है। तू-तू मैं-मैं करते हैं। लेकिन हम शरीफों की पार्टी है। कोई कितना भी उकसाए, हमें गाली गलौच नहीं करना है। लोग कहते हैं कि स्कूल और अस्पताल बनवाने से वोट नहीं मिलती है। दिल्ली के लोगों ने मैसेज दिया है कि बिजली, पानी, सड़क ठीक करने से वोट मिलते हैं। आज दिल्ली में चौथा चुनाव जीते हैं। दिल्ली के लोगों ने बड़ा मैसेज दिया है। पॉजिटिव राजनीति करो, नैगेटिव राजनीति नहीं करनी। जनता के बीच जाकर कहते हैं कि आपके बच्चों के लिए स्कूल, परिवार के लिए इलाज का इंतजाम किया है। हम गाली गलौच नहीं करते। मेरा दिल कहता है कि पॉजिटिव राजनीति बढ़ेगी, तो देश दुनिया का नंबर 1 देश बनेगा। गुंडागर्दी, लफंगई से देश आगे नहीं बढ़ेगा। 75 साल से पीछे है। अब टाइम नहीं है।


एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालयः
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोनः
8888883968,
9811111715



### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# ईरान में भारत के बनाए चाबहार पोर्ट को तालिबान का समर्थन

काबुल, **एजेंसी**। अफगानिस्तान के साथ भारत के रिश्तों को लेकर परेशान पाकिस्तान को तालिबान से जोरदार झटका लगा है। तालिबान ने ईरान में भारत द्वारा बनाए गए चाबहार पोर्ट को समर्थन का एलान किया है।

उत्तर दक्षिण अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई को रूस की राजधानी मास्को से जोड़ता है और यह ईरान तथा अजरबैजान से होकर जाता है। भारत ईरान के चाबहार में बंदरगाह विकसित कर रहा है। इसके पहले चरण पर काम चल रहा है। ईरान के चाबहार पोर्ट के विकास पर भारत 8.5 करोड़ डॉलर का निवेश कर रहा है। इस पोर्ट के साथ भारत ने मध्य एशिया के देशों से सीधे संपर्क जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ईरान के इस पोर्ट का इस्तेमाल अफगानिस्तान को मदद भेजने में होता है, इसलिए पाकिस्तान बार-बार दबाव बना रहा था। अब अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान ने पाकिस्तान सरकार को बड़ा झटका दिया है। तालिबान सरकार ने व्यापार के लिए ईरान में भारत के बनाए चाबहार पोर्ट के इस्तेमाल का समर्थन किया है। यही नहीं तालिबानी सरकार ने यह भी कहा है कि वह इस दिशा में सभी 'सुविधाएं' देने के लिए तैयार है। तालिबानी विदेश मंत्रालय ने चाबहार पोर्ट को उत्तर-दक्षिण अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर में शामिल किए जाने का 'स्वागत' किया है।



तालिबान के बयान में कहा गया है कि वह इस संबंध में सभी जरूरी सुरक्षा और सुविधाएं देने के लिए तैयार है। तालिबान ने चाबहार पोर्ट पर यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब वह चाहता है कि अफगानिस्तान के आधारभूत ढांचे के पुर्ननिर्माण के लिए भारतीय निवेश फिर से शुरू हो सके। तालिबान ने भारत से यह भी आह्वान किया है कि वह नए काबुल शहर के निर्माण में मदद करे। भारत ने हाल ही में चाबहार पोर्ट के लिए छह मोबाइल हार्बर क्रेन दिए हैं, जिनकी क्षमता 140 टन तक है। इसके अलावा 2.5 करोड़ डॉलर के अन्य उपकरण भी दिए गए हैं। इस बंदरगाह का पहले भी इस्तेमाल अफगानिस्तान को मानवीय मदद भेजने के लिए किया जा चुका है। साल 2020 में भारत ने चाबहार पोर्ट के जरिए 75 हजार मीट्रिक टन गेहूं मानवीय मदद के रूप में अफगानिस्तान को भेजा था। दिसंबर 2018 में भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड ने पूरे पोर्ट का कार्यभार संभाल लिया था। चाबहार पोर्ट से 215 मालवाहक जहाजों और 40 लाख टन सामान को एक जगह से दूसरी जगह पर भेजा जा चुका है।

## जापानी कारोबारी माएजावा संग चंद्रमा की उड़ान भरने वालों में भारतीय अभिनेता देव जोशी भी शामिल

**तोक्यो, एजेंसी**। जापान के अरबपति युसाकु माएजावा के साथ स्पेसएक्स अंतरिक्ष यान के जरिए चंद्रमा के लिए उड़ान भरने वाले आठ अन्य लोगों में 'बालवीर' धारावाहिक में काम करने वाले भारतीय अभिनेता देव जोशी और कोरियाई पॉप स्टार टीओपी भी शामिल होंगे। माएजावा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जापानी कारोबारी ने 2018 में अंतरिक्ष यान की सभी सीट खरीदकर चंद्र यात्रा की योजना बनाई थी। उन्होंने मार्च 2021 में दुनिया भर से आवेदन लेना शुरू किया था। उन्होंने पिछले साल भी सोयुज रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की 12 दिवसीय यात्रा की थी। इसके बाद यह उनकी दूसरी अंतरिक्ष यात्रा होगी। माएजावा ने ट्वीट के जरिए बताया कि उनकी 'डियरमून' परियोजना के लिए चुने गए आठ लोगों में 'बालवीर' के अभिनेता जोशी भी शामिल होंगे। उनके साथ टी.ओ.पी भी उड़ान भरेंगे, जिन्होंने के (कोरियाई)-पॉप समूह 'बिग बैंग' के लिए प्रमुख रैपर के रूप में करियर की शुरूआत की थी। इनके अलावा अमेरिकी डीजे स्टीव आओकी, फिल्म निमार्ता ब्रेंडन हॉल और यूट्यूबर टिम डोड भी टीम में शामिल हैं। ब्रेंडन और टिम डोड भी अमेरिकी हैं। ब्रिटिश फोटोग्राफर करीम इलिया, चेक गणराज्य के कलाकार येमी एडी और आयरलैंड के फोटोग्राफर रियानोन एडम भी टीम में शामिल होंगे। अमेरिकी ओलंपिक खिलाड़ी कैटिलिन फैरिंगटन और जापानी नृतक मियू को विकल्प के रूप में चुना गया था।

## एक नजर

### यूएस कांग्रेस ने समलैंगिक विवाह विधेयक किया पारित

**वाशिंगटन, (एजेंसी)**। अमेरिकी कांग्रेस ने समलैंगिक विवाह विधेयक को पारित कर इसे राष्ट्रपति जो बाइडेन के हस्ताक्षर के लिए व्हाइट हाउस भेज दिया है। सीनेट में पारित होने के एक सप्ताह बाद प्रतिनिधि सभा ने गुरुवार को 258-169-1 मत से विवाह अधिनियम को पारित कर दिया है। विधेयक पर हुए मतदान के दौरान सीनेट डेमोक्रेटिक कॉकस के सभी सदस्यों और 12 रिपब्लिकन्स ने इसके पक्ष में मतदान किया। सुप्रीम कोर्ट के रूढ़िवादी न्यायधीश के संकेत के बाद इस वर्ष गर्मियों में विधेयक पेश किया गया था।

### पाक रेंजर्स और बीएसएफ जवानों के बीच फायरिंग

**श्रीगंगानगर, (एजेंसी)**। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में अनूपगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार शाम बीएसएफ और पाक रेंजर्स में गोलियां चल गईं। घटना शाम करीब पांच बजे बीएसएफ की बिंजौर पोस्ट के अधीन सीमावर्ती 27-ए गांव के समीप की है। भारतीय किसान चक 27-ए में तारबंदी के उस पार खेतों में काम कर रहे थे। तभी सीमा पार से पाक रेंजर्स ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जवाब में बीएसएफ जवानों ने भी 18 राउंड फायरिंग की।

### नई पीढ़ी के लड़ाकू विमान विकसित करने की योजना

**लंदन, (एजेंसी)**। ब्रिटेन, जापान और इटली ने 2035 तक नई पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम शुरू करने पर सहमति जताई है। ब्रिटिशन पीएमओ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि ब्रिटेन एक अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय एयरोस्पेस गठबंधन के माध्यम से भविष्य के सुरक्षा खतरों को अपनाने और प्रतिक्रिया देने के लिए इटली और जापान के साथ काम करेगा। अगली पीढ़ी के लड़ाकू हवाई विमान देने जीसीएपी ब्रिटेन, जापान और इटली के बीच एक नई साझेदारी और महत्वाकांक्षी प्रयास है और देश 2024 में विकास चरण शुरू करने के लिए तैयार हैं। विमान को बिना चालक दल के उन्नत सेंसर, अत्याधुनिक हथियार व अभिनव डेटा सिस्टम जैसी क्षमताओं का नेटवर्क प्राप्त होगा।

### अनाथ बच्चों संग मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**प्रयागराज, (ब्यूरो)**।कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का 76 वां जन्मदिवस अनाथालय के बच्चों के साथ बड़ी ही सादगी से मनाया गया। शुक्रवार को स्वराज भवन स्थित अनाथ आश्रम में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की सुपुत्री डा. विजयश्री तिवारी ने छात्राओं को फल समग्री के साथ खाने पीने समान वितरित कर सोनिया गांधी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा की भारत के प्रति सोनिया गांधी के समर्पण को देश की जनता याद रखेगी। इस दौरान- हसीब अहमद, शुभम शुक्ला, तान्या मिश्रा, मोहित यादव, सौरभ चौधरी, सुष्मिता यादव, तलत अजीम, गौरव पाण्डेय, मो.हसीन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## भूमि के कटाव से बचाने कवायद



असम के मोरीगांव जिले में शुक्रवार को कटाव से बचाने के लिए ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे मजदूरों ने बालू की बोरियां लगाई।

### खिसकती रेत और तनाव से जूझती जिंदगियाँ

बाढ़, भूस्खलन, पर्यावरणीय दुर्दशा, प्रदूषण- यह सब ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे से गायब होती जमीन, विस्थापित जीवन और बरबाद हो रही आजीविका की कहानी के साथ जुड़ा है। ब्रह्मपुत्र हमेशा से बड़ी मात्रा में अपने साथ तलछट लेकर आने वाली नदी रही है - चीन में यांग्त्ज़ी किआंग के बाद धरती पर किसी भी अन्य नदी की तुलना में सबसे ज्यादा गाद और रेत बहाकर लाने वाली नदी। ब्रह्मपुत्र के जलोढ़ पंखे बंगाल की खाड़ी में पहुंच जाते हैं और बांग्लादेश के प्राकृतिक भूमि क्षेत्र का निर्माण करते हैं। यह उपग्रह इमेजरी से दिखने वाला दृश्य है।

## हैदराबाद एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो की रखी आधारशिला



**हैदराबाद (एजेंसी)**। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को हाईटेक सिटी इलाके के रायदुर्गम मेट्रो स्टेशन पर माइंडस्पेस जंक्शन से शमशाबाद हवाई अड्डे तक हैदराबाद एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो परियोजना की आधारशिला रखी। श्री राव ने इस दौरान भूमि पूजन किया और बाद में एक पट्टिका का अनावरण किया।

इस एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो में सात स्टेशन होंगे और यह परियोजना 6,250 करोड़ की लागत आएगी और यह परियोजना तीन साल में पूरी होगी। एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो की 31 किमी की परियोजना में से 27.5 किमी स्काईवे में, एक किमी सड़क पर और 2.5 किलोमीटर भूमिगत होगा। एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो कॉरिडोर माइंडस्पेस जंक्शन के रायदुर्ग मेट्रो टर्मिनल स्टेशन से शमशाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक बनाया जाएगा।

### बीआरएस का झंडा फहराया, की पार्टी की आधिकारिक घोषणा

तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का झंडा फहराकर पार्टी को देश भर में ले जाकर गुणात्मक बदलाव और आर्थिक प्रगति के लिए काम करने की शुरूआत की।

## गोपनीयता, क्षमता और अनुशासित आचरण लोकसेवकों के आभूषण

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मंसूरी में एलबीएस अकादमी में संबोधित किया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि 'गोपनीयता', 'क्षमता' और 'अनुशासित आचरण' भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के आभूषण हैं और इनसे ही उन्हें आत्मबल मिलेगा।



श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के 97 वें सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम के विदाई समारोह में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सरदार वल्लभ भाई पटेल के शब्द याद आ रहे हैं। अप्रैल 1947 में सरदार पटेल भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिल रहे थे। उस समय उन्होंने कहा था कि प्रत्येक जनसेवक, चाहे वह किसी भी दायित्व का निर्वहन कर रहा हो, हमें उससे सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद करनी चाहिये और यह उम्मीद रखना हमारा अधिकार है। हम गर्व से कह सकते हैं कि जनसेवक इन उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आधारभूत पाठ्यक्रम का मूलमंत्र 'वी, नॉट आई' (हम, न कि मैं) है।

उन्होंने भरोसा जताया कि पाठ्यक्रम के प्रशिक्षु अधिकारियों को सामूहिक भावना के साथ देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिये। उन्होंने कहा कि उनमें से कई अगले 10-15 वर्षों के लिये देश के एक बड़े भू-भाग में प्रशासनिक कामकाज करेंगे तथा जनमानस से उनका सीधा संपर्क रहेगा। उन्होंने कहा कि अपने कार्य के बल पर वह अपने सपने के भारत को एक ठोस आकार दे सकते हैं। अकादमी के ध्येय-वाक्य 'शीलं परम् भूषणम्' का उल्लेख करते हुये राष्ट्रपति ने कहा कि अकादमी में प्रशिक्षण पद्धति कर्मयोग के सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें शील को अत्यंत महत्त्व दिया जाता है।

### रास में प्रश्नकाल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल बोले

# सरकार को चीन से 48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा विरासत में मिला

### 2003-04 में चीन से व्यापार घाटा पांच अरब डॉलर था जो 2013-14 में बढकर 48 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार को चीन के साथ 48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा विरासत में मिला था और अब सरकार देश में घरेलू उत्पादन बढ़ाने तथा चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठा रही है।

श्री गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि वर्ष 2003-04 में चीन के साथ व्यापार घाटा पांच अरब डॉलर था जो 2013-14 में बढकर 48 अरब डॉलर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढाकर चीनी समान पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने मेक इन इंडिया योजना शुरू कर स्वदेशीकरण को बढावा दिया है। इसके अलावा निजी उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों तथा प्रमुख लोगों के साथ विचार विमर्श के बाद उत्पादन आधारित प्रोत्साहन की योजना शुरू की गयी है।

### चीनी उत्पादों पर कम हो निर्भरता

वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि अभी केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर देश में उत्पादन को बढाकर स्वदेशीकरण पर जोर दे रही हैं जिससे कि चीन के उत्पादों पर निर्भरता कम हो और व्यापार घाटा भी कम हो सके। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का ही परिणाम है कि देश में पहले मोबाइल फोन बनाने वाली केवल दो कंपनी थी लेकिन अब इनकी संख्या इतनी ज्यादा हो गयी है कि भारत मोबाइल फोन निर्यात कर रहा है। इसके अलावा व्यापार सुगमता बढाने तथा प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना की मदद से भी देश में उत्पादन बढाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इस बीच मार्क्सवादी जॉन ब्रिटास ने सवाल पूछा कि सरकार इतने प्रयास कर रही है लेकिन इसके बावजूद चीन के साथ व्यापार घाटा निरंतर बढ़ रहा है और यह जल्द ही 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस पर श्री गोयल ने कहा कि सरकार के कदमों से देश में उत्पादन बढा है और निवेश भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रही है और उसे विरासत में जो व्यापार घाटा मिला था उसके कारण स्थिति को संभालने में अधिक प्रयास करना पड़ रहा है।

## इतिहास

- **1582**: फ्रांस ने ग्रेगोरियन कैलेंडर का इस्तेमाल करना शुरु किया।
- **1887**: आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन ने बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- **1902**: तस्मानिया में महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला।
- **1903**: पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **1947**: सोवियत संघ और चेकोस्लोवाकिया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर।
- **1960**: हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री रति अग्निहोत्री का जन्म।
- **1961**: सोवियत संघ और अल्बानिया के बीच राजनयिक संबंध समाप्त।
- **1963**: अफ्रीकी देश जंजीबार ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।

## केरल व कर्नाटक में तीन जगहों पर एनआईए छापे




**चेन्नई, (एजेंसी)**। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े आतंक फडिंग मामले में केरल के कोझिकोड जिले और कर्नाटक के कलबुरगी जिले में तीन स्थानों पर छापे मारे है।एनआईए सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि यह मामला पीएफआई के कार्यकर्ताओं, सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा रची गई आपराधिक साजिश से संबंधित है ताकि विदेश तथा देश के विभिन्न भागों सहित केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक उत्तर प्रदेश और दिल्ली में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पैसा जुटाया जा सके।

यह भी पता चला कि आरोपी देश भर में विभिन्न स्थानों पर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे थे।

सूत्रों ने कहा कि यह मामला एनआईए ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस साल 13 अप्रैल को दर्ज किया और विस्तृत जांच के आधार पर कल छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री सहित डिजीटल उपकरण और विभिन्न दस्तावेज जब्त किए गए।

## हाइपरसोनिक वाहन टेस्ट में पास, सभी जरूरी पैरामीटर हुए हासिल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और एकीकृत रक्षा स्टाफ ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को हाइपरसोनिक वाहन परीक्षण किया। परीक्षणों ने सभी जरूरी पैरामीटर हासिल किए और उच्च क्षमता का प्रदर्शन किया। इस परीक्षण के बाद देश के रक्षा क्षेत्र की ताकत बढ़ेगी। खासतौर पर पाक और चीन के खिलाफ एक मजबूत हथियार साबित होगा। हाइपरसोनिक वाहन साउंड की स्पीड से पांच गुना तेज रफ्तार से उड़ान भरती है।



**दुश्मनों पर करेगा वार**: हाइपरसोनिक वाहन अंतरिक्ष में तेजी से पहुंच, लंबी दूरी पर सैन्य प्रतिक्रिया और वाणिज्यिक हवाई यात्रा में सक्षम है। हाइपरसोनिक वाहन एक हवाई जहाज, अंतरिक्ष यान या मिसाइल हो सकता है। हाइपरसोनिक लेटेस्ट अत्याधुनिक तकनीक है। भारत, चीन, अमेरिका सहित कई देश हाइपरसोनिक हथियारों को बढ़ाने में लगे हुए हैं।

**भारत हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहा**: बता दें भारत कई सालों से हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहा है। अमेरिकी कांग्रेस में पेश रिपोर्ट के अनुसार, भारत-रूस मिलकर हाइपरसोनिक मिसाइल बना रहे हैं। इस साल रूस ने यूक्रेन युद्ध में हाइपरसोनिक मिसाइल किंजल का इस्तेमाल किया था।

### नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज में अशीरा आमंत्रित

**जयपुर, (एजेंसी)**। नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज प्रतियोगिता में जयपुर की अशीरा विश्वास का चयन किया गया है। सुश्री विश्वास एडीजी (एसडीआरएफ) सुष्मित विश्वास की पुत्री है। सबसे प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार का शनिवार को नार्वे की राजधानी ओस्लो में ऐलान किया जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज-2022 प्रतियोगिता में विजेता घोषित होने पर सुश्री विश्वास को भी इस समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। नोबेल पीस सेंटर में द इग्निटर इनिशिएटिव के प्रोजेक्ट मैनेजर ने सुश्री अशीरा को नोबेल शांति पुरस्कार चुनौती के निबंध श्रेणी में फाइनलिस्ट के रूप में घोषित होने पर बधाई दी और उन्हें शनिवार को ओस्लो में आयोजित नोबेल शांति पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## ओलंपियन के बदले छोड़ा मौत का सौदागर

**वाशिंगटन, (एजेंसी)**। यूक्रेन युद्ध की गरमा-गरमी के बीच रूस और अमेरिका ने दो हाई प्रोफाइल कैदियों की अदला-बदली की है।



### अमेरिका-रूस ने की कैदियों की अदला-बदली

अमेरिका की स्टार बास्केट बॉल प्लेयर ब्रिटनी ग्रिनर को रूस ने छोड़ा है और अमेरिका ने 'मौत का सौदागर' के नाम से कुख्यात हथियारों के अवैध रूसी विक्रेता विक्टर बाउट को रिहा किया है। 32 साल की ग्रिनर और 55 साल के विक्टर बाउट की रिहाई अमेरिका और रूस के संबंधों का अहम मोड़ है।

अमेरिकी नागरिक ग्रिनर को इसी साल फरवरी में रूस में ड्रग्स चार्जेज के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जबकि विक्टर बाउट अमेरिका में 25 साल की कैद की सजा काट रहा था। समाचार एजेंसियों के अनुसार कैदियों की ये अदला-बदली कतर में अबू-धाबी एयरपोर्ट पर हुई।

रूसी मीडिया की ओर से जारी वीडियो में एयरपोर्ट पर ग्रिनर और बाउट एयरपोर्ट पर एक दूसरे के बगल से निकलते हुए दिख रहे हैं. ग्रिनर की पहचान बन चुके उनके धुंधराले बाल कटे हुए थे. जबकि बाउट तेजी में दिख रहा था. एयरपोर्ट में ही दोनों एक दूसरे प्लेन की ओर बढ़ गए जहां से वे अपने अपने देशों की ओर रवाना हो गए। ग्रिनर को टेक्सास के सैन एंटोनियो एयरपोर्ट पर उतरते हुए देखा गया। राष्टपति जो बाइडेन ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने ग्रिनर से बात की थी।

# आप के 10 पार्षदों को खरीदने के लिए आदेश गुप्ता ने किए फोन : संजय सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के एमसीडी में आप की सरकार बन गई है और अब हमारे पार्षदों को तोड़ने की साजिश में भाजपा लग गई है। यह कहना है आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह का। संजय सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने दिल्ली में खोखा-खोखा फॉमूर्ला शुरू किया है। योगेंद्र नाम के व्यक्ति ने आप पार्षद को फोन कर कहा है कि दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता बात करेंगे। आदेश गुप्ता 10 पार्षद खरीदने के लिए 100 करोड़ का जिक्र कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर इन्हें गिरफ्तार करें और इसकी जांच करें।




संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से पिछले चुनाव में 80 सीट हारने के बावजूद भाजपा अपने गंदे खेल के ऊपर उतर आई है। वहीं विधायकों की खरीद-फरोख्त के कारनामे गोवा, महाराष्ट्र गुजरात में किया। वहीं इसी फामूर्ले को उन्होंने दिल्ली के अंदर शुरू कर दिया है। एमसीडी के पार्षदों को प्रलोभन देने का काम, धमकाने का काम, दिल्ली के अंदर शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं तो पहले दिन से कह रहा हूं कि भाजपा इतनी बेशर्म पार्टी है कि 30 सीट कम होने के बावजूद कह रहे हैं कि मेयर उनका होगा। लेकिन आप के चुने हुए पार्षद पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। उनके तमाम कारनामों का हमारे पार्षद समय-समय पर उजागर करते रहेंगे। मैं दिल्ली पुलिस आयुक्त से कहूंगा कि उन तमाम लोगों को जेल में डाला जाएं जो लोकतंत्र की हत्या करने और जनादेश का अपमान करने का काम कर रहे हैं। धमकी और प्रलोभन दे रहे हैं कि उनके ऊपर कार्रवाई की जाए।"

संजय सिंह ने कहा, "हमारे बीच डॉक्टर रोनाक्षी शर्मा हैं। 88 वार्ड से पार्षद हैं। अरुण नावरिया 166 वार्ड से पार्षद हैं। ज्योति 207 वार्ड से पार्षद हैं। ये लोग बताएंगे कि उनके साथ क्या हुआ है। किस तरीके से उन्हें धमकाया गया, किस तरह से अप्रोच किया गया। एक योगेंद्र नाम का व्यक्ति फोन करता है और कहता है कि भाजपा के प्रदेशध्यक्ष आदेश गुप्ता बात करेंगे। आदेश गुप्ता और भाजपा के लोग बकायदा 100 करोड़ के बजट का जिक्र करता है। वह कह रहे हैं कि 100 करोड़ का बजट है। यह 10 पार्षदों को खरीदने के लिए है। एक पार्षद को खरीदने के लिए 10 करोड़ रुपए रेट तय किया है।

पार्षदों का क्या कहना है? पिंटू शर्मा ने कहा कि गुरुवार शाम को योगेंद्र चंदौलिया का फोन आता है। सुभाष के पास कि पिंटू शर्मा से बात कराओ। उन्होंने मुझे फोन दिया। उन्होंने कहा कि मैं योगेंद्र चंदौलिया बोल रहा हूं। आदेश गुप्ता बात करेंगे मैंने कहा कि बात कराओ। बोले भाई हमें 10 पार्षद को काउंसलर्स इकट्ठा करना है, मिलकर सब जुटाओ। मैंने कहा कि ये कैसे होगा। उन्होंने कहा कि 2-2 करोड़ का बजट है तो मैंने कहा कि आप कम लगा रहे हो। बोले तो एक काम करो तीन कर लेते हैं। फिर कहे पांच कर लेते हैं। फिर मैंने कहा कि कम है तो बोले आप का 10 करोड़। बाकी का 10-10 करोड़ आप जितने देने चाहो दे दो।

पिंटू शर्मा ने कहा कि मैंने कहा कि आदेश गुप्ता ने गलत फोन किया है। हम अरविंद केजरीवाल के सिपाही हैं। हम बिकने वाले नहीं है। 166 पुष्प विहार वार्ड से पार्षद अरुण नावरिया ने कहा कि चुनाव लड़ते समय मेरे बहुत से सहयोगी थे, जिन्हें डराया गया।

# केजरीवाल के एजेंट शिखा गर्ग की भाजपा निगम पार्षद को खरीदने की कोशिश नाकाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला, प्रदेश प्रवक्ता हरीश खुराना और आनंद विहार से भाजपा निगम पार्षद डॉ. मोनिका पंत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी की नई साजिश का खुलासा करते हुए कहा कि चुनाव से पहले केजरीवाल पैसे दो टिकट लो की पॉलिसी अपनाए हुए थे और चुनाव जीतने के बाद केजरीवाल का एजेंट और केजरीवाल का संदेश वाली पॉलिसी अपना रहे हैं।



शहजाद पूनावाला ने कहा कि ज्यादातर राज्यों में अपनी जमानत जब्त कराने वाली आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल कागजों पर दावे करके आते हैं की उनकी सरकार बनने वाली है और दिल्ली एमसीडी में भाजपा को 30 सीटें मिलेंगी उन सब दावों और झूठे वादों का दिल्ली की जनता ने फेल कर दिया। सभी जगह पर दिल्ली मॉडल फेल साबित होने के बाद केजरीवाल ने एक नया मॉडल पेश किया है 'प्रलोभन फॉर पार्षद'।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल की सरकार केजरीवाल का पार्षद जब हवा हवाई हो गया तो अब नया नारा चला है केजरीवाल का एजेंट। केजरीवाल का एजेंट गली-गली घूमकर खरीद-फरोख्त करने का काम कर रहा है।

पूनावाला ने कहा कि सबसे कम समय में सबसे अधिक भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी आम आदमी पार्टी बन चुकी है। शिक्षा, बस हवाला, शराब, जलबोर्ड, ये सारे घोटाले केजरीवाल के भ्रष्टाचार के प्रमाण है। जो पार्टी इंडिया अगेंस्ट करप्शन की मुहिम के साथ शुरू हुई थी आज वह खुद आप विद करप्शन बन चुकी है।

वहीं डॉ. मोनिका पंत ने कहा कि केजरीवाल के एजेंट जिनका नाम शिखा गर्ग है और वह केजरीवाल की सबसे करीबी लोगों में से एक मानी जाती है। कल शाम को उनके पास कॉल आया कि आपसे मिलकर कुछ बातें करनी है जब फोन पर ही बात करने को कहा तो उनका जवाब था कि बहुत जरूरी है इसलिए मिलकर बात करेंगे। इसके तुरंत 10 से 15 मिनट बाद वह मेरे पास आ गई और उन्होंने मुझे कई तरह के प्रलोभन देकर आप को समर्थन करने की बात कही। डॉ पंत ने कहा कि जब मैंने मना किया तो उनका कहना था कि वह क्षेत्र फंड के साथ एक्स्ट्रा फंड भी देंगी। लेकिन मैंने मना कर दिया।

इसी क्रम में हरीश खुराना ने केजरीवाल को चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन लोटस की बात करने वाले केजरीवाल आज तक एक भी प्रमाण नहीं दे सके लेकिन आज उनका ऑपरेशन झाडू पूरी तरह से फेल साबित हुआ है और उनको इस बात की समझ आ चुकी है कि या भाजपा के राष्ट्रवादी कार्यकर्ता हैं जो उनके प्रलोभन और झूठे झांसे में नहीं आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आज हम इसकी शिकायत एसीबी से करेंगे ताकि इसपर जांच बैठाई जाए और उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने आरोप के साक्ष्य दिखाते हुए कहा कि भाजपा पूरी तरह से जिम्मेदारी पूर्वक जो कहती है वह सबूत के साथ करती है और आज केजरीवाल की करीबी शिखा गर्ग का सीसीटीवी फुटेज भी एसीबी को सौपेंगे और साथ ही कॉल पर हुई बातचीत को भी उनके सामने रखेंगे।

## एक नजर

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब', न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री से. दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शनिवार को वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' रही और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इसने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में अगले कुछ दिन धुंध और कोहरा छाए रहने का अनुमान है तथा 16 दिसंबर तक पारा छह डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। शहर में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 337 दर्ज किया गया और 24 घंटे का औसत एक्यूआई शुक्रवार को 314 पर रहा। गौरतलब है कि 201 से 300 के बीच एक्यूआई 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है। दिल्ली में रविवार को प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंचने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 'ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान' के तीसरे चरण के तहत पाबंदियां लागू करने का निर्देश दिया था जिसमें गैर आवश्यक निर्माण कार्य पर प्रतिबंध भी शामिल है। वायु प्रदूषण का स्तर कम होने पर बृहस्पतिवार को पाबंदियां हटा ली गई थीं।

### पार्षदों से संपर्क के लिए आप ने समन्वयक नियुक्त किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने अपने पार्षदों को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से संवाद कायम रखने के लिए चार समन्वयकों की नियुक्ति की है। दिल्ली नगर निगम के 12 जोन हैं। प्रत्येक समन्वयक को 3-3 जोन के पार्षदों के साथ संपर्क में रहना है। पार्षदों को भी संगठन या शीर्ष नेतृत्व को कोई बात पहुंचानी है तो वह इसी समन्वयक के जरिए पहुंचाएंगे। पार्टी का समन्वयक बनाने का एक कारण उनके साथ संवाद स्थापित करना है, जिससे पार्टी में किसी तरह की टूट ना हो सके। पार्षदों के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ हुई बैठक में समन्वयक के नामों की घोषणा की गई। ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज को नरेला, केशवपुरम और वेस्ट जोन की जिम्मेदारी दी गई है। राजेंद्र नगर से विधायक दुर्गेश पाठक को सदर, करोल बाग और शाहदरा नॉर्थ जोन की जिम्मेदारी मिली है। कालकाजी से विधायक आतिशी को सेंट्रल, साउथ और शाहदरा साउथ जोन और संगठन में अहम भूमिका निभाने वाले आदिल को सिविल लाइंस रोहिणी और नजफगढ़ जोन की जिम्मेदारी दी गई है।

### इन स्टेशनों के बीच रविवार को बाधित रहेगा मेट्रो का संचालन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली की लाईफ लाईन बन चुकी मेट्रो के यात्रियों के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक जरूरी सूचना जारी की है, जिसमें डीएमआरसी ने मेंटेनेंस वर्क को लेकर प्रभावित होने वाले मेट्रो लाईन और स्टेशनों के बारे में जानकारी साझा की है। इस मेंटेनेंस वर्क की वजह से रविवार को दिल्ली मेट्रो के कुछ स्टेशनों पर मेट्रो की सेवाएं बाधित रहेंगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए मेट्रो ने यात्रियों से सूचना के अनुसार अपनी यात्रा का समय निर्धारित करने की अपील की है। डीएमआरसी के प्रवक्ता अनुज दयाल ने बताया कि रविवार को द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी अथवा वैशाली पर मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच निर्धारित ट्रैक मेंटेनेंस के लिए मेट्रो परिचालन की सुविधाएं बंद रहेंगी।

# 'आप' में शामिल होने के कुछ घंटे बाद कांग्रेस में वापस लौटे दोनों पार्षद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षद और पार्टी नेता अली मेहंदी आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होने के घंटों बाद देर रात पुरानी पार्टी में वापस लौट आये। बाद में उन्होंने माफीनामा भी जारी किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए मेहंदी ने कहा कि उन्होंने आप में शामिल होकर गलती की। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस और राहुल गांधी के वफादार कार्यकर्ता हैं। कांग्रेस की नवनिर्वाचित पार्षद सबीला बेगम और नाजिया खातून और प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अली मेहंदी शुक्रवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। 'आप' नेता दुर्गेश पाठक की मौजूदगी में उक्त कांग्रेस नेता आप में शामिल हुए थे। शुक्रवार रात मुस्तफाबाद में आम लोगों ने इसका




जमकर विरोध किया। इन कांग्रेस नेताओं के पुतले जलाए और रात तक सड़कों पर उतर प्रदर्शन करते रहे। उत्तर पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद विधानसभा अंतर्गत आने वाले बृजपुरी वार्ड 245 से कांग्रेस की टिकट पर जीत दर्ज करने वाली नाजिया और मुस्तफाबाद वार्ड 243 से सबीला बेगम ने आम आदमी पार्टी के नगर निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी का दामन थामा था, जिससे लोग खासे नाराज थे। इन कांग्रेस नेताओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया, विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को वोट दिया था, ऐसे में नवनिर्वाचित पार्षदों का पार्टी बदलना मतदाताओं के साथ धोखा है। जिसके बाद देर रात प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अली मेहंदी देर रात वापिस कांग्रेस में लौट आए। उनके साथ आप में शामिल हुए दो पार्षदों के बारे में भी उन्होंने कहा कि उनसे गलती हुई, वे कांग्रेस में ही रहेंगे। इस संबंध में उन्होंने वीडियो संदेश भी जारी किया।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली नगर निगम चुनाव में 2022 में मुस्लिम बहुल इलाके में रहने वाले मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी के बजाय कांग्रेस पर भरोसा जताते हुए एक तरफा वोट किया था। कांग्रेस पार्षदों के आप में शामिल होने पर बवाल के बाद इस मामले पर कांग्रेस नेता अजय माकन ने ट्वीट किया था।

उन्होंने लिखा था कि अली भाई आपसे यह उम्मीद नहीं थी। आपके किस रूप को असली समझें? 'आप' के दफ्तर की, या इस जलसे की, जहां आप के खिलाफ बोल कर चुनाव जीता ? राजनीति में उतार चढ़ाव आते-जाते हैं। हमेशा पार्टी में हमारी इच्छा पूरी नहीं होती, पर पार्टी और विचारधारा सर्वोपरी है।

# दिसंबर में ही दिल्ली को मिलेगा नया मेयर : दुर्गेश पाठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमसीडी चुनाव संपन्न होने के बाद नया मेयर दिल्ली को कब मिलेगा इसे लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। इन सभी अटकलों पर आप आदमी पार्टी के प्रवक्ता दुर्गेश पाठक ने शनिवार को विराम लगा दिया है। दुर्गेश पाठक ने कहा है कि दिल्ली का अगला मेयर तो आम आदमी पार्टी का ही बनेगा। जल्द ही मेयर के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 में नहीं, दिल्ली को दिसंबर में ही नया मेयर मिल जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी का ही कोई पार्षद मेयर बनेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने एमसीडी में 15 साल से बैठी बीजेपी को नकार दिया है। अब भाजपा वाले सपने देखना बंद कर दें कि वह अपना मेयर बना देंगे। दिल्ली की जनता ने 134 सीटें देकर इसका अहसास बीजेपी को पहले ही करा दिया है। वह विपक्ष की भूमिका में अपना दायित्व पूरा करें। एमसीडी चुनाव में आप ने 134 सीटें जीती थीं जो कि बहुमत से अधिक है। हालांकि इसके बावजूद दिल्ली में सियासी उथल-पुथल कम नहीं हुई है। शुक्रवार को कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित पार्षद आम आदमी पार्टी में शामिल हुए जिसके बाद आम आदमी पार्टी के पार्षदों की संख्या बढ़कर 136 हो गई।

# जैस्मीन शाह को पद से हटाने की एलजी की सिफारिश को सीएम ने किया खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली संवाद एवं विकास आयोग (डीडीसी) के वाइस चेयरमैन जैस्मीन शाह को पद से हटाने की उपराज्यपाल (एलजी) की सिफारिश को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खारिज कर दिया है। डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमिशन के चेयरमैन की हैसियत से मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए इस निर्णय से एक बार फिर दिल्ली सरकार और एलजी के बीच खींचतान तेज हो गई है।

मुख्यमंत्री ऑफिस के सूत्रों की माने तो एलजी की सिफारिश, प्लानिंग विभाग के आदेश और जैस्मीन शाह के खिलाफ की गई शिकायत का बारीकी से विश्लेषण करने और इस संबंध में सामने आए तथ्यों के आधार पर मुख्यमंत्री ने जैस्मीन शाह को पद पर बनाए रखने का निर्णय लिया है। अपने आदेश में अरविंद केजरीवाल ने ऑन रिकॉर्ड यह कहा है कि एलजी को डीडीसीडी के मामलों में मिली इस तरह की किसी भी शिकायत पर ऐसी कोई भी कार्रवाई करने का कानूनी रूप से कोई अधिकार नहीं है।

मुख्यमंत्री ने साफ किया है कि सरकारी कर्मचारियों के लिए बने सीसीएस कंडक्ट रूल्स, दिल्ली डेवलपमेंट कमिशन यानी डीडीसीडी के वाइस चेयरमैन पर लागू नहीं होते हैं, क्योंकि यह एक ऑनरेरी पद है। ये नियम केवल सिविल सर्विस या सिविल पोस्ट पर नियुक्त अधिकारियों पर ही लागू होते हैं। जबकि डीडीसीडी के वाइस चेयरमैन की नियुक्ति दिल्ली कैबिनेट के द्वारा की जाती है और इसे हटाने का अधिकार भी केवल डीडीसीडी के चेयरमैन को है।

मुख्यमंत्री ने लिखा है कि डीडीसीडी, सरकार की एडवाइजरी बॉडी है जो विकास कार्यों को लेकर अपने सुझाव सरकार को देती है। फैसले लेने में उसकी कोई भूमिका नहीं होती है। डीडीसीडी के वाइस चेयरमैन को दिल्ली सरकार के मंत्री का समकक्ष दर्जा जरूर दिया गया है, लेकिन उसकी पावर किसी मंत्री की पावर से अधिक नहीं है।

केवल उन्हें मिलने वाले मानदेय के पेमेंट और प्रोटोकॉल के उद्देश्य से यह दर्जा दिया गया है। तमाम कानूनों के आधार पर मुख्यमंत्री ने अरविंद केजरीवाल की सिफारिश को पूरी तरह से खारिज करते हुए प्लानिंग विभाग से अपने 17 नवंबर के आदेश और उसके आधार पर की गई कार्रवाई को तुरंत वापस लेने का निर्देश दिया है।

# भाजपा की 'भारी मशीनरी' ने एमसीडी चुनाव को मुश्किल बना दिया था : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के प्रचार के दौरान तैनात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भारी मशीनरी ने इसे आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा अब तक लड़ा गया सबसे कड़ा मुकाबला बना दिया था। उन्होंने भाजपा पर दुष्प्रचार फैलाने के लिए मीडिया पर दबाव बनाने का आरोप लगाया।



नवनिर्वाचित पार्षदों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि आप ने सकारात्मक राजनीति की और हमारे काम के बारे में बात की। उन्होंने दावा किया, यह चुनाव बहुत-बहुत मुश्किल था। कुछ लोग कहते हैं कि यह आसान चुनाव था लेकिन ऐसा नहीं है। जिस तरीके से उन्होंने हमारे खिलाफ साजिश रची और जिस तरीके से हमारे खिलाफ सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किया, उससे यह हमारे द्वारा अभी तक लड़ा गया सबसे मुश्किल चुनाव था।

केजरीवाल ने कहा, प्रचार के दौरान भाजपा द्वारा तैनात भारी मशीनरी ने इसे आप के लिए अब तक का सबसे कड़ा चुनाव बना दिया था। जेल में बंद मंत्री एवं आप नेता सत्येंद्र जैन के कथित वीडियो के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने हमारे खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने के लिए मीडिया पर दबाव बनाया।

आप प्रमुख ने कहा, हम सकारात्मक राजनीति करते हैं और अपने काम के बारे में बात करते हैं। भाजपा ने फर्जी वीडियो और जेल में बंद एक ठग के पत्रों के जरिए हमें अपने काम के बारे में चर्चा नहीं करने दी। उन्होंने आरोप लगाया, इसके अलावा उन्होंने हमारे खिलाफ मीडिया पर दबाव बनाया, मीडिया को धमकाया और दुष्प्रचार अभियान चलाया। हर सुबह नौ बजे कोई नया फर्जी वीडियो आता था।

आप ने राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को नगर निगम में भाजपा से सत्ता छीन ली थी। केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने एमसीडी के 250 में से 134 वार्ड जीते हैं जबकि भाजपा को 104 वार्ड में जीत मिली।

# निर्वाचित आप पार्षदों से केजरीवाल ने किया संवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव जीतने के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने विधायकों और नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ संवाद किया। उन्होंने नवनिर्वाचित पार्षदों से कहा कि भाजपा के लोग आप लोगों को खरीदने की कोशिश करेंगे, फोन आने लगे हैं। मुझे उम्मीद है कि कोई नहीं बिकेगा। आप लोग हीरा हो। अपने फोन रिकॉर्डिंग पर लगा लो। कोई आकर मिले, तो धीरे से इनकी भी रिकॉर्डिंग कर लो। इनकी कुरीतियां जनता के सामने लाना जरूरी है। किसी का सामने से फोन आए, तो आतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश और आदिल को बताएं।

दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में पार्षदों से संवाद के दौरान अरविंद केजरीवाल ने निगम पार्षदों को बताया कि दिल्ली में 12 जोन हैं। इस लिहाज से 3-3 जोन की जिम्मेदारी अतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और आदिल को दी गई हैं, जो निगम पार्षदों के साथ मिलकर इलाके में काम हो, ये सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि ये सबसे मुश्किल चुनाव था। सात मुख्यमंत्री, 17 केंद्रीय मंत्री और सांसदों को लगाया था। साथ ही मीडिया की बांह मरोड़ कर आम आदमी पार्टी को बदनाम करने की भी कोशिश की गई। रोजाना सुबह फर्जी वीडियो जारी किए।

हम सोचते थे कि 9 बजे प्रेस वार्ता करके दिल्ली के मुद्दे को बताएंगे, लेकिन उन्होंने सत्येंद्र जैन को जेल में डाल दिया। मनीष सिसोदिया और कैलाश गहलोत पर कार्रवाई की। हमने इस किस्म का युद्ध किसी के साथ नहीं किया। हमें बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। बीजेपी वाले अपने को ईमानदार और आप को चोर नहीं कह रहे थे। वो कह रहे थे कि बीजेपी भी चोर है। आप भी चोर है। इनका ऑपरेशन शुरू हो गया कि आप ईमानदार नहीं है। उन्होंने कहा कि इन सारे दुष्प्रचार के बावजूद जनता ने हमें वोट दिया। पिछले कुछ सालों में जो कमाया है, उसका फल मिला, लेकिन अगले पांच साल में ऐसा कुछ करना कि विश्वास मजबूत हो। ऐसा न हो कि विश्वास कम न हो। जनता का प्यार बढ़ना चाहिए।

जनता एमसीडी में भ्रष्टाचार से दुखी है। ये लोग हर काम के लिए पैसे लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पार्षदों से हाथ जोड़कर निवेदन है कि मैंने अपनी जिंदगी में सब कुछ देखा है। खूब पैसे कमा सकता था, लेकिन मैंने झुग्गियों में एनजीओ में काम किया। मुख्यमंत्री बनकर पैसा कमा सकता था। लेकिन कुछ नहीं किया। मेरा चरित्र मुझे आगे लेकर जाएगा। यहां से आगे का रास्ता आपके ऊपर है। ईमानदारी से सेवा नहीं करोगे, तो टिकट भी जाएगी और जनता भी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो आदमी पैसा खाता है, वो काम नहीं कर सकता। ये एक लत होती है। इस लत को मत लगा लेना। सीबीआई और ईडी वाले बाद में आएंगे, लेकिन पहले आपकी इज्जत खराब हो जाएगी। मनीष सिसोदिया और हमने ईमानदारी से काम किया है और हमें कोई बेइमान नहीं मान रहा। केजरीवाल ने एमएलए और पार्षदों को मिलकर काम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अगर आपस में लड़ाई होगी तो विधायक और पार्षद दोनों का सर्वे खराब हो जाएगा।

# बुजुर्ग के पीछा करने पर स्कूटी छोड़कर भागे बदमाश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में बुजुर्ग के पीछा करने पर बदमाश स्कूटी छोड़कर भाग गए। दरअसल बदमाशों ने बुजुर्ग से मोबाइल झपटने का प्रयास किया, लेकिन वह झपट नहीं सके। बुजुर्ग ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया तो वह घबराकर स्कूटी समेत गिर गए। वह पकड़ने के लिए दौड़े तो बदमाश स्कूटी छोड़कर भाग निकले। पुलिस स्कूटी को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पीड़ित 62 वर्षीय सत्यपाल सिंह कुंडला परिवार के साथ न्यू उस्मानपुर के जगजीत नगर इलाके में रहते हैं। वह एनएचपीएल लिमिटेड कंपनी से सेवानिवृत हैं। सत्यपाल के अनुसार, गुरुवार को वह अपना चश्मा ठीक कराने के लिए ब्रह्मपुरी में गए थे। वहां से लौटते वक्त जब वह डी-ब्लॉक में हर्बल पार्क के पास पहुंचे। तभी पीछे से स्कूटी सवार दो बदमाश आए और उनके हाथ से मोबाइल झपटने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने अपना मोबाइल अंदर की तरफ कर लिया। बदमाशों के हाथ में मोबाइल नहीं आया। उन्होंने शोर मचाया तो बदमाश घबराकर स्कूटी समेत गिर गए। भागकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। ऐसे में बदमाश बचने के लिए स्कूटी को वहीं छोड़कर भाग निकले। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूटी को कब्जे में ले लिया। जांच के दौरान स्कूटी उत्तर नगर इलाके से चोरी की निकली। पुलिस घटना स्थल की सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# दिल्ली की 250 किलोमीटर लंबी सड़कों का होगा सौंदर्यीकरण

❍ 16 सड़कों पर सैंपल डिजाइन के बाद पहले चरण में सौंदर्यीकरण का बजट तैयार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी की सड़कों को यूरोपियन तर्ज पर विकसित करने के लिए 16 सड़कों का सैंपल डिजाइन तैयार होने के बाद सरकार ने 250 किलोमीटर सड़क के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। यह वो सड़कें हैं जिनकी चौड़ाई 45 मीटर या उससे ज्यादा है। लोक निर्माण विभाग ने सड़कों के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रस्ताव तैयार करके कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

विभाग की कोशिश है कि इस माह के अंत तक सड़कों के सौंदर्यीकरण योजना को लेकर निविदा जारी कर दी जाए। दिल्ली सरकार कुल 540 किलोमीटर सड़कों को यूरोपियन तर्ज पर विकसित करना चाहती थी। डिजाइन पर अंतिम फैसला लेने के लिए 16 सैंपल सड़कों को तैयार किया गया। यह सड़कें रिंग रोड पर मायापुरी से मोती बाग, मूलचंद से आश्रम तक, ब्रिटानिया चौक से आउटर रिंग रोड, वजीराबाद गांव से रिंग रोड तक, नेल्सन मंडेला मार्ग पर टीकरी बॉर्डर से टीकरी मेट्रो स्टेशन तक, अरबिंदो मार्ग पर, मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन रोड समेत अन्य को तैयार किया गया है। दिल्ली में 16 जगहों पर इन सैंपल डिजाइन को तैयार करने में कुल 200 करोड़ रुपये के करीब खर्च आया है। सैंपल डिजाइन के बाद सरकार ने जिन 250 किलोमीटर लंबी सड़क के सौंदर्यीकरण की योजना बनाई है, उसमें करीब 4200 करोड़ रुपये खर्च आएगा। सड़कों के सौंदर्यीकरण के साथ उसके अगले 10 साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी भी निजी एजेंसी को दी जाएगी। उस पर करीब अतिरिक्त 4000 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। कैबिनेट से मंजूरी के बाद इस पर आगे काम बढ़ाया जाएगा। इन 250 किलोमीटर सड़कों के सौंदर्यीकरण के बाद जो परिणाम निकल कर आएंगे। उसके बाद 540 किलोमीटर से बची हुई 30 से 45 मीटर चौड़ी 290 किलोमीटर लंबी सड़कों के सौंदर्यीकरण की योजना आगे बढ़ाई जाएगी।

सैंपल सड़कों की देखभाल निजी एजेंसी करेगी : लोक निर्माण विभाग नई सड़कों के सौंदर्यीकरण के साथ सैंपल डिजाइन के रूप में तैयार सड़कों के देखभाल की जिम्मेदारी भी निजी एजेंसी को देगी। वह सड़कों की मरम्मत, पेड़ पौधे का भी ख्याल रखेगी। निजी एजेंसी को काम देने के लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। सरकार की कोशिश है कि निर्माण करने वाली एजेंसी ही उसका ख्याल रखे। उसमें सड़कों के रखरखाव, मरम्मत से लेकर उसकी सफाई की जिम्मेदारी भी होगी।

## एक नजर

### दिल्ली के हरि नगर में शातिर स्नैचर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्दी बढ़ने के साथ ही चोरी की घटनाओं में भी बढ़ोतरी होने लगी है. हालांकि, वेस्ट जिला पुलिस इसको लेकर इलाके में मुस्तैदी दिखा रही है. इसी क्रम में हरी नगर चौकी पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो स्नैचिंग के साथ घरों में भी चोरी को अंजाम दिया करता था.

इस बारे में वेस्ट जिले के डीसीपी घनश्याम बंसल ने बताया कि हरी नगर चौकी के इंचार्ज एसआई सचिन, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार और हेड कॉन्स्टेबल बाबूलाल के साथ हरि नगर इलाके के स्वर्ग आश्रम के करीब पेट्रोलिंग ड्यूटी कर रहे थे. तभी उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति कंधे पर बैग लेकर जा रहा है. व्यक्ति के हाव भाव संदिग्ध दिखने पर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, जिस पर वह रुकने की बजाय वहां से भागने लगा. इसके बाद पुलिस ने उसका दौड़कर पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया. पूछताछ में उसने बताया कि उसका नाम गुलफाम है और वह सुल्तानपुरी का रहने वाला है. जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उससे महंगे मोबाइल बरामद किए गए. सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने यह हरिनगर इलाके से चोरी किया गया था. इसके बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी गुलफाम को गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी पर पहले से 4 आपराधिक मामले दर्ज है. पुलिस अब इस बात का भी पता लगा रही है क्या आरोपी चोरी और स्नैचिंग की वारदातों को अकेला अंजाम देता था या फिर वह किसी गिरोह के लिए काम करता था.

### सोशल मीडिया पर आई 10वीं, 12वीं परीक्षा तिथि सारणी फर्जी : सीबीएसई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने रविवार को कहा कि सोशल मीडिया पर आई 10वीं, 12वीं की परीक्षा तिथि सारणी (डेट शीट) फर्जी हैं। अधिकारियों ने कहा कि बोर्ड ने अभी परीक्षा तिथि सारणी जारी नहीं की हैं और जल्द ही ये जारी की जाएंगी। बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कई तरह की डेटशीट सामने आई हैं, जो फर्जी हैं। परीक्षा का कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा। छात्र व अभिभावकों को आधिकारिक जानकारी के लिए प्रतीक्षा करनी चाहिए।

### शार्टकट की राजनीति पर लगना चाहिए विराम : गुरमीत सूरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश सिक्ख प्रकोष्ठ के सह संयोजक गुरमीत सिंह सूरा ने महाराष्ट्र में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के उस वक्तव्य का स्वागत किया है जिसमे श्री मोदी ने आह्वान किया शार्टकट की राजनीति मुल्क में बंद होनी चाहिए। प्रधानमन्त्री श्री मोदी ने सभी करदाताओं और खास तर से युवा वर्ग से आह्वान किया जो लोग अपने निजी स्वार्थों के तहत इस तरह की राजनीति करते हैं उनका बहिष्कार करें। गुरमीत सिंह सूरा ने कहा मुफ्त-मुफ्त की राजनीति मुल्क को बर्बाद कर देती है। उन्होंने कहा सरकारों के पास कमाई के सीमित साधन होने के बावजूद कुछ राजनैतिक दल सत्ता प्राप्ति के लिए ओछी चाल चलते हैं जिससे उन्हें सत्ता तो मिल जाती है लेकिन राज्य के आर्थिक हालत बद से बदतर हो जाते हैं। और लम्बे समय तक ऐसा चलने से विकास की गति थम जाती है क्योंकि जब कमाई लुटाई में चली जाती है तो विकास कार्यों के लिए बजट ही ही नहीं बचता। हालत यहाँ तक हो जाती है सरकार के पास अपने कर्मचारियों को देने के लिए वेतन तक के लाले पड़ जाते है। गुरमीत सिंह सूरा ने बताया उन्होंने सिक्ख प्रकोष्ठ की टीम के साथ पूर्वी दिल्ली के गीता कालोनी,कृष्णा नगर,अनारकली प्रीत विहार जगत पुरी वार्ड सहित दिल्ली के कई वार्डों में निगम चुनावों के दौरान तूफानी प्रचार किया।

# सीयूईटी की तैयारी को लेकर शिक्षा निदेशालय ने कसी कमर

❍ परीक्षा की तैयारी के लिए सूक्ष्म स्तर पर मॉक सेशन होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्च शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को विश्वविद्यालयों में दाखिला की राह को आसान बनाया जाएगा। इसके लिए छात्रों को संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की तैयारी कराने को लेकर शिक्षा निदेशालय ने अभी से कमर कस ली है, ताकि छात्र उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला के लिए किसी प्रकार से न चुके।

सर्कुलर के अनुसार सीयूईटी एक नई शुरूआत है। सीयूईटी दाखिला प्रक्रिया की कम जानकारी छात्रों और हितधारिकों की प्रमुख चिंता है। अगर उसको समय पर दुरुस्त नहीं किया जाता है, तो उससे छात्रों के बीच में तनाव का स्तर बढ़ता है। पिछले वर्ष भी शिक्षा निदेशालय की सभी नोडल शाखाओं की तरफ से उचित प्रयास किए गए थे। उनमें से ईबीजीबी भी एक है। जो अगले सत्र के लिए इसी तरह के प्रयास के लिए तैयार है।

**परीक्षा को लेकर नोडल प्रभारी नामित**

सीयूईटी की पूरी दाखिला प्रक्रिया के बारे में सभी हितधारकों को बताने की जरूरत है। खासतौर पर प्रक्रिया के दौरान आने वाले तकनीकी समस्याओं को कैसे दूर किया जाए। बड़े स्तर पर डीयू सहित देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिला के लिए, 12वीं कक्षा के छात्र सीयूईटी के लिए परीक्षा देंगे। इस प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए स्कूल 11वीं के दाखिला प्रभारी को सीयूईटी नोडल प्रभारी नामित किया है।

**मॉक सेशन से तैयार होंगे छात्र**

स्कूल प्रमुख की देखरेख में सीयूईटी सत्र की तैयारी के लिए अभ्यास/मॉक सेशन सूक्ष्म स्तर पर होंगे, जिसकी व्यवस्था प्रभारी करेंगे। कोई भी छात्र पंजीकरण और सीयूईटी के लिए बुनियादी जानकारी से वंचित न रहे।

# अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, 11 लाख रुपये के गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के दक्षिण पूर्वी जिले के एंटी नार्कोटिक्स स्क्वाड की पुलिस टीम ने अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए 11 लाख के गांजे के साथ इसकी तस्करी के आरोप में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान वीर सिंह, राजेंद्र उर्फ राजेश और राजकुमार उर्फ बाबा के रूप में हुई है। इनके कब्जे से 22 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है।

डीसीपी ईशा पांडे ने रविवार को बताया कि दक्षिण पूर्वी जिले में मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए, इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह डागर के नेतृत्व में और एसीपी मनोज सिन्हा की देखरेख में एसआई सुलेमुद्दीन, हेड कॉन्स्टेबल विनोद, हेड कॉन्स्टेबल सुबोध, हेड कॉन्स्टेबल हिदायत, हेड कॉन्स्टेबल महेंद्र एवं कॉन्स्टेबल पंकज की टीम गठित की गई थी. टीम को गुप्त सूचना मिली कि कालिंदी कुंज क्षेत्र में एक व्यक्ति अज्ञात व्यक्ति को मादक पदार्थ बेचने के लिए आने वाला है. इसपर टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आगरा कैनाल रोड, मदनपुर खादर के पास जाल बिछाया. इसके तुरंत बाद टीम की नजर वहां से जा रहे एक व्यक्ति पर पड़ी जिसके हाथ में दो बैग थे. गुप्त मुखबिर ने उसकी ओर इशारा किया और बताया कि वह कथित ड्रग पेडलर है जिसके बाद टीम ने तुरंत उसे पकड़ लिया. जब उसके दोनों बैग की जांच की गई तो उन्होंने 22 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ में उनकी पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी वीर सिंह (पुत्र डालचंद) के रूप में हुई जिसने अपनी उम्र 43 साल बताई. तदनुसारथाना कालिंदी कुंज में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया जिसके बाद आरोपी के निशानदेही पर उसके साथियों राजेंद्र उर्फ राजेश और राजकुमार उर्फ बाबा को भीम बस्ती से गिरफ्तार किया गया.

## दिल्ली शराब घोटाला मामला

# सीबीआई का दल पूछताछ के लिए बीआरएस नेता कविता के घर पहुंचा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का एक दल 'दिल्ली आबकारी नीति घोटाले' के सिलसिले में पूछताछ करने के लिए रविवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के कविता के आवास पर पहुंचा। सीबीआई ने पिछले सप्ताह कविता को सूचित किया था कि जांच एजेंसी का एक दल पूछताछ के लिए 11 दिसंबर को शहर में उनके आवास पर जाएगा।

सीबीआई ने मामले के संबंध में बयान दर्ज करने के लिए कविता को नोटिस भेजा था। कविता ने हाल ही में कहा था कि वह केवल 13 दिसंबर को छोड़कर 11 से 15 दिसंबर तक अधिकारियों से मुलाकात कर पाएंगी। जांच एजेंसी ने आपराधिक संहिता प्रक्रिया की धारा-160 के तहत नोटिस जारी किया था और उनसे उस दिन सुबह 11 बजे 'पूछताछ' के लिए उनकी सुविधा के अनुसार घर का पता बताने के लिए कहा था। सीआरपीसी की धारा-160 के तहत जांच अधिकारी किसी मामले में गवाह के तौर पर किसी भी व्यक्ति को समन भेज सकता है।

'घोटाले' में कथित रिश्वत को लेकर दिल्ली की एक अदालत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल की गई रिमांड रिपोर्ट में कविता का नाम सामने आने के बाद उन्होंने कहा था कि वह किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। सीबीआई ने 25 नवंबर को इस मामले में सात आरोपियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया था।

ईडी ने दिल्ली की एक अदालत में आरोपी अमित अरोड़ा के खिलाफ दाखिल की गई रिमांड रिपोर्ट में कहा था, अब तक की जांच के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं की ओर से विजय नायर ने साउथ ग्रुप नामक एक ग्रुप (जिसका नियंत्रण सरत रेड्डी, के कविता, मागुंटा श्रीनिवास रेड्डी के हाथों है) से अमित अरोड़ा समेत विभिन्न व्यक्तियों के माध्यम से कम से कम 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी।

# डीयू अब तीन साल में भी देगा ऑनर्स की डिग्री




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय तीन साल का विकल्प चुनने वाले छात्रों को भी स्नातक ऑनर्स की डिग्री देगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा एक मसौदे में तैयार किए गए नए मानदंडों के अनुसार, छात्रों को अब चार साल का पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद ही स्नातक ऑनर्स की डिग्री मिलेगी।

इन मानदंडों का उल्लेख चार साल के स्नातक कार्यक्रमों के लिए पाठ्यचर्या और क्रेडिट ढांचे शीर्षक वाले एक मसौदे में किया गया है। सोमवार को अधिसूचित होने की संभावना है, मसौदा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार तैयार किया गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि डीयू का नया चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) अकादमिक वर्ष 2022-23 से लागू किया गया है। इस शैक्षणिक सत्र के लिए विश्वविद्यालय अपने अकादमिक निकायों द्वारा अनुमोदित प्रणाली का पालन करेगा। हम छात्र को तीन साल बाद ऑनर्स की डिग्री देंगे। ज्ञात हो कि इसी साल फरवरी में नई शिक्षा नीति सेल द्वारा तैयार किए गए अंडरग्रेजुएट करिकुलम फ्रेमवर्क-2022 (यूजीसीएफ-2022) को मंजूरी दी थी। चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम एक छात्र द्वारा पूरे किए गए वर्षों की संख्या के आधार पर योग्यता प्रदान करता है।

**शोध का अतिरिक्त वर्ष**

चार साल के पाठ्यक्रम में शोध का एक अतिरिक्त वर्ष शामिल है। यह छात्रों के लिए कई प्रवेश और निकास विकल्पों की भी अनुमति देता है। यदि वे तीन साल से पहले छोड़ देते हैं, तो उन्हें बाहर निकलने के तीन साल के भीतर फिर से शामिल होने की अनुमति दी जाएगी और उन्हें अपनी डिग्री पूरी करने के लिए सात साल की निर्धारित अवधि दी जाएगी।

**कई तरह के हैं पाठ्यक्रम**

एफवाईयूपी के लिए पाठ्यक्रम, जैसा कि दस्तावेज में सुझाया गया है, इसमें प्रमुख स्ट्रीम पाठ्यक्रम, लघु स्ट्रीम पाठ्यक्रम, अन्य विषयों के पाठ्यक्रम और भाषा और कौशल पाठ्यक्रम शामिल हैं।

# दिल्ली में सरिता विहार से लगातार तीसरी बार निर्वाचित निगम पार्षद नीतू मनीष चौधरी हुआ स्वागत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम चुनाव में सरिता विहार में नवनिर्वाचित निगम पार्षद नीतू मनीष चौधरी का सरिता विहार रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यू) के लोगों ने स्वागत किया। नीतू मनीष चौधरी ने दिल्ली नगर निगम चुनाव में सरिता विहार वार्ड से लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है। जीत के बाद चौधरी का सरिता विहार आरडब्ल्यू की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें हमेशा जनता का सहयोग मिलता रहा है और इस बार भी मिला है। मैं क्षेत्र का विकास करती रहूंगी।

सरिता विहार पॉकेट सी के लोगों से किया संवाद : भाजपा के 'सेवा ही संगठन अभियान' के तहत एमसीडी चुनाव जीतते ही सरिता विहार की निगम पार्षद नीतू मनीष चौधरी ने क्षेत्र के लोगों से नए सिरे से संवाद शुरू कर दिया है। इस कड़ी में उन्होंने सरिता विहार पॉकेट सी के सामुदायिक हॉल में आरडब्ल्यू के पदाधिकारियों व स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया। इसके लिए आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता आरडब्ल्यू के अध्यक्ष हरीश कुमार भार्गव ने की.

इस मौके पर नवनिर्वाचित निगम पार्षद नीतू मनीष चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वो सदैव कृत संकल्पित हैं. उनके घर का दरवाजा वार्ड के प्रत्येक नागरिक के लिए हमेशा खुला है. उन्होंने कहा- 'पिछले 10 सालों में क्षेत्र की जनता का जो अपार स्नेह और प्रेम मिला है उसे मैं अभिभूत हूं और इसका कर्ज इस जन्म में उतार पाना संभव नहीं है.'

पीएम के मूलमंत्र पर काम कर रहीं निगम पार्षद : भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश मंत्री एस राहुल ने कहा कि हमारी निगम पार्षद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' पर कार्य कर रहीं हैं और सरिता विहार वार्ड को एक आदर्श वार्ड बनाने में इनकी अहम भूमिका होगी।

# वार्षिक समारोह में साधनहीन विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्तियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा आज अपने 47वें वार्षिक समारोह में साधनहीन विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री व विधवाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। कमर्शियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियागंज में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अभय वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कहा कि तरुण मित्र परिषद गत 47 वर्षों से समाज के पिछड़े व उपेक्षित वर्ग की सेवा सहायता कर रही है, प्रशंसनीय है। निगम पार्षद अलका राघव ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

विशिष्ट अतिथि दिल्ली राज्य उपभोक्ता आयोग के न्यायाधीश सुभाष चन्द्र जैन ने परिषद के कार्यकलापों की प्रशंसा करते हुए कहा कि तरुण मित्र परिषद ने हस्तिनापुर में श्रद्धा सदन का निर्माण करके अपनी सामाजिक गतिविधियों का विस्तार किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद की संरक्षिका सुधा गुप्ता ने की। इस अवसर पर उपस्थित डी.एस.ग्रुप के निदेशक पियूष गुप्ता ने परिषद द्वारा प्रकाशित 47वीं वार्षिक स्मारिका संकल्प और सहयोग का विमोचन किया। परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि परिषद अपने वार्षिक समारोह को भी सेवा सहायता के रूप में मनाती हैं। उन्होंने बताया कि आज इस कार्यक्रम में 400 से अधिक साधनहीन विद्यार्थियों को जीवन पब्लिशिंग हाउस द्वारा जे.पी.एच. की सहायक पुस्तकें, किशोर जैन परिवार के सहयोग से रजिस्टर व कापियां, स्टेशनरी के साथ लगभग 150 साधनहीन, पितृहीन व दिव्यांग विद्यार्थियों को दो लाख रुपए मूल्य की छात्रवृत्तियां प्रदान करने के अतिरिक्त विधवाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य मीनी मेहता, प्रमोद जैन कागजी, भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन सुभाष जैन ओसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। अंत में परिषद के अध्यक्ष मनोज जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के सफल जीवन की कामना की।

# अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में स्ट्रीट क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली पुलिस लगातार पेट्रोलिंग को बढ़ावा दे रही है. इसी कड़ी में रोहिणी जिले की विजय विहार थाना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान एक झपटमार को वारदात को अंजाम देते हुए पुलिस ने मौके से धर दबोचा.

जिले के डीसीपी डॉ. गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि दिल्ली में स्ट्रीट क्राइम के मद्देनजर विजय विहार थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल धरमवीर, साथी स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग कर रहे थे. इस दौरान जब टीम बुध विहार फेज 1 पहुंची तो उन्होंने देखा कि एक बदमाश एक महिला राहगीर का मोबाइल छीनकर भागने की कोशिश कर रहा था. इसपर उन्होंने बदमाश को मौके से ही धर दबोचा. आरोपी की पहचान सुल्तानपुरी निवासी आशु उर्फ निखिल के रूप में हुई है. उसकी तलाशी लेने पर चोरी का मोबाइल सहित एक स्कूटी बरामद की गई, जो कंझावला थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी. जांच में सामने आया है कि आरोपी 13 अपराधिक वारदातों में शामिल रहा है. पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद दो मामलों को सुलझाने का दावा किया है. पुलिस अब आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है मामले की तफ्तीश में जुट गई है.

**शातिर चोर को गिरफ्तार किया**

वहीं रोहिणी जिले के प्रेम नगर थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है. आरोपी की निशानदेही पर दो चोरी के मोबाइल और एक चोरी की मोटर साइकिल भी बरामद की गई. डीसीपी डॉ. गुरइकबाल सिंह सिद्धू से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान दिल्ली के प्रेम नगर निवासी सुमित उर्फ टिट्टू के रूप में हुई है जो कि पहले भी 3 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है.

दरअसल रोहिणी जिले की प्रेम नगर थाने में तैनात एएसआई रमेश और कॉन्स्टेबल जोगेंद्र, किराड़ी इंद्र इंक्लेव के पास पेट्रोलिंग कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने एक संदिग्ध मोटर साइकिल पर आते हुए देखा. पुलिस को देखते ही संदिग्ध बचने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा. इसके बाद जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से दो चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए. वहीं जांच में उसकी मोटरसाइकिल भी चोरी की पाई गई, जिसे जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस ने हाल में ही हुए तीन चोरी के मामलों को सुलझा लिया. फिलहाल प्रेम नगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है.

**मादक पदार्थ की तस्करी**

उधर उत्तरी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल टैटू आर्टिस्ट को कश्मीरी गेट बस अड्डे से गिरफ्तार किया. पुलिस टीम ने आरोपी के पास से 176 ग्राम चरस और 4.60 ग्राम मेथाक्विलोन बरामद किया है. आरोपी का नाम जसराज है जो हिमाचल प्रदेश के कसोल से मादक पदार्थ दिल्ली लाता था और महाराष्ट्र के एक व्यक्ति को भेजता था.

उत्तरी जिले के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली थी की हिमाचल प्रदेश के कसोल से जसराज नाम का एक टैटू आर्टिस्ट मादक पदार्थों की तस्करी करता है और वह कश्मीरी गेट इलाके में आने वाला है. जानकारी सीनियर पुलिस अधिकारियों के साथ साझा की गई जिसके बाद अधिकारियों ने पुलिस टीम का गठन किया गया. मामले में कार्रवाई करते हुए एसआई प्रवीण शर्मा, एएसआई राजू और हेड कॉन्स्टेबल देवेंद्र यादव की टीम ने सादी वर्दी में आरोपी को पकड़ने के लिए ट्रैप लगाया जिसके बाद, बस से उतरते ही पुलिस टीम ने आरोपी जसराज को दबोच लिया.

# एकदिवसीय 'आर्ट एन्ड क्राफ्ट' इंटरस्कूल प्रतियोगिता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समर फील्ड्स स्कूल कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली द्वारा विद्यालयीन प्रांगण में विविध स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी उत्साहजनक उपस्थिति एवं प्रतिभागिता से प्रतियोगिता को साकार एवं सफल रूप दिया। प्रतियोगिता की मुख्य प्रेरणा श्रोत विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता करुणाकरण एवं अन्य विद्यालयों से पधारे शिक्षक गणों के कर-कमलों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन किया गया। प्रतियोगिता में दस विद्यालयों ने प्रतिभागिता ली। सभी विद्यालयों ने नामांकन प्रक्रिया द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया।

एकदिवसीय 'आर्ट एन्ड क्राफ्ट' इंटरस्कूल प्रतियोगिता में छात्रों ने लग्न एवं रुचि से अपनी चित्रकला का प्रदर्शन किया। छात्रों ने उन पलों का भरपूर आनंद लिया। कला विभाग ने बैडमिंटन प्रांगण को भव्य चित्रों द्वारा हर ओर से सुशोभित किया। कार्यक्रम में आमंत्रित एवं निर्णायक मंडल में शामिल अतिथि गण भारत के जाने-माने कला महानुभाव एवं प्रसिद्ध चित्रकार हर्ष लूंबा, संजीत सिंह एवं सुषमा शर्मा रहे। सभी विभूतियां अपने कला कार्य क्षेत्र में 'मास्टर ऑफ फाइन आर्ट' की उपाधि के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा एवं सम्मान प्राप्त हैं। विख्यात विभूतियों से सुशोभित निर्णायक मंडली ने समस्त विद्यालयों के कला एवं क्राफ्ट कार्य के निरीक्षण के पश्चात निम्न विद्यालयों को ट्रॉफी सम्मान से विभूषित किया गया।

# परिषदीय शिक्षकों का अंतः जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण प्रस्ताव जारी होते ही शिक्षकों में दौड़ी खुशी की लहर

**सवांददाता।**




- पारस्परिक अंतः जनपदीय तबादले साल में होंगे दो बार
- आवेदन में त्रुटि होने पर नहीं हो सकेगा संशोधन
- गर्मी व जाड़ों की छुट्टियों में जारी होगा स्थानांतरण आदेश
- प्राइमरी के शिक्षकों के लिए विषय की बाध्यता नहीं
- उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समान पद व समान विषय वाले शिक्षकों के ही होगें तबादले

लखनऊ। बहुप्रतीक्षित बेसिक शिक्षा विभाग की अंतः जनपदीय पारस्परिक तबादला नीति का प्रस्ताव जारी होते ही परिषदीय विद्यालयों के सभी शिक्षकों में खुशी की लहर है। सभी शिक्षक अभी से अपने सभी प्रपत्रों को इकट्ठा करके आवेदन की तिथि का इंतजार कर रहे हैं। फ़िलहाल मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद तबादला प्रक्रिया शुरू होगी। प्रस्ताव के अनुसार बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के अंतःजनपदीय पारस्परिक तबादले साल में दो बार हो सकेंगे। इसके लिए शिक्षक पूरे साल आवेदन कर सकेंगे लेकिन स्थानांतरण आदेश शीतकालीन या गर्मी की छुट्टियों में जारी किए जाएंगे और इसी समय उन्हें कार्यमुक्त किया जाएगा।

इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बुधवार को शासन को प्रस्ताव भेज दिया है।

प्रदेश में कई वर्षों से जिले के अंदर तबादले नहीं हुए हैं। इससे जिले के अंदर ही शिक्षकों को 70 से 120 किमी तक की यात्रा रोज करनी पड़ती है। कई बार शिक्षक जल्दबाजी में हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। इन समस्याओं को देखते हुए महानिदेशक ने प्रमुख सचिव को स्थानांतरण हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा है मुख्यमंत्री की स्वीकृत के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**समिति का होगा गठन**

शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण के लिए जिला स्तर पर डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। समिति में जिला विद्यालय निरीक्षक को सदस्य, बीएसए को सदस्य सचिव और बीएसए दफ्तर के वित्त एवं लेखाधिकारी को सदस्य नियुक्त किया जाएगा।

**पारस्परिक स्थानांतरण हेतु अनुमन्य श्रेणियां**

प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक का दूसरे प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक या उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तबादला किया जा सकेगा।

सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय का सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय में ही तबादला हो सकेगा।

उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक का दूसरे उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर समान विषय होने पर ही तबादला हो सकेगा।

उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक का तबादला दूसरे उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर होगा लेकिन संविलियन वाले विद्यालयों में यह मानक लागू नहीं होंगे।

आवेदन पत्र जमा कराने के बाद उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि रहने पर संशोधन या परिवर्तन का मौका नहीं दिया जाएगा।

**शहर से शहर और गांव से गांव में होगा तबादला**

ग्रामीण सेवा संवर्ग के शिक्षकों का पारस्परिक स्थानांतरण एक गांव से दूसरे गांव और नगर सेवा संवर्ग के शिक्षकों का पारस्परिक तबादला शहर के भीतर ही एक से दूसरे स्कूल में हो सकेगा।

**पारस्परिक स्थानांतरण का कार्यक्रम**

पारस्परिक स्थानांतरण के लिए शिक्षक शैक्षिक सत्र के दौरान कभी भी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि से 15 दिन की अवधि में उसका प्रिंट आउट संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। बीएसए की ओर से 15 दिन की अवधि में आवेदन की पात्रता और अपात्रता का परीक्षण संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी से कराया जाएगा।आवेदन का सत्यापन होने के बाद बीएसए की ओर से एक महीने की अवधि में जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर आवेदन पर निर्णय लिया जाएगा। पारस्परिक स्थानांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति 15 दिन की अवधि में जिला स्तरीय समिति के समक्ष पेश की जा सकेगी। स्थानांतरण आदेश ग्रीष्मावकाश और शीतकालीन अवकाश में जारी किए जाएंगे।

## यमुना के शुद्धिकरण के लिए ब्रज वासियों को होना चाहिए संकल्पित : इंद्रदेव

मथुरा/ **सवांददाता।** कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में परिक्रमा मार्ग जुगल घाट पर शुक्रवार को प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता इंद्र देवेस्वरा नंद महाराज एवं उनके अनुयायियों के द्वारा यमुना पूजन किया गया। जिसमें इंद्र देवेस्वरा नंद महाराज के द्वारा यमुना शुद्धिकरण के लिए आह्वान किया गया। वही यमुना शुद्धिकरण पर बोलते हुए इंद्र देवेस्वरा नंद महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की प्यारी यमुना महारानी का शुद्धीकरण होना बहुत ही आवश्यक है। आज के समय में यमुना बहुत ही करुणामई स्थिति में है और सभी वृंदावन वासियों को मिलकर यमुना शुद्धिकरण के लिए आगे आना चाहिए। सभी ब्रजवासियों को मिलकर यमुना शुद्धिकरण करना चाहिए और यमुना को फिर से निर्मल और स्वच्छ बना देना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि हमारे आश्रम में जब कभी भी श्रीमद्भागवत कथा आयोजन किया जाता है, तो सर्वप्रथम महारानी यमुना का पूजन किया जाता है, क्योंकि यमुना महारानी के पूजन करने मात्र से भगवान श्री कृष्ण की कृपा की प्राप्ति होती है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्री किशोरी सेवा धाम में सात दिनों तक श्रीमद्भागवत गीता का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन यमुना महारानी की शुद्धिकरण के लिए आह्वान किया जाएगा और गरीब ब असहाय लोगो की नियमित रूप से निरंतर चलने वाली सेवा निरंतर जारी रहेगी और भीषण सर्दी को देखते हुए निरंतर असहाय लोगों को गर्म कपड़े और कंबल भी वितरण किए जायेंगे। वही पुणे से आए मुख्य यजमान मनोज अग्रवाल ने विधि विधान से पूजन किया। साथ में यात्रा में मदन ताखा, गगन, हर्षित, संत दीपक महाराज, महेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को सब्सिडी पर मिलेंगे ड्रोन, खेत में घुसे बिना देंगे 'दवा खाद'



सरकार ने योजना के अंतर्गत मांगे हैं आवेदन, एनजीओ भी होंगे पत्र

मथुरा/**सवांददाता।** खेतों में किसान ड्रोन से रासायनिक खाद और कीटनाशकों का छिडकाव कर सकेंगे। सरकार सब्सिडी पर किसानों को ड्रोन उपलब्ध करा रही है। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। एनजीओ भी इस योजना में आवेदन करने के पात्र होंगे। बड़े क्षेत्र में एक जैसी बीमारी अथवा टिड्डी दल के आक्रमण से निपटने में यह तकनीक किसानों को बहुत मदद करेगी। उप कृषि निदेशक राम कुमार माथुर ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा एफपीओ किसान सहकारी समितियों एवं कृषि स्नातकों की कीटनाशकों एवं लिक्विड फर्टिलाइजर के छिड़काव इत्यादि कृषि कार्यों के लिए कृषि ड्रोन अनुदान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। आवेदनकर्ता के पास पासपोर्ट होना अनिवार्य है। इच्छुक एफपीओ किसान सहकारी समितियों एवं कृषि स्नातक जिनके पास पासपोर्ट उपलब्ध है वह पांच दिवस के अन्दर आवेदन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन कीटनाशकों, उर्वरकों का छिडकाव होते हैं किसान उनका अलग अलग छिड़काव करते हैं। उस पर खर्च ज्यादा आता है। कई एंजाइम के स्प्रे ड्रोन के द्वारा किए जा सकें। टिड्डी दल के हमले को भी रोकने में किसानों को मदद मिलेगी। यह योजना अभी शुरुआती चरण में है। इसके लिए किसान या एनजीओ अप्लाई करेंगे। इस योजना की कार्य योजना जैसे आएगी इसका उन्हें फायदा मिलेगा जो अभी आवेदन करेंगे हैं। एक अनुमान के तहत प्रोजेक्ट कॉस्ट 10 लाख रुपये तक आ सकती है, हालांकि इसे लेकर अभी कुछ ठीक से नहीं कहा जा सकता है। आवेदन करने वालों में से योजना के लिए पत्र व्यक्तियों और संस्थाओं का चयन किया जाएगा। आवेदनक के लिए पासपोर्ट लगाना अनिवार्य है, यह किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को उडाने के लिए लागू होने वाले सभी नियम यहां भी लागू होंगे।नियम भी लागू होंगे।

## नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या में मृत्यु दण्ड की सजा सुनाई

### मथुरा में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने सुनाई सजा

मथुरा/**सवांददाता।** मथुरा में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट की अदालत ने दुष्कर्म और हत्या के मामले में चार्जशीट दाखिल होने के 26 दिन के अंदर आरोपी को दोषी मानते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई है। शुक्रवार को सुनाए गए फैसले में 45 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु ने बताया कि मृतका की मां ने थाना जैंत में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उपमन्यु ने बताया कि वहीं अभियुक्त पर लगे अर्थदंड में से 80 प्रतिशत धनराशि मृतका के माता पिता को दी जाएगी। अभियुक्त के वकील योगेश तिवारी ने कहा कि अभियुक्त ने अपना जुर्म कबूल कर लिया थाए इसलिए यह सजा हुई है। सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। अभियुक्त न्यायिक अभिरक्षा में है। इस निर्णय की प्रति उच्च न्यायालय इलाहाबाद को मृत्युदंड की पुष्टि के लिए भेजी जाएगी। जिसके मुताबिक 13 अक्टूबर 2022 की शाम जैंत निवासी युवक सतीश उनकी 10 वर्षीय बेटी को घुमाने के बहाने ले गया। उसने दुष्कर्म के बाद बेटी की हत्या कर शव को पीएमबी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास जंगल में फेंक दिया जिसे पुलिस ने बरामद किया था। 14 अक्टूबर को बच्ची के पिता द्वारा थाने पर तहरीर दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या की गयी है पिता की तहरीर के आधार पर थाना जैंत पर मुकदमा संख्या 486ए 2022 धारा 363ए 376 एबी 302ए 506 भादवि व 5यएमद्धए 6 पोक्सो एक्ट बनाम अज्ञात के पंजीकृत हुआए विवेचना प्रभारी निरीक्षक अरुण पंवार को सौंपी गई। थाना जैंत पुलिस द्वारा अन्दर 24 घन्टे में इस घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त सतीश पुत्र बुद्धाराम निवासी विजयनगर कॉलोनीए कृष्णा नगर थाना कोतवाली मथुरा को गिरफ्तार किया था।

## छात्रा ने काटा बवाल, पुलिस को घंटों छकाया

**सवांददाता।**

चंदौली। पीडीडीयू नगर के एलबीएस में पढ़ने वाली एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने गुरुवार को जमकर बवाल काटा। सड़क पर धरने पर बैठ गई। भाई भी उसके साथ सड़क पर लेट कर प्रदर्शन करने लगा। दोनों आनलाइन की बजाए काउंटर से प्रवेश शुल्क लेने की मांग कर रहे थे। छात्रा का आरोप है कि आनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करने में चार सौ रुपये अतिरिक्त खर्च हो रहे हैं। छात्रा को मनाने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। जबकि उसके भाई को हिरासत में ले लिया गया। काफी मान मनौव्वल और अन्य छात्रों के मनाने पर छात्रा किसी तरह शांत हुई। इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई।

लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा अपने भाई के साथ अचानक धरने पर बैठ गई। कालेज प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आफलाइन प्रवेश शुल्क जमा करने की मांग पर अड़ गई। उसने कालेज के छात्र नेताओं को भी खूब कोसा और भला.बुरा कहा। कई छात्र नेता खुद छात्रा की इस हरकत का विरोध करने लगे। छात्रा का आरोप है कि आनलाइन फीस जमा करने से चार सौ रुपये का अतिरिक्त खर्च आ रहा है जो सरासर गलत है। पुलिस ने सड़क जाम करने के आरोप में छात्रा के भाई को हिरासत में ले लिया जबकि काफी समझा बुझाकर छात्रा को शांत कराया।

## अवैध मिट्टी खनन का जिम्मेदार कौन

### रात के अंधेरे में मिट्टी भरे ट्रैक्टरों की दौड़ होती शुरू



कोंच चौराहे से निकलते ट्रेक्टर

जालौन/ **सवांददाता।** मिट्टी के अवैध कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। दिन के उजाले तथा रात के अंधेरे में यह व्यापार फल फूल रहा है। नगर में चल रहे मिट्टी के मामले में स्थानीय प्रशासन भी ढुलमुल रवैया अख्तियार किए हुए हैं। सूचना देने के बाद भी जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे है जिसके कारण यह कारोबार खूब फल फूल रहा है। मिट्टी का कारोबार नगर में लगातार चल रहा है। सत्ता परिवर्तन के साथ इस कार्य में लोग जरूर बदल गए हैं किन्तु धन्धा लगातार चलता रहा। औरइया मार्ग पर प्रतापपुरा के पास जे सी बी मशीन लगातार लगाकर मिट्टी की खुदाई हो रही है तथा ट्रेक्टरों से ढुलाई हो रही है। मिट्टी माफ़ियाओं के होसले इतने बुलन्द हो गए हैं कि पहले यह कार्य रात के अंधेरे में होता था अब वही कार्य दिन के उजाले में हो रहा।औरइया मार्ग वर्षों से मिट्टी की अवैध खुदाई चलते हुल्की माता मंदिर का अस्तित्व भी खतरें में पड़ता नजर आ रहा है। मंदिर के बगल में अवैध रूप से नाला पर पुल बनाकर मिट्टी का व्यापार किया गया । लगातार चल रहे व्यापार के कारण खेत तालाब से ज्यादा गहरे हो गए हैं जिसके कारण उर्वरा शक्ति समाप्त हो रही है तथा आसपास के किसान परेशान हैं क्योंकि बरसात में उनके खेतों की उपजाऊ मिट्टी बरसात में पानी के सहारे बह जाती है।नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिट्टी की अवैध खुदाई चल रही है। मिट्टी के कार्य में लगे लोग मिट्टी का व्यापार कर पैसा कमाने में लगे हैं तो जिम्मेदार जानकार भी अनजान बने हुए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा कि मिट्टी कर मुक्त है माफ़िया इसकी आड़ में मिट्टी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चला रहे हैं।

### ओवरलोडिगं कर रहे मिट्टी के ट्रेक्टर

जालौन(उरई)। सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के यातायात नियमों का पालन कराने का प्रयास कर रही है। वहीं नगर में मिट्टी के कारोबार में लगे ट्रेक्टर ट्राली हमेशा ओवरलोडिगं करके चलते हैं। मजे की बात तो यह है कि कोतवाली के सामने से मिट्टी के ओवरलोड ट्रेक्टर ट्राली निकलते हैं। इसके बाद भी उनके खिलाफकार्रवाई नहीं की जा रही है।

## वैटेरिनरी में मनाया गया पाई का स्थापना दिवस

**सवांददाता।**

मथुरा। वैटेरिनरी विश्वविद्यालय के भैषज्य गुण एवं विष विज्ञान विभाग द्वारा प्रोबॉयोटिक एसोसियेशन ऑफ इण्डिया (पाई) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे पोटेन्षियल ऑफ प्रोबॉयोटिक इन हेल्थ एण्ड न्यूट्रिशन विषय पर राष्ट्रीय संवाद आयोजित किया गया। राष्ट्रीय संवाद की अध्यक्षता मथुरा वैटेरिनरी विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रोबॉयोटिक एसोसियेशन ऑफ इण्डिया (पाई) के अध्यक्ष प्रोफेसर डा. एके श्रीवास्तव ने की। प्रोफेसर डा. एके श्रीवास्तव द्वारा अपने व्याख्यान मे प्रोबॉयोटिक की महत्ता एवं मानव स्वास्थ्य मे बहु आयामी उपयोगिता पर बल दिया। इस संवाद में याकुल्ट नेस्ले एवं एनडीआरआई करनाल जैसे उच्च कोटि के औद्योगिक एवं शिक्षण व शोध संस्थानों के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा प्रोबॉयोटिक का शोध आधारित लाभ एवं इसके विभिन्न शारिरिक तन्त्रों पर उपयोगी परिणाम से सभी को अवगत कराया गया। संवाद में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिकों एवं छात्र छात्राओं ने ऑनलाईन माध्यम से प्रतिभाग किया। इस संवाद का मुख्य लक्ष्य जनमानस में प्रोबॉयोटिक की महत्ता तथा उसकी स्वास्थ्य बर्धक क्षमता को स्थापित करना रहा। इस अवसर पर प्रोफेसर पीके शुक्ला, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा संकाय, दुवासु मथुरा, डा. सर्वजीत यादव, डा. अतुल प्रकाश, डा. सोमेन चौधरी एवं डा. अमित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## एसआरबीएस ग्रुप आयोजित करेगा तीन दिवसीय उड़ान 2022

**सवांददाता।**

- तीन दिन तक चलेंगे 48 प्रतियोगिता
- पचफेड़वा, अहरौरा, सिकंदरपुर के सीबीएसई के छात्र लेंगे भाग-एएमडी

चकिया। एसआरवीएस ग्रुप आफ एजेकुशन इंस्टियूट द्वारा स्व. राम विलास सिंह शिक्षण संस्थान सिकंदरपुर के परिसर में तीन दिवसीय उड़ान 2022 आयोजित किया जायेगा। इसे फ्लाइंग स्पोर्ट डे के रुप में मनाया जायेगा। जिसमें 48 प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी। पचफेड़वा, अहरौरा और सिकंदरपुर के सीबीएसई व पीजी से लेकर 9 व 11 तक के छात्र छात्राएं भाग लेंगी।

यह आयोजन एसआरवीएस सिकंदरपुर में आयोजित किया जायेगा। जिसका शुभारंभ 15 दिसंबर को किया होगा। 17 दिसंबर तक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। उड़ान 2022 के तहत कबड्डी, 50, 100, 200, 400 मीटर छात्र.छात्राओं का दौड़, खो.खो, दिस्कस 60 फीट, लांग जंप, हाई जंप, डीवेट, क्रीज, डांस सहित अन्य प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। विद्यालय के एएमडी श्यामजी सिंह ने बताया कि एसआरवीएस के ब्रांच पचफेडवां, अहरौरा व सिकंदरपुर के पीजी से लेकर सीबीएसई तक के छात्र छात्राएं प्रतियोगिता में भाग लेंगी। जिसमें 10 व 12 के छात्र छात्राएं भाग नहीं लेंगे।

## राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सवांददाता।**



उरई। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार जनपद जालौन के उरई शहर में स्थित इस्लामिया इण्टर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस/राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी अलकमा अख्तर द्वारा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा भेदभाव उन्मूलन के विषय में जागरूकता बढ़ाना महिलाओं का अभद्र प्रतिनिधि निषेध अधिनियम 1986 राष्ट्रीय महिला आयोग हेल्पलाइन नंबर 7827 170 170, चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर 1098,महिला हेल्पलाइन नंबर 1090,थाने में कार्यरत महिला हेल्पडेस्क का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूक तथा महिला कल्याण विभाग में चल रही समस्त योजनाएं निराश्रित विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को आर्थिक एवं कानूनी सहायता और सखी वन स्टाप सेंटर से संबंधित सभी सुविधाओं के बारे में छात्राओं को जागरूक किया गया एवं योजनाओं के पैंपलेट वितरित किए गए। छात्राओं को यह भी बताया कि महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष समझा जाए, बेटा बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव ना किया जाए और बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया जाए व लिंग भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त करने व महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा तथा भेदभाव को समाप्त करने के लिए सभी छात्राओं को जागरूक किया गया स कार्यक्रम में कालेज के प्रधानाचार्य माजिद खान एवं सह अध्यापक इलियास खान,नसीम खान, सह अध्यापिका फ़रहा नाज, कुरेशा, शाहिना,अंजुम, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहित कुमार, महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वयक नीतू देवी तथा महिलाएं, बालक/ बालिकाएं आदि लोग उपस्थित रहे।

## कानपुर मेट्रो के कार्य में तेजी को लेकर एमडी सुशील कुमार ने हर्ष जताया

### कानपुर की जनता को जल्द से जल्द बेहतर ट्रांसपोर्ट सुविधा देने के लिए कानपुर मेट्रो में काम बहुत ही तेजी से चल रहा है।

**सवांददाता।**




कानपुर। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई महानगरों के बाद कानपुर महानगर में भी मेट्रो का जाल बिछाने के लिए पूरी तरीके से तैयार एमडी सुशील कुमार की टीम। एक हजार मीटर की टनल बनकर तैयार हो गई है भारत माता की जय वंदे मातरम् के नारों के साथ। कानपुर मेट्रो के कार्य में तेजी को लेकर एमडी सुशील कुमार ने हर्ष जताया। कानपुर की जनता को जल्द से जल्द बेहतर ट्रांसपोर्ट सुविधा देने के लिए कानपुर मेट्रो में काम बहुत ही तेजी से चल रहा है। कानपुर महानगर का चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन भूमिगत रहेंगे जिसको लेकर 1000 मीटर की टनल को बना कर तैयार किया जा चुका है । इस अवसर पर कानपुर मेट्रो कार्पोरेशन के एमडी सुशील कुमार ने हर्ष जताया और उन्होंने बताया की कानपुर मेट्रो प्रोजेक्ट में एक हजार मीटर के टनल को बना लिया गया है और उन्होंने आगे बताया कि इसी तरीके से आगे वाले सेक्शन को भी बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूमिगत टनल 4 सेक्शन को मार्च तक पूरा कराये जाने का लक्ष्य है जोकि अपने आप में एक विश्व कीर्तिमान होगा। इसलिए सभी जरुरी कार्यों को मार्च तक तेजी से कराने का प्रयास किया जायेगा जिससे विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जा सके।

## व्यापार कर की टीम के छापे की अफ़वाह के चलते व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों को किया बंद

जालौन(उरई)/ **सवांददाता।** गुरुवार को नगर में व्यापार कर टीम आने अफ़वाह फैली। अफ़वाह के बाद बड़े व्यापारियों ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद किया तथा छोटे व्यापारी भी दुकानों को खोलते बंद करते रहे। बुधवार को जनपद समेत प्रदेश में व्यापार कर टीमों ने छापामारी की थी। इस छापेमारी के दौरान व्यापार कर टीम ने नगर में देवनगर चौराहे पर स्थित एहसान टायर वालों के यहां छापामारी की थी तथा दुकान व गोदाम की जांच के आवश्यक कागत ले गये थे। इस कार्यवाही के बाद नगर के व्यापारी चौकन्ना हो गये थे।इस कार्यवाही के दौरान नगर के अधिकांश बड़े प्रतिष्ठानों में ताला डल गया था। गुरूवार को नगर में फ़िर से व्यापार कर टीम के आने की झूठी सूचना फैल गयी। टीम आने की सूचना पर लगभग पूरे दिन नगर के व्यापारिक बड़े प्रतिष्ठान बंद रहे। छोटे दुकानदार भी खोलते बंद करते हैं। दुकानदारों ने न छापने की शर्त पर बताया कि व्यापार कर की टीम के आने की सूचना पर दुकानें बंद कर रखी है। कौन मुसीबत हाथ में ले। इससे अच्छा है कि दुकान ही बंद कर दो। गुरुवार को झंडा चौराहा, पत्थर वाली गली, प्रेस गली, बस स्टैंड, स्टेट बैंक कोतवाली मार्ग, छत्रसाल मार्ग, पानी की टंकी के आसपास समेत नगर के अधिकांश स्थानों पर स्थित बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों में ताले लटके रहे। व्यापार कर अधिकारी शेखर सिंह ने बताया कि गुरुवार को जालौन नगर में व्यापार कर की कोई ठोम नहीं गयी थी न ही नगर में कोई जांच हुई है।



छापामारी

# उत्तर प्रदेश महराजगंज के फरेंदा नौगढ़ मार्ग एन एच 730 पर ग्रामीणों ने धानी मेन चौराहा किया जाम

एनसीआर समाचार



उत्तर प्रदेश महराजगंज जनपद के थाना बृजमनगंज अन्तर्गत ग्राम हथीगढ़वा के टोला रखौना गांव का एक युवक प्रदीप पुत्र जोखन उम्र 25वर्ष एक वैवाहिक कार्यक्रम से वापस अपने घर लौट रहा था। कि अचानक रास्ते से ही बैसार के कुछ लोग उस युवक को टांग कर खेत में उठा ले गए और बुरी तरह मारे पीटे जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग दौड़े की इतने में सभी आरोपी छोड़ कर फरार हो गए। उक्त आरोप लगाते हुए पीड़ित के पिता जोखन ने बताया कि इस मामले को लेकर थानाध्यक्ष को सूचना दिया लेकिन थानाध्यक्ष ने कार्यवाही करने के बजाय उल्टे हमारे ही पक्ष के लोगो को थाने में बैठा दिया तथा गाड़ी चालान करके भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। वही थानेदार से न्याय न पाने व थानेदार अजीत सिंह द्वारा पीड़ित परिजनो के साथ अभद्र व्यवहार से क्षुब्ध होकर आक्रोशित ग्रामीणों ने उस घायल युवक को एक चारपाई पर रखकर धानी हाइवे की तरफ जाम के लिए चल दिए है। और धानी मुख्य मार्ग को लगभग 1 घंटा 30 मिनट तक जाम करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मौके पर थानाध्यक्ष बृजमनगंज पहुंचकर मान मनौवल करने लगे लेकिन जनता थानेदार व आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पर अड़ी रही।

थानेदार ने जनता के आक्रोश को शान्त करने के बजाय उपस्थित नवयुवकों को ही धमका डाला

जहां राष्ट्रीय राजमार्ग के जाम से लोगो का आवागमन बाधित था लोगो के अन्दर आक्रोश था पुलिस के व्यवहार से क्षुब्ध होकर नारेबाजी कर रहे थे वही थानाध्यक्ष ने खरी खोटी सुनाते हुए यह तक कह डाला कि जितने लोग हो मुकदमा लिख दूंगा न तो नौकरी कर पाओगे न ही चैन से रह पाओगे, तो सीओ फरेन्दा ने मीडिया को बयान देने से साफ इंकार कर दिया।

उक्त पूरे प्रकरण में चक्का जाम से आमजनमानस को जहां कठिनाइयों का सामना करना पड़ रह था। वहीं सीओ फरेन्दा कोमल प्रसाद मिश्र मौके पर पहुंचकर मामले को सुलझाने में लगे रहे, लेकिन जब मीडिया ने सवाल पूछना चाहा तो साफ तौर पर उनका कहना था कि पूरे प्रकरण की जानकारी ही नहीं है। इसलिए मैं मीडिया को क्या बताऊं। वहीं मीडिया का कहना था कि, जब पूरे प्रकरण की जानकारी सीओ फरेन्दा को है ही नहीं तो कैसे मामले को सुलझा कर जाम खत्म कराए।

# राजस्थान के जोधपुर में महिला की संदिग्ध मौत पर परिजनों ने मोर्चरी के बाहर किया हंगामा, शव उठाने से किया इंकार

एनसीआर समाचार



जोधपुर जिले के पीपाड़ शहर की एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत को लेकर मथुरादास माथुर अस्पताल की मोर्चरी के बाहर गतिरोध गुरुवार को भी जारी रहा। पति के पकड़े जाने के बाद सास व ससुर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे रहे, जिसकी वजह से दूसरे दिन भी शव नहीं उठाया गया।

पीपाड़ शहर निवासी मिनाक्षी पत्नी हरीश जाजड़ा गत 19 नवम्बर की रात संदिग्ध हालात में बीमार हो गई थी। ससुराल वाले उसे पीपाड़ के अस्पताल ले गए थे, जहां से उसे एमडीएम अस्पताल रैफर किया गया था, लेकिन ससुराल वाले उसे बनाड़ रोड पर निजी अस्पताल में ले गए थे, फिर उसे वहां से घर ले गए थे।

मायके वालों को पता चला तो उन्होंने 20 नवम्बर को मिनाक्षी को एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां बुधवार को उसकी मृत्यु हो गई थी। उधर, मृतका के मायके वालों ने 23 नवम्बर को महिला थाना ग्रामीण में दहेज के तंग व प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया था।

पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है, जबकि सास व ससुर पकड़े नहीं जा सके हैं। इन दोनों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन दूसरे दिन भी मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे रहे।

पुलिस की समझाइश पर मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन सास-ससुर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन ने शव नहीं उठाया।

# आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं मे अधिक से अधिक कमी लाने के लिए दिलाई शपथ

एनसीआर समाचार




मध्य प्रदेश शासन प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 9 दिसंबर शुक्रवार को सुरक्षित सफर व यातायात नियमों का पालन करने के लिए जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय एवं समस्त थाना, चौकी में दिलाई गई शपथ।

शासन प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज 9 दिसंबर शुक्रवार को सुरक्षित सफर व यातायात नियमों का पालन करने के लिए जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय एवं समस्त थाना, चौकी में शपथ दिलाई गई, आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं में अधिक से अधिक कमी लाने के शपथ जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी (भापुसे) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद ने कार्यालयिन स्टॉफ को शपथ दिलाई गई।

यह है शपथ

मैं शपथ लेता हूं/लेती हूं, कि...

सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखूंगा / रखूंगी।

यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन कराऊंगा / करवाऊंगी।

दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनूंगा / पहनूंगी।

कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाऊंगा / लगाऊंगी।

कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊंगा / चलाऊंग।

वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करूंगा / करूंगी।

मैं हमेशा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता दूंगा / दूंगी।

सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा/रहूंगी।

साथ ही सभी जन सामान्य नागरिकों से राजगढ़ पुलिस की अपील है कि वाहन चलाते समय उक्त सभी नियमों का करने कर सुरक्षित यात्रा करें।

# राजस्थान में महिला नीति के संयुक्त तत्वाधान में व्याख्यान का आयोजन

एनसीआर समाचार




राजस्थान के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली में 9 दिसंबर को महिला प्रकोष्ठ एवं महिला नीति के संयुक्त तत्वाधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रथम वक्ता के रूप में संदीप आर्य ने ऑरगेनिक कृषि के विषय पर बोलते हुए कहा कि खेती संभवत सबसे प्राचीन व्यवसायों में से एक है। प्रारम्भ में कृषि में कृत्रिम उरर्वको का प्रयोग नही होता था। इस प्रकार की कृषि मानवीय स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए उपयोगी थी।

सभ्यता के विकास, जनसंख्या वृद्धि के साथ-साथ कृषि में रासायनिक खादों का प्रयोग बढ़ने से उत्पादन में तो वृद्धि हुई लेकिन इसके साथ-साथ मृदा शोषण, मानवीय स्वास्थ्य आरै पारिस्थितिकी सन्तुलन को अत्यधिक मात्रा में हानि हुई। उन्होने जैविक खेती की महत्ता के साथ कृषि ऋण के बारे में विस्तार से बताया। इसमें रासायनिक तत्वों का प्रयोग नहीं किया जाता तथा परम्परागत तकनीकों के साथ नई तकनीको का प्रयोग करके मृदा की उर्वरता, मानवीय स्वास्थ्य और पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है।

द्वितीय वक्ता के रूप में महिला प्रकोष्ठ एवं महिला नीति की संयोजिका डॉ. शोभा जौहरी ने पी.पी.टी. के माध्यम से रेशम कीट पालन के विभिन्न चरणो एवं रेशम के कीटों से रेशम प्राप्ति की विधि से खेती करने की जानकारी देते हुए कहा कि रोजगार के साथ व्यवसाय की दृष्टि से इस खेती को लाभदायक बताया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आर. पी. गुर्जर ने तकनीकी महत्ता पर बल देते हुए हर प्रकार के व्यवसायक के विकास के लिए तकनीकी को रोजगार सम्बर्द्धन में सहायक के साथ दूसरो को भी रोजगार दे सकते है।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. शोभा जौहरी ने किया डॉ. पदमा मीणा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम अवसर पर डॉ. मधु नागर, डॉ. अनुपमा सक्सेना, विजय सिंह, प्रो. सुरेश कुमार यादव, डॉ. बाबू लाल मीणा, डॉ. प्रभात शर्मा, श्री सज्जन सिंह एवं बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गोंडा में नए-नए तरीके का इस्तेमाल करके एटीएम से लाखों रुपए उड़ा ले गए चोर

एनसीआर समाचार




गोंडा जिले के अलग-अलग स्थानों पर एटीएम से पैसे चोरी की यह पहली घटना है। जिस तरह इस घटना को अंजाम दिया गया है, उससे साफ है कि चोर एटीएम की पूरी प्रक्रिया से वाकिफ हैं। वह मशीन की एक-एक हरकतों को भली-भांति जानते है।

शातिर चोर सबसे पहले बेखौफ होकर एटीएम में जाते हैं। दो एटीएम मशीन के अंदर कार्ड डालकर स्वाइप करते हैं। इसके बाद एटीएम का कैश बॉक्स ऊपर आ जाता है।

रुपए निकालने के लिए एटीएम कार्ड को स्वाइप करते थे। इसके बाद जब कैश बॉक्स ऊपर आता था, उसी समय पेचकस की मदद से रुपए निकासी मार्ग की जगह पर लगे सेफ्टी ढक्कन को टेढ़ा करके मशीन के अंदर हाथ डाल एक बार में घटना के समय युवक एटीएम के अंदर किस एटीएम से कितनी रकम निकाली गई है, इसकी जानकारी अभी नहीं हो पाई है। छानबीन चल रही है।

गोंडा जिले के थाने की पुलिस अब भी इस प्रकरण में कुछ खास नहीं कर पाई है। हास्यास्पद तो यह भी है कि शहर के करीब 50 एटीएम में करोड़ों रुपए रहते हैं। इस तरह की घटनाओं से आखिर इन एटीएम की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है। न बैंक सामने आ रहे हैं, न ही पुलिस जिम्मेदारी लेने को तैयार है। यह भी साफ है कि बीच-बीच में एटीएम तक चुरा ले जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

गोंडा क्षेत्र की एटीएम से रुपए चोरी करनेवाले मशीन की प्रक्रिया से पूरी तरह वाकिफ लग रहे हैं। अब पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि एटीएम में घुसने वाले दोनों शातिर चोर कौन थे।

ऐसे हुआ खुलासा

एटीएम की मेंटेनेंस के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मशीनों की पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को एटीएम की पूरी सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं हुई हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपियों की संख्या अधिक हो सकती है।

# जेसीआई ने बस्ती वआगरा एवं झाँसी में संयोजक नियुक्ति करते हुए कार्यभार सौंपा

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सलाह से राष्ट्रीय संयोजक डॉ.आर सी श्रीवास्तव ने संगठन के विस्तारीकरण के क्रम में मंडल संयोजक के पदों पर तीन वरिष्ठ पत्रकारों अजय कुमार त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी एवं विष्णु कांत तिवारी को क्रमशः आगरा, बस्ती एवं झाँसी मंडल के लिए नई जिम्मेदारी सौंपी है संगठन ने इनसे अपेक्षा की है कि उक्त पदाधिकारी सक्रिय रहकर अपनी जिम्मेदारीयों का निर्वहन करेंगे एवं अपने अपने मंडल के जिलों में कार्यकारिणी घोषित करते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

बता दे कि आगरा मंडल संयोजक अपने मंडल के फिरोजाबाद मथुरा आगरा मैनपुरी सहित अन्य जनपदों में भी संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे वहीं झांसी मंडल से नवनियुक्त संयोजक को झांसी ललितपुर जालौन वा बस्ती मंडल संयोजक को बस्ती सिद्धार्थनगर व संत कबीर नगर जनपदों का संगठन के विस्तार का कार्यभार सौंपा गया है इनके मनोनयन के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना वा राष्ट्रीय संयोजक डॉ आर सी श्रीवास्तव ने अपेक्षा की है कि यह अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए संगठन के लिए समर्पित होंगे।

वहीं उत्तर प्रदेश की संयोजक दिव्या ने इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जर्नलिस्ट कौंसिल ऑफ इंडिया भारत में पत्रकारों के हितों की रक्षा करने वाली एकमात्र संस्था बनकर उभरी है जिसपर देश के पत्रकार विश्वास करते हैं, उन्होंने बताया कि संगठन पत्रकार हितों के प्रति पूरी तरह से सजग व समर्पित है हम पत्रकार की समस्याओं को लेकर सदैव सजग रहते हैं।इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी समेत प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी नए पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया है एवं उज्वल भविष्य की कामना की है।

# अजमेर दरगाह क्षेत्र के अन्दर कोट इलाके में रहने वाला एक नाबालिक लड़का हुआ लापता

एनसीआर समाचार




राजस्थान में समेदिन पुत्र सलीम खां निवासी अलवर के है जो की पिछले 15 सालों से हाल निवासी कादिर मंजिल झरनेश्वर रोड अन्दर कोट अजमेर रहे है इन्होंने अपने बच्चे की लापता होने की पूरी जानकारी पुलिस थाना दरगाह में विस्तार के साथ लिखा है, जिसके बाद पुलिस अपनी जांच में जुट गई है। उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मै समय दीन पुत्र सलीम खाँ जाति मेव उम्र 32 साल निवासी सीखा हमासी अलवर हाल निवास कादिर मंजिल झरनेश्वर रोड के अन्दर कोट में पिछले 15 वर्षो से निवास कर रहा है।

वहीं 3 दिसंबर को मेरी पत्नी रूकसीना व मेरा बेटा साहिल अलवर से आये थे और 4 दिसंबर को मेरी दुकान जो अन्दर कोट में है उस दुकान पर था जो वापस घर नहीं पहुंचा। मेरे बच्चे का नाम साहिल उम्र 11 वर्ष कद 4 फिट, रंग गोरा, शरीर मध्यम है जिसने काला टाउजर बलैक चेक की शर्ट पहन रखी है व लाल रंग की जैकेट डाल रखी है। कार्रवाई करने की कृपा करे।

कार्यवाही पुलिस थाना दरगाह जिला अजमेर 06 दिसंबर 2022 समय 10-45 एएम प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त हस्तलिखित तहरीर रिपोर्ट समेदीन खान पुत्र सलीम खान जाति मेव मुसलमान उम्र 32 साल निवासी सोरवा पोस्ट हरसोली पुलिस थाना खेरथल जिला अलवर हाल किरायेदार कादिर मंजिल झरनेश्वर रोड अन्दर कोट अजमेर पुलिस थाना दरगाह जिला अजमेर (राज.) ने उपस्थित थाना होकर पेश की गई।

मजमून रिपोर्ट में यह मामला अपराध धारा 363 आईपीसी के हद में आना पाया जाने पर उपरोक्त धारा में अभियोग पंजीबद्ध कर तफ्तीश उगमा राम उति के जिम्मे की गई। रिपोर्ट की नकल सीसीटीएनएस पोर्टल पर कर प्राप्त एफआईआर नम्बर पृथक से पृष्ठ पर अंकित किया जायेगा। प्रतिया एफआईआर नियमानुसार जारी की गई। एक प्रति एफआईआर मुस्तगीस को निशुल्क दी गई।

# उत्तर प्रदेश के बांसडीह बलिया की जनता सड़क की समस्या से परेशान

एनसीआर समाचार



बांसडीह बलिया जनता की सबसे मुख्य समस्या सड़क है। जब तक सड़क सही नहीं होगी किसी के चेहरे पर खुशी की अनुभूति नहीं होगी। बलिया जिले के सभी विधानसभा में सबसे पिछड़ा अगर कोई विधानसभा है, तो उस विधानसभा का नाम बांसडीह विधानसभा है। विधानसभा चुनाव से पहले सड़कों को लेकर कई बार आवाज उठाई गई और समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कराया गया। सड़कों की स्थिति को विस्तार पूर्वक बताया गया, फिर भी इससे जुड़े अधिकारी गण और नवनिर्वाचित विधायिका केतकी सिंह और जिलाधिकारी महोदया सौम्या अग्रवाल आप लोगों का ध्यान इन जर्जर सड़कों पर जल्द क्यों नहीं आकृष्ट होता है।

रेवती हरिहां मार्ग की स्थिति बहुत ही जर्जर है जिस पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ अगर किसी की गंभीर स्थिति आ जाए उस वक्त लोग सोच में पड़ जाते हैं कि, हॉस्पिटल कैसे लेकर चलें सड़क की स्थिति ऐसी बनी हुई है। बहुत सारी घटनाएं तो इन सड़कों की वजह से हो रही है अतः गंभीरता से इस विषय पर विचार किया जाए अन्यथा जनता भी ज्यादा दिनों तक चुप नहीं बैठने वाली है। बहुत बड़े आंदोलन के बारे में जनता सोच रही है अतः आप लोगों से विनम्र निवेदन है की जनता को हो रही समस्याओं से जल्द से जल्द निजात दिलाएं।

## एक नजर

### गुजरात चुनाव में गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रभारी डॉ रघु शर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारियों के क्षेत्रों में मिली कांग्रेस को सफलता



एनसीआर समाचार

गुजरात चुनाव 2022 में गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रभारी डॉ रघु शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ नेताओ के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अजमेर के मनोनीत पार्षद फैसल चिश्ती के प्रभार क्षेत्र की विधानसभा लूनावाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी गुलाबसिंह ने भाजपा प्रत्याशी जिग्नेश कुमार को 26,620 वोट से हराया। मनवर कायमखानी के प्रभार क्षेत्र की विधानसभा दानीलिमड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश परमार ने भाजपा प्रत्याशी नरेश व्यास को 13487 वोट से हराते हुए जीत हासिल की। कवि लोकेश चारण के प्रभार क्षेत्र की विधान सभा आंकलाव से कांग्रेस प्रत्याशी अमित चावडा ने भाजपा प्रत्याशी गुलाबसिंह को 2729 वोट से हराया।

### उत्तर प्रदेश फरुर्खाबाद के लिंजीनगंज मार्केट में बड़े वाहनों के प्रवेश से अक्सर लगता जाम, ट्रैफिक पुलिस नहीं देती ध्यान




एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद लिंजीनगंज मार्केट में बड़े वाहनों के प्रवेश से अक्सर जाम की समस्या होती है। जबकी कादरी गेट चौराहे पर सुबह 8 बजे से ही नो एंट्री का बोर्ड लग जाता है। उसके बावजूद भी वाहनों का प्रवेश नहीं रुकता। कादरी गेट चौराहे से कुछ ही कदम की दूरी पर ही चौकी है। चौकी इंचार्ज समेत इस जाम पर आज तक किसी भी पुलिस कर्मचारी की नजर नही पड़ी, जिसकी वजह से आम जनता और स्कूल के बच्चों को कभी दिक्कत झेलनी पड़ती है। एंबुलेंस भी अक्सर ही जाम में फंसी रहती है। वहीं लिजिनगंज मार्केट से कुछ ही कदम की दूरी पर सिविल अस्पताल है। मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में भी काफी देर तक जाम का सामना करना पड़ता है।

### महाराष्ट्र के वर्धा में कांग्रेस कार्यकताओं ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



एनसीआर समाचार

महाराष्ट्र के वर्धा में सिंदी रेलवे ने बीते दिन शुक्रवार को गांधी चौक पर समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कर संग्राहकों के साथ-साथ गांव के गणमान्य ग्रामवासियों ने गांधी चौक पर मिष्ठान्न वितरण कर सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया एवं उनकी सराहना की। उन्हें जन्मदिन की अनंत बधाई व शुभकामनाएं दी। कांग्रेस सिंधी शहर के अध्यक्ष जगदीश बोरकुटे ने कांग्रेस पार्टी को कैसे मजबूत किया जाए, इस पर बातचीत की और गजानन खंडले ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही सभी का आभार व्यक्त किया कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्य और गांव के नागरिक सहभागी थे। दिलीप बडवाइक, दीपक अग्रवाल, वैभव कुकुटकर, प्रवीण वाघमारे, भगत बाबरे, सुधीर जिल्पे आदि।

### गुजरात चुनाव में भाजपा के डॉ जयराम भाई गामित की प्रचण्ड जीत पर जमकर हुई आतिशबाजी



एनसीआर समाचार

भारतीय जनता पार्टी की गुजरात विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर लोगों ने डॉ जयराम भाई गामीत, जिन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 172 निझर विधानसभा क्षेत्र से 24000 मतों से पराजित किया। उन्हें केसरिया दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही साथ लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की। लोगों के द्वारा आतिशबाजियां की गई और जमकर पटाखे भी फोड़े गए। इस खुशी पर लोगों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई और राहगीरों को भी लड्डू बांटे। इस मौके पर कैयुम मालिक, मयंक जोशी, निखिल सेठ सोनगढ़ नगरपालिका कर्मचारी अध्यक्ष, अनिल तिवारी, योगेश मराठे, प्रकाश गमित सोनगढ़ नगरपालिका कॉरपोरेटर, राजू भाई भवसर, लल्ला एवम् मोबीन अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।


### राजस्थान में 8 बजे से बंद होगी शराब की दुकानें

एनसीआर समाचार

राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में शराब की दुकानों के बंद होने का समय रात 8 बजे है, जिसका सख्ती से पालन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि रात 8 बजे के बाद शराब की दुकानें खुली पाई गई तो उस इलाके के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अशोक गहलोत ने कहा कि बच्चों और युवाओं में ड्रग्स लेने की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है।

# विधायक गोविंद रानी पुरिया के नेतृत्व में जनाक्रोश यात्रा का पांचवा दिन का प्रारंभ किया

एनसीआर समाचार



राजस्थान मनोहर थाना विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र मनोहर थाना ने जन आक्रोश यात्रा का प्रारंभ ग्राम पंचायत बडबद से क्षेत्रीय विधायक गोविंद रानी पुरिया के नेतृत्व में जनाक्रोश यात्रा का पांचवा दिन का प्रारंभ किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने बताया कि क्षेत्र के आधा दर्जन ग्राम पंचायत बडबद, कामखेड़ा, जावर, शोरती, चन्दीपुर, अर्जुनपुरा, खेरखेडा क्षेत्र में रैली का क्षेत्रीय विधायक की मौजूदगी में आयोजन हुआ।

रैली के दौरान जनाक्रोश यात्रा रेली प्रभारी बाबूलाल रेनवाल एवं क्षेत्रीय विधायक गोविंद रानी पुरिया ने रेली सहित ग्रामीणों को संबोधन कर मनोहर थाना विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र मनोहर थाना ने जन आक्रोश यात्रा का प्रारंभ ग्राम पंचायत बडबद से क्षेत्रीय विधायक गोविंद रानी पुरिया के नेतृत्व में जनाक्रोश यात्रा का पांचवा दिन का प्रारंभ किया गया।

जनाक्रोश यात्रा रेली प्रभारी बाबूलाल रेनवाल व क्षेत्रीय विधायक गोविंद रानी पुरिया ने रेली सहित ग्रामीणों को संबोधन करते हुए बताया कि राज्य सरकार की विफलता एवं जंगलराज भ्रष्टाचार के खिलाफ हर ग्राम पंचायतों पर जन चौपाल एवं नुक्कड़ सभाएं की एवं राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के सामने उजागर किया। जन आक्रोश यात्रा के माध्यम विधानसभा प्रभारी बाबूलाल रेनवाल ने बताया कि राज्य सरकार ने महिला अत्याचार, सरकारी कार्यालय में शिक्षक, डॉक्टर, कंपाउंडर, नर्स पुलिसकर्मियों की कमी सहित अन्य बातों को जनता के सामने रखा।

क्षेत्र विधायक गोविंद रानी पुरिया ने बताया कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भाजपा सरकार द्वारा बहुत विकास कार्य कराया। आज राज्य सरकार गरीब किसान को यूरिया, बिजली, पानी, राशन समय पर नहीं दे पा रही है। केंद्र सरकार सभी गरीबों के लिए राशन जल जीवन के मिशन के तहत घर-घर नल, राष्ट्र हित में फैसले, राम मंदिर धारा 370 को हटाना व 4 साल में गरीबों को मकान, बिजली-पानी समय पर नहीं दे पाई है। केंद्र सरकार द्वारा की गई गरीब परिवारों के लिए योजनाओं को बताया। साथ ही केंद्र सरकार की उपलब्धियों हेतु पत्र वितरित किए गए। राज्य सरकार की विफलता के शिकायत जन आक्रोश रैली के माध्यम से पत्र प्राप्त हो रहे हैं।

इस मौके पर जनाक्रोश यात्रा संयोजक राधेश्याम दादा, सह संयोजक प्यारेलाल तवंर, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, प्यारेलाल तवंर, उप जिला प्रमुख बैनाथ मीणा, प्रधान प्रतिनिधि पृथ्वी सिंह तंवर, जिला परिषद लाली बाई, दिनेश मंगल, उप प्रधान प्रतिनिधि ललित गुप्ता, मनीषा मीणा, मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह तंवर, मंडल भंवर लाल लोधा, डॉ कल्याणमल गोयल, दान मल बागरी, महामंत्री राजमल पारेता, नीलम वर्मा, किसान मोर्चा ओम प्रकाश तवंर, घासी लाल वेध, भील समाज जिला मंत्री चंद्रप्रकाश, अल्पसंख्यक प्रभारी सोहेल खान, शरीफ मोहम्मद, पूर्व सरपंच विक्रम गुर्जर, जनपद बनवारी लाल, मोहनलाल, भंवर लाल नागर, पिंटू नागर, सुरेश शर्मा घाटोली, बलवंत गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि जुझार सिंह भील, हेमराज लोधा, पूर्व जनपद मोहनलाल लोधा, मांगीलाल पटेल, जेएसएस जीएसएस अध्यक्ष कंचनबाई, रामचंद्र लोधा, भूरी बाई लोधा, पूर्व प्रधान कालू तवंर, घनश्याम भील, जिला परिषद शिव मेरोठा, मनोज अग्रवाल, दिलीप शर्मा, संदीप महेश्वरी, नवीन लोधा, जिला परिषद पवन मेहरा, सरपंच प्रमोद सरपंच प्रतिनिधि, जनपद हजारीलाल, बनवारी लोधा, नंद लाल लोधा, रामस्वरूप, शंकर लाल मीणा, युवा मोर्चा राधेश्याम, भीमराज मीणा, धन रूप लौधा, घनश्याम लोधा, बद्री लाल लोधा, जितेंद्र कुमार, कालू लाल लोधा, राधेश्याम लोधा, राधा कृष्ण, अमर सिंह, बुरा लाल मीणा, रामकिशन लोधा, प्रकाश लोधा, प्रेम नारायण लोधा, पप्पू, विधायक कार्यालय प्रभारी रामविलास लोधा, रामस्वरूप गुर्जर, हेमराज लोधा, परमानंद लोधा, रंगलाल मीणा, रंग लाल भील, दीवान भील, भागीरथ लोधा, ओंकार लाल पटेल, राजू रोहिल्ला, रामकृष्ण, रामकिशन तवंर, उपसरपंच वीरम, रोहित सुमन, योगेंद्र शर्मा, नंद सिंह, विनोद कुमार मुकेश लोधा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजस्थान जोधपुर की एक शादी समारोह में 7 गैस सिलेंडर हुए ब्लास्ट

एनसीआर समाचार



राजस्थान जोधपुर के शादी समारोह में 7 गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने में अफरा तफरी मच गई हादसे में दूल्हे उसके माता-पिता समेत 60 लोग झुलस गए 2 बच्चों की मौत भी हो गई। बता दे कि यह हादसा शेरगढ़ के पास भूंगरा गांव में गुरुवार दोपहर 3:15 हुआ यहां तखत सिंह के घर में शादी समारोह था घर से बरात रवाना होने ही वाली थी तभी अचानक सिलेंडर फट गए और घायलों को जल्द अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की सूचना मिलने पर जोधपुर जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता हॉस्पिटल पहुंचे डॉक्टर एसएन मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल दिलीप कुशवाहा ने बताया कि 60 जख्मी लोगों में से 51 को जोधपुर में महात्मा गांधी अस्पताल में एडमिट करवाया गया, जिसमें से 8 लोग 90% से ज्यादा झूलसे है 48 लोग वार्ड में एडमिट है 1 बच्चा आईसीयू में है जबकि 5 और 7 साल के दो बच्चों की मौत हो गई है।

## क्रिसमस के दिन क्यों होता है सांता का इंतजार

एनसीआर समाचार

नई दिल्लीः 1 नवंबर की आधी रात को घड़ी की सुइयाँ बजती ही ऐसा महसूस हो सकता है कि क्रिसमस पहले से ही चल रहा है। इसके बावजूद, अक्सर उपहार देने और पेड़ों को सजाने के माध्यम से मनाई जाने वाली छुट्टी हर साल एक ही तारीख को पड़ती हैः 25 दिसंबर।

**सांता क्लॉज कौन है ?**



सांता क्लॉज की उत्पत्ति लगभग 280 अ.ऊ में हुई थी, जिस वर्ष सांता निकोलस का जन्म हुआ था। साधु को उनकी धर्म परायणता और दयालुता के लिए जाना जाता था, जिसके कारण उन्हें "बच्चों और नाविकों के रक्षक" के रूप में जाना जाने लगा। साथ ही उनका पर्व 6 दिसंबर को मनाया जाता है।

सांता क्लॉज "रूडोल्फ द रेड-नोज्ड रेनडियर" के प्रसिद्ध रूपांतरण में दिखाई देता है, जो सभी के सबसे प्रसिद्ध रेनडियर की कहानी बताता है और उनकी नौसैनिक शक्ति है, जो क्रिसमस पर सेंटा क्लॉज के रास्ते को रोशन करने में मदद करता है। बता दे कि सेंट निकोलस यूरोप में विशेष रूप से हॉलैंड में एक लोकप्रिय व्यक्ति बने रहे। सांता क्लॉज नाम डच उपनाम "सिन्टर क्लास" से लिया गया है, जो सेंट निकोलस के लिए डच सिंट निकोलस से छोटा है।

सांता क्लॉज का वर्तमान चित्रण 1804 में आया जब न्यू यॉर्क हिस्टोरिकल सोसाइटी के सदस्य जॉन पिंटार्ड ने समाज की वार्षिक बैठक में सेंट निकोलस के वुडकट वितरित किए। इन कट्टों की पृष्ठभूमि में खिलौनों और फलों से भरे स्टॉकिंग्स को प्रदर्शित किया गया है जो एक चिमनी के ऊपर लटका हुआ है, ऐसी कल्पना जिससे हम आज परिचित हैं।

## राजस्थान कोटपूतली के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय में आज मनाया गया विश्व मानवाधिकार दिवस

एनसीआर समाचार




लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली में आज 10 दिसंबर को महाविद्यालय के मानवाधिकार क्लब तथा युवा विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। विश्व मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मानवाधिकारों के समक्ष वैश्विक चुनौतियां विषय पर मुख्य वक्ता डॉ पी.सी. जाट ने वैश्विक मानव अधिकारों की रूपरेखा प्रस्तुत कर वर्तमान में मानवाधिकारों के समक्ष वैश्विक चुनौतियों को बताया।

युवा विकास केंद्र के संयोजक प्रोफेसर सुरेश कुमार यादव ने महाविद्यालय द्वारा मानवाधिकार क्लब के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों तथा युवा विकास केंद्र की भूमिका स्पष्ट की कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ आर.पी. गुर्जर ने वैश्विक मानवाधिकारों का परिचय दिया तथा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर डॉ. आर. के. सिंह डॉ मधु नागर, डॉ प्रभात शर्मा तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्यवीर सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देशराज यादव ने किया।

## अजमेर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों के लिए बने पत्रक का दरगाह का हुआ विमोचन

एनसीआर समाचार



अजमेर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अजमेर शहर द्वारा बनाये गए मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं गहलोत सरकार कुशासन को दशार्ने वाले पत्रक का विमोचन दरगाह के निजाम गेट के सामने अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जन आक्रोश यात्रा संयोजक अरविंद यादव, उत्तर संयोजक स्टेफी चौहान, मौलाना आजाद संस्थान भारत सरकार सदस्य सैयद अफशांन चिश्ती, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शहर अध्यक्ष शफीक खान, पृथ्वीराज मण्डल अध्यक्ष प्रकाश बंसल, महामंत्री भाजपा अजमेर रमेश सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल जयसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, सैयद मेहराज चिश्ती, सैयद सादिक अली, शहजाद खान, आसिफ बख्श, जैनू घोसी, जावेद शैख, इशरत परवीन सहित पार्टी के कई पार्षदगण पद अधिकारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश से 125 कि.मी की दूरी तय कर यूपी से टीकर पहुंची 1600 धान की बोरी

एनसीआर समाचार



उत्तर प्रदेश की धान बिकने के लिए रीवा ना आने पाए इसके लिए नाके लगाए गए हैं। लेकिन इन नाको को पार करते हुए 125 कि.मी दूरी रीवा जिले के टीकर गांव 1600 बोरी, उत्तर प्रदेश की धान कैसे आ गई, यह जांच का विषय है। समर्थन मूल पर बिकने के लिए आई 1600 बोरी धान जप्त तक कर ली गई। यह धान गोविंदगढ़ क्षेत्र के ग्राम टीकर के कटरा मोहल्ला में की गई। उत्तर प्रदेश से यह धान टीकर में कब लाई गई यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

वहीं उत्तर प्रदेश की धान आने की सूचना मिलते ही इसकी जानकारी कलेक्टर मनोज पुष्प को दी गई। कलेक्टर से निर्देश मिलते ही डीएम नान पंकज बोरसे अधीनस्थ अमले के साथ मौके पर पहुंचे। इधर नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी और खाद्य निरीक्षक सुभाष द्विवेदी और विनीत मिश्रा पुलिस के साथ भी मौके पर पहुंचे गऐ। जप्त धान की मात्रा साढे छ सो क्विंटल के आसपास मानी जा रही है।

बताया गया कि प्रशासन को सूचना मिली की ग्राम टीकर में किसी ललई यादव के घर पर उत्तर प्रदेश की धान रखी हुई है। जिस पर डीएम नान? के नेतृत्व में संबोधित विभाग धान जब्ती की कार्रवाई शुरू की। यह ललई यादव के घर पर खुले रुप में 16 बोरी धान रखी हुई है थी। पूछताछ में यादव ने कहा यह धान? उसकी नहीं है। किसी दूसरे की धान उसके के यहां रखी हुई है। ललई यादव उर्फ संतोष यादव ने कहा यह भी जानकारी दी कि उसके पास खेती की जमीन नहीं है।

रीवा जिले में यह सीजन में पहले उत्तर प्रदेश की धान पकड़ी जा चुकी है ?जिसमें स्पष्ट है कि रीवा में उत्तर प्रदेश की धान की आवक नहीं रुकी है। यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में जब धान की आवक रोकने चेक पोस्ट बनाए गए हैं तो उत्तर प्रदेश की धान कौन से रास्ते से रीवा जिले में आ रही है। शंकर दयाल ने रखी धान ललई यादव ने बताया कि धान शंकर दयाल गुप्ता ने उत्तर प्रदेश से लाकर उसके यहां रखी है। मौके में जांच पर पाया गया कि जनवरी में धान मिली व उत्तर प्रदेश की बोरी भी थी। साथी धान में जो मिट्टी या तत्व पाए गए वे रीवा के नहीं है।

परीक्षण करने पर यह पाया गया कि धान उत्तर प्रदेश से लाई गई और इसे समर्थन मूल पर खरीदी केंद्र में बेचा जाना है। । बताया गया कि नागरिक आपूर्ति निगम ने इस मामले में जांच प्रतिवेदन तैयार कर लिये जिसे कलेक्टर को सौंपा जाएगा प्रशासन ने धान सरकारी गोदाम की सुपदेगी मे दे दी है। जप्त धान की कीमत 12 लाख 24 हजार से ज्यादा आंकी गई है। प्रशासन अब यह जानकारी जुटा रहा है कि यह धान उत्तर प्रदेश से टीकर में कब लाई गई और यह धान कौन लेकर आया। इस संबंध में गांव के लोग से भी पूछताछ की जा रही है।

## जादोपूर में पंडित बाल कृष्ण शर्मा नवीन की 126वीं जयंती मनाई गई



एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश ग्राम भ्याना जादोपूर में पंडित बाल कृष्ण शर्मा नवीन की 126वीं जयंती मनाई गई जिसमें स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरूआत पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन पर माल्यार्पण कर मां सरस्वती वंदना के साथ हुई। इंदर सिंह परमार द्वारा पंडित बालक कृष्ण शर्मा नवीन पर प्रकाश डाला एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानीयो के जीवन पर प्रकाश डाला।

वहीं ग्राम भ्याना के माँ विभ्याना स्कूल परिसर में नवीन प्रीतिमां स्थापित करने एवं प्रतिमा के उपर टिन सेट निर्माण करने के लिए मंत्री ने 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। जे.पी खन्ना ने भी संबोधित किया। वहीं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष परशराम धनगर, जिला मंत्री कपिल परमार, बेनीप्रसाद परमार सरपंच मोहन मिस्त्री भ्याना सरपंच अंबाराम देशवाली मंचासीन थे।

इस अवसर पर उमराव सिंह धनगर, अशोक देशमुख, करण सिंह धनगर, मान सिंह धनगर, सुंदर धाकड़, जगदिश धनगर, गोरधन सिंह परमार, सुरेश शर्मा, सतीश सिसोदिया, सरपंच संतोश धनगर रामचंदर धनगर, महेंद्र परमार, हाई स्कूल एवम प्राथमिक विद्यालय भ्याना का समस्त स्टाफ एवं छात्र छत्राए उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अशोक मालवीय ने किया आभार मंडल अध्यक्ष परशराम धनगर द्वारा किया गया।

## संपादकीय

# चुनाव नतीजों के मायने

राजधानी दिल्ली के नगर निगम की सत्ता आम आदमी पार्टी (आप) ने हासिल की है, लेकिन जनादेश 2020 के विधानसभा चुनाव जैसा नहीं रहा है। 'आप' ने भाजपा के 15-साला वर्चस्व को ध्वस्त किया है, लेकिन उखाड़ कर फेंकने का दावा खोखला साबित हुआ है। ऐसी भाषा ही क्यों बोली जाए? नगर निगम चुनाव में 'आप' को करीब 42 फीसदी वोट मिले और उसने 134 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल किया। विधानसभा चुनाव की तुलना में 'आप' के वोट 11 फीसदी घटे हैं। यह बहुत बड़ा आंकड़ा है, लिहाजा सचेत होने का जनादेश मिला है। भाजपा के वोट करीब 3 फीसदी बढ़े हैं और उसके 104 पार्षद जीते हैं। यह एक शानदार पराजय है। केजरीवाल को सचेत हो जाना चाहिए, क्योंकि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सरकार के मंत्रियों-गोपाल राय, कैलाश गहलोत और सत्येन्द्र जैन-के चुनाव क्षेत्रों में भाजपा जीती और 'आप' को एक-एक सीट ही नसीब हुई है। तिहाड़ जेल में बंद मंत्री सत्येन्द्र जैन के इलाके में 'आप' का सूपड़ा ही साफ हो गया है। 'आप' के अमानतुल्ला खां सरीखे विधायकों के क्षेत्रों में भी 'आप' पराजित हुई है।

केजरीवाल को सोचना चाहिए कि भ्रष्टाचार एक प्रमुख मुद्दा है और उस पर जनादेश 'आप' के विपरीत भी जा सकता है। 'आप' का लगातार दावा और सर्वे 230 पार्षद जीतने के थे और भाजपा को 20 पार्षदों तक समेट देने के थे। दोनों संदर्भों में केजरीवाल नाकाम रहे, लिहाजा उन्हें अब मंथन करना चाहिए कि मुफ्तखोरी की योजनाओं और नीतियों के सहारे कब तक जीतने वाली राजनीति की जा सकती है? बहरहाल 'आप' को एक बड़ी उपलब्धि हासिल होती स्पष्ट लग रही है कि शीघ्र ही उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया जा सकता है। दिल्ली और पंजाब में 'आप' की सरकारें हैं। गुजरात में भी उसे करीब 15 फीसदी वोट मिल सकते हैं और दहाई से कम कुछ विधायक भी जीत कर आ सकते हैं। ऐसा जनादेश के शुरूआती रुझानों से स्पष्ट हुआ। हालांकि गुजरात चुनाव का स्वतंत्र और विस्तृत विश्लेषण बाद में करेंगे, लेकिन इतना साफ हो चुका है कि हिमाचल में 'आप' के दावे हवा-हवाई साबित हुए, क्योंकि उसका खाता तक नहीं खुल सका। अलबत्ता कुछ फीसदी वोट तो मिले होंगे। उनके आधार पर 'आप' का राष्ट्रीय पार्टी बनने का रास्ता सुगम जरूर हो सकता है। गुजरात प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का गृह राज्य है और तुलनात्मक दृष्टि से विस्तृत भी है। वहां करीब 53 फीसदी वोट के साथ भाजपा 150 से ज्यादा सीटों पर जीत का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करती हुई लगी। गुजरात में 1985 के चुनाव में मुख्यमंत्री माधव सिंह सोलंकी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 149 सीट हासिल की थी। गुजरात में अभी तक वही रिकॉर्ड रहा है। प्रधानमंत्री आह्वान करते रहे कि इस बार वह कीर्तिमान टूटना चाहिए। लगातार 27 साल की सत्ता के बावजूद सातवीं बार ऐसी जीत अभूतपूर्व और प्रधानमंत्री के प्रति जनता के अगाध विश्वास और व्यापक समर्थन का ही यथार्थ है।

# हिमाचल गुजरात एमसीडी के चुनाव और भारत जोड़ो यात्रा

पिछले कुछ वर्षों से मीडिया में पॉलीटिकल एजेंडा सेट कर दिया जाता है। उसी के अनुसार पूरा एजेंडा काम करता है। एग्जिट पोल और चुनावी सर्वे एजेन्सी की इसमें बड़ी भूमिका होती है। मीडिया द्वारा एक माइंड सेट तैयार कर दिया जाता है। जब चुनाव परिणाम आते हैं तो उसके आसपास ही होते हैं। जीत क्यों मिली हार क्यों हुई इसका ट्रेंड भी मीडिया पहले से ही सेट कर देता है। आम जनता को भी चुनाव परिणाम आने पर उस पर विश्वास होने लगता है। पिछले कई चुनावों में यही ट्रेंड देखने को मिल रहा है।

-सनत जैन-



हिमाचल गुजरात और एमसीडी के चुनाव को मिनी चुनाव के रूप में देखा जा रहा है। इन चुनाव परिणामों का असर 2023 में होने वाले 5 विधानसभा के चुनाव तथा 2024 के लोकसभा चुनाव के परिपेक्षय में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चुनाव परिणाम का जो रुझान एग्जिट पोल में था। लगभग-लगभग वही ट्रेंड चुनाव परिणामों में भी देखने को मिला है। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी 150 सीटों के आसपास चुनाव जीत रही है। हिमाचल प्रदेश में भी एग्जिट पोल और मीडिया ने जो संभावना व्यक्त की थी। उसी के अनुसार कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलता हुआ दिख रहा है। एमसीडी के चुनाव में जरूर एग्जिट पोल के अनुसार आम आदमी पार्टी की सीटे कम हुई है। लेकिन वह स्पष्ट बहुमत से चुनाव जीत गई है। इससे यह कहा जा सकता है कि एग्जिट पोल ने परिणामों को लेकर जो संभावना व्यक्त की थी। ईवीएम मशीन के चुनाव परिणामों ने एग्जिट पोल की संभावनाओं को बनाकर रखा हुआ है।

पिछले कुछ वर्षों से मीडिया में पॉलीटिकल एजेंडा सेट कर दिया जाता है। उसी के अनुसार पूरा एजेंडा काम करता है। एग्जिट पोल और चुनावी सर्वे एजेन्सी की इसमें बड़ी भूमिका होती है। मीडिया द्वारा एक माइंड सेट तैयार कर दिया जाता है। जब चुनाव परिणाम आते हैं तो उसके आसपास ही होते हैं। जीत क्यों मिली हार क्यों हुई इसका ट्रेंड भी मीडिया पहले से ही सेट कर देता है। आम जनता को भी चुनाव परिणाम आने पर उस पर विश्वास होने लगता है। पिछले कई चुनावों में यही ट्रेंड देखने को मिल रहा है।

ईवीएम मशीन को लेकर भी समय-समय पर प्रश्न चिन्ह लगाए जाते हैं। राजनीतिक दलों द्वारा भी विशेष रूप से सत्तारूढ़ राजनीतिक दल द्वारा चुनाव की विश्वसनीयता बनाए रखने और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता बनाए रखने की रणनीति तैयार की जाती है। वह चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। लगभग 1 माह पहले से ही यह तय माना जा रहा था कि गुजरात में आम आदमी पार्टी कांग्रेस के वोट काटेगी। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी 150 सीटों के आसपास जीतेगी। हिमाचल में कांग्रेस बहुत कम सीटों के बहुमत से चुनाव में विजय हासिल करेगी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एमसीडी में बहुमत प्राप्त करेगी। यदि चुनाव परिणाम ऐसे ही आए हैं तो इसमें ईवीएम मशीनें और चुनाव आयोग के ऊपर कोई भी प्रश्न चिन्ह लगाना किसी के लिए भी संभव नहीं होगा। क्योंकि यदि ईवीएम मशीनें या चुनाव आयोग की कोई भूमिका चुनाव को प्रभावित करने की होती। तो हिमाचल में कांग्रेस चुनाव कैसे जीत रही है। वहीं आम आदमी पार्टी दिल्ली में चुनाव कैसे जीतती।

चुनाव परिणाम अब एक प्रबंधन कौशल बन गया है। यह राय भी कहीं ना कहीं बनने लगी है। केंद्र में सत्तारूढ़ दल मीडिया के अधिकांश चैनल चुनावी विशेषज्ञों की बहस कराकर एक माहौल को तैयार करती हैं। एजेंडा तय हो जाता है। उस एजेंडा के अनुसार महीनों दर्शकों तक उन बातों को मतदाताओं के दिमाग में बैठाने की कोशिश की जाती है। जब चुनाव परिणाम आते हैं तो आम जनता भी परिणाम पर विश्वास कर लेती है। जो चुनाव परिणाम आए हैं वह वास्तविक एवं सही होंगे।

बहरहाल जिस तरीके से चुनाव परिणाम 2018 के बाद से आ रहे हैं। उसमें कर्नाटक मध्य प्रदेश गोवा पूर्वोत्तर राज्यों की सरकारों को गिराकर भाजपा ने अपनी सरकार बनाने में सफलता हासिल की है। उसके बाद लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत मिला है। चुनाव के दौरान मत विभाजन के लिए जो एजेंडा चुनाव प्रबंधको द्वारा सेट किया जाता है। वह प्रमाणिक स्वरूप में चुनाव परिणाम में बदल जाता है उत्तर प्रदेश के चुनाव में बसपा ने सपा को हराने में महत्वपूर्ण योगदान अदा किया। गुजरात में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के वोट काटकर भाजपा की जीत में योगदान दिया। हिमाचल में इतने कम बहुमत से कांग्रेसी की सरकार बनेगी। गैर भाजपाई सरकार को चलाना संभव ही नहीं होगा। दलबदल और लोटस ऑपरेशन के जरिए सरकार में फेरबदल करना आसान हो जाता है। इसलिए अब चुनाव परिणाम मतदाताओं के वोट के आधार पर ना होकर चुनाव प्रबंधन मत विभाजन चुनाव आयोग चुनाव के दौरान अनाप-शनाप प्रचार सामग्री और खर्च राजनीतिक दलों के बीच आर्थिक असमानता मीडिया का एकतरफा झुकाव जैसे कारण चुनाव को स्पष्ट रूप से प्रभावित कर रहे हैं।

देश में महंगाई बेरोजगारी काफी तेजी के साथ बढ़ रही है। टैक्स और विभिन्न शुल्क भी लगातार बढ़ते चले जा रहे हैं। आम लोगों की आय घट रही है। खर्चे निरंतर बढ़ रहे हैं। जमीनी स्तर पर मतदाता सरकारों से नाराज दिखते है। जब चुनाव होते है मीडिया जो ऐजेंडा सेट करता है। वही चुनाव परिणाम होते है। सरकार चुनाव परिणामों को अपने नियम कायदे कानून टैक्सेशन और लोकप्रियता से जोड़कर सही ठहराने का काम करती है। धीरे-धीरे विपक्ष की भूमिका लोकतांत्रिक व्यवस्था से समाप्त होती जा रही है। 2014 के बाद सारे देश में एक ही पार्टी बड़ी तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। राजनीति में नैतिकता पूरी तरह से समाप्त हो गई है। चुनाव में जो जीता वही सिकंदर को सही मानते हुए चुनाव जीतने के लिये चुनाव हो रहे हैं। आम आदमी आर्थिक दृष्टि से परेशान हैं। हर राज्य में आर्थिक समस्याओं एवं असंतोष को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। लोगों में सरकार के प्रति जन रोष चुनाव के पूर्व देखने को मिलता है। उसके बाद भी यदि चुनाव एक दल विशेष की सरकारें लगातार चुनाव जीत रही हैं। इससे लोगों का चुनाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी विश्वास कम हो रहा है। इस तथ्य को भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में ध्यान रखना जरूरी है।

# 76 वर्षों से बच्चों के कल्याण के लिए प्रयासरत है यूनिसेफ

-योगेश कुमार गोयल-

यूनिसेफ (यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड) की स्थापना को आज 76 वर्ष हो चुके हैं और इन 76 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। प्रतिवर्ष बच्चों के कल्याण के लिए एक थीम के जरिये यूनिसेफ दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष का विषय बच्चों को पिछले दो वर्षों में महामारी के दौरान हुई रुकावट और सीखने के नुकसान से उबरने में मदद करना है। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य पोषण शिक्षा कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। यूनिसेफ बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध आपदा घोर गरीबी हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे ह्ययूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंडह्ल के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्ष 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। वर्ष 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से ह्यअंतर्राष्ट्रीयह्ल तथा ह्यआपातकालीनह्ल (इमरजेंसी) शब्दों को हटा दिया गया। वर्ष 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम ह्ययूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंडह्ल (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) कर दिया गया लेकिन मूल संक्षिप्त नाम ह्ययूनिसेफह्ल को बरकरार रखा गया। यूनिसेफ का गठन करने में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है।

वर्ष 1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश राजस्थान महाराष्ट्र मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात बिहार झारखंड पश्चिम बंगाल आंध्र प्रदेश तमिलनाडु कर्नाटक असम उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है। बाल विकास और पोषाहार बाल संरक्षण शिक्षा बाल पर्यावरण पोलियो उन्मूलन प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य बच्चे और एड्स सामाजिक नीति नियोजन निगरानी एवं मूल्यांकन हिमायत और भागीदारी आचरण परिवर्तन संदेश आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी स्वच्छता इंफेक्शंस आदि के लिए कैम्पैन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति धर्म राष्ट्रीयता राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था करीब 50 देशों में एचआईवी/एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है।

यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशासनिक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है। संस्था के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं और शेष योगदान निजी समूहों तथा व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से किया जाता है।

यूनिसेफ के लक्ष्यों की एक लंबी सूची है जिसमें न्यूनतम-लागत हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों बच्चों के जीवन को बचाने बच्चों के अवैध व्यापार और शोषण को रोकने तथा मां-बच्चे के बीच एचआईवी/एड्स के संक्रमण को समाप्त करने में सहायता करना शामिल हैं। अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास बुनियादी शिक्षा लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता बच्चों का हिंसा से बचाव शोषण बाल-श्रम के विरोध में एचआईवी/एड्स बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।

# सिद्ध हो मानवाधिकार दिवस की सार्थकता?

-रमेश सर्राफ धमोरा-

कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु प्रजातीय मूल निवास-स्थान भाषा धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार गुलामी और यातना से मुक्ति राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी आजादी बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 70 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं। जिसने समृद्धि प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है।

कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है। क्योंकि मानवाधिकारो से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।

भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी स्वास्थ्य भोजन बाल विवाह महिला अधिकार हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 1415161719202123 24394345 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं।

इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जात के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है।

# कश्मीर में चल रहा संघर्ष ऐतिहासिक

-कुलदीप चंद अग्निहोत्री-

कश्मीर में चल रहे घटनाक्रम को समझने के लिए अरब, तुर्क, मुगल (एटीएम) और कश्मीरी मुसलमानों के बीच सदियों से चल रहे संघर्ष को समझना आवश्यक है। कश्मीर घाटी में एटीएम और कश्मीरी मुसलमानों के भीतरी संघर्ष को समझने के लिए घाटी पर मुगलों के कब्जे से शुरू कर सकते हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए शाहमीर वंश और चक वंश के राज को समझना होगा। शाहमीर वंश स्वात घाटी (स्वात आजकल पाकिस्तान के खैबर पख्तूनखवा प्रान्त का एक जिला है) का था और चक या चक्र गिलगित क्षेत्र के रहने वाले थे। इसलिए यदि कश्मीर घाटी, गिलगित और बलतीस्तान को एक भौगोलिक और राजनीतिक क्षेत्र मान लिया जाए तो कश्मीर में विदेशी राज मुगल काल से शुरू होता है जब अंतर ने इस इलाके पर कब्जा कर लिया था। लेकिन एक बात ध्यान में रखनी होगी कि कश्मीर घाटी में शाहमीर व चक शासन काल में ही अरब सैयद, मध्य एशिया के तुर्क और मुगल घाटी में आ गए थे। कुछ हमलावरों के साथ आए और शेष राज दरबार में नौकरी व रुतबे के लिए आए। इसी कालखंड में इस पूरे क्षेत्र की आबादी को मतान्तरित करके इस्लाम पंथ या शिया पंथ में शामिल करने का अभियान शुरू हो गया था। इसका कारण था कि स्वात व गिलगित के लोग कश्मीरियों से पहले ही मतान्तरित हो चुके थे। 1586 में मुगलों ने कश्मीर घाटी पर कब्जा कर लिया। कश्मीरियों ने इसका शक्ति भर विरोध किया लेकिन विजय मुगलों के हाथ रही। मुगल शासकों ने घाटी में मतान्तरण के काम को और आगे बढ़ाया। दरबार में रुतबे के कारण एटीएम का कश्मीरी लोगों पर दबदबा व आतंक बराबर कायम रहा। ये स्वयं को इस्लाम के रहबर मानते थे, इसलिए मस्जिदों व इवादत खानों पर इन्हीं का कब्जा था। मस्जिदों के माध्यम से एटीएम कश्मीरी मुसलमानों पर मानसिक नियंत्रण रखता था या फिर उनका शोषण करता था। कश्मीर की राजनीतिक सत्ता, प्रत्यक्ष या परोक्ष एटीएम के और मजहबी सत्ता प्रत्यक्ष ही एटीएम के मुल्ला मौलवियों के हाथ आ गई थी। इसलिए कश्मीरी मुसलमान इनके नागपाश को तोड? की या तो हिम्मत नहीं रखते थे या फिर साहस नहीं दिखा पाते थे। लेकिन बौद्धिक दृष्टि से कश्मीरी इन सैयदों, तुर्कों और मुगलों से कहीं आगे थे। कश्मीर को तो वैसे भी सरस्वती का घर कहा जाता है और कश्मीरियों को सरस्वती पुत्र। यह ठीक है कि कश्मीरियों ने इस्लाम पंथ या शिया पंथ को पकड़ लिया था लेकिन इससे उनकी बौद्धिक क्षमता तो नष्ट नहीं हुई थी। बौद्धिक क्षमता में एटीएम के मुल्ला मौलवी, काजी, मुफ्ती, पीरजादे सब देसी कश्मीरी मुसलमानों यानि केएम के आगे बौने पड़ते थे।

इसे कश्मीरियों का दुर्भाग्य ही कहना होगा कि ऐसे मौकों पर कश्मीर के ही कुछ जयचन्दों ने भी कश्मीरियों को मतान्तरित करने वालों का साथ दिया। सूहा भट्ट उनमें से सबसे ज्यादा कुख्यात था। ऐसा भी नहीं कि कश्मीरी युद्ध में निष्णात नहीं थे। उन्होंने मुगलों का डट कर मुकाबला किया था। लेकिन अकबर ने धोखे से कश्मीर पर कब्जा किया। उसके बाद ही मुगलों ने कश्मीरियों को कायर कह कह कर उनमें हीन भावना भरने का मनोवैज्ञानिक प्रयोग जारी रखा हुआ था। लेकिन इस सब के वाबजूद कश्मीर घाटी में एटीएम मूल के मुसलमानों की जनसंख्या 2-3 फीसदी से कभी ज्यादा नहीं रही। नगण्य संख्या के बावजूद 95 फीसदी देसी कश्मीरी मुसलमानों (केएम) पर एटीएम का दबदबा बराबर रहा। परन्तु इस पूरे परिदृश्य में महाराजा रणजीत सिंह और महाराजा गुलाब सिंह के आ जाने से हालात बदल गए। महाराजा रणजीत सिंह ने सप्त सिन्धु क्षेत्र में से विदेशी शासकों को पराजित कर और वहां के छोटे छोटे राजाओं को एक राज्य में मिला कर पूरे पश्चिमोत्तर भारत में एकीकरण व आजादी का बिगुल बजा दिया। गुलाब सिंह का उसने जम्मू के राजा के तौर पर चिनाव नदी के किनारे राजतिलक किया। उसके बाद गुलाब सिंह ने इस पर्वतीय क्षेत्र के छोटे छोटे सामन्तों का एकीकरण शुरू किया। रणजीत सिंह और गुलाब सिंह के इस अभियान से सीमान्त पेशावर से लेकर श्रीनगर तक विदेशी सत्ता उखड़ गई और उसके साथ ही एटीएम का दबदबा भी हवा में झूलने लगा । जम्मू कश्मीर की सत्ता प्रदेश के लोगों के ही हाथ आ गई । गुलाब सिंह रियासत के पहले महाराजा हुए।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# जी-20 वित्त और केंद्रीय बैंकों के उप-प्रमुखों की बैठक मंगलवार से बेंगलुरु में




**नई दिल्ली/ एजेंसी।** जी-20 वित्त और केंद्रीय बैंकों के उप-प्रमुखों (एफसीबीडी) की पहली बैठक 13-15 दिसंबर के दौरान बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। यह बैठक, जो भारतीय जी-20 अध्यक्षता के अंतर्गत वित्त ट्रैक एजेंडे पर चर्चा की शुरुआत को रेखांकित करेगी, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी।

जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के नेतृत्व में जी-20 वित्त ट्रैक, आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर केंद्रित है। यह वैश्विक आर्थिक संवाद और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करता है। वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक 23-25 फरवरी, 2023 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने बाली जी-20 शिखर सम्मेलन के अपने संबोधन में कहा था कि आज आवश्यकता इस बात की है कि विकास के लाभ सार्वभौमिक और सर्व-समावेशी हों। वित्त मंत्रालय ने इस विचार को जी-20 वित्त ट्रैक एजेंडे में शामिल किया है। उन्होंने हमें एक विज़न भी दिया है- भारत यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि जी-20, अगले एक साल में नए विचारों की परिकल्पना करने और सामूहिक कार्रवाई में तेजी लाने के लिए एक वैश्विक ÷सर्वाधिक प्रमुख शक्ति÷ के रूप में कार्य करे।

जी-20 वित्त और केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों की आगामी बैठक की सह-अध्यक्षता आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी. पात्रा द्वारा की जाएगी। इस बैठक में उनके जी-20 सदस्य देशों के समकक्ष और कई अन्य देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के समकक्ष भाग लेंगे, जिन्हें भारत द्वारा आमंत्रित किया गया है।

जी-20 वित्त ट्रैक के तहत वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रमुख प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा होगी, जिनमें वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना, अवसंरचना विकास और वित्तपोषण, सतत वित्त, वैश्विक स्वास्थ्य, अंतर्राष्ट्रीय कराधान और वित्तीय समावेशन सहित वित्तीय क्षेत्र के विषय शामिल हैं।

बेंगलुरु की बैठक में, विचार-विमर्श, भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत वित्त ट्रैक के एजेंडे पर केंद्रित होंगे। इनमें शामिल हैं- 21वीं सदी की साझा वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को फिर से उन्मुख करना, भविष्य के शहरों का वित्तपोषण, वैश्विक ऋण की कमजोरियों का प्रबंधन, वित्तीय समावेश और उत्पादकता लाभ को आगे बढ़ाना, जलवायु कार्रवाई और एसडीजी के लिए वित्तपोषण, गैर-समर्थित क्रिप्टो संपत्तियों के लिए विश्व स्तर पर समन्वित दृष्टिकोण और अंतर्राष्ट्रीय कराधान एजेंडा को आगे बढ़ाना आदि।

बैठक के दौरान, %21वीं सदी की साझा वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों का सशक्तिकरण विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी। हरित वित्तपोषण में केंद्रीय बैंकों की भूमिका पर एक सेमिनार भी आयोजित किया जाएगा।

भारत की जी-20 अध्यक्षता की थीम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य जी-20 वित्त ट्रैक चर्चाओं का मार्गदर्शन करेगी। वित्त ट्रैक की लगभग 40 बैठकें भारत के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएंगी, जिनमें जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठकें भी शामिल हैं। जी-20 वित्त ट्रैक के अंतर्गत होने वाले विचार-विमर्श, अंततः जी-20 राजनेताओं की घोषणा में परिलक्षित होंगे।

भारत ने वर्तमान समय की विभिन्न चुनौतियों के बीच जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है, जिनमें कोविड-19 महामारी से हुई क्षति, तीव्र भू-राजनीतिक तनाव, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा की बढ़ती चिंताएं, बढ़ते ऋण संकट, मुद्रास्फीति के दबाव और मौद्रिक तंगी आदि शामिल हैं। जी-20 की एक प्रमुख भूमिका, ऐसी चुनौतियों से निपटने में मार्गदर्शन प्रदान करना है।

भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, सबसे ज्यादा जरूरतमंद देशों का समर्थन करना और विकासशील देशों की चिंताओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करना; जी-20 के प्रयासों में सबसे प्रमुख होगा। वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक जी-20 वित्त ट्रैक एजेंडे को समावेशी तरीके से आगे बढ़ाएंगे, जिसका उद्देश्य आज की वैश्विक आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बेहतर भविष्य की तैयारी करना है।

# एनडीटीवी का अडाणी समूह की कंपनी को बोर्ड में दो निदेशक नियुक्त करने का 'आमंत्रण'



**नई दिल्ली/ एजेंसी।** एनडीटीवी ने उद्योगपति गौतम अडानी के समूह को अपने निदेशक मंडल में दो 'सीटें' देने की पेशकश की है। एनडीटीवी ने बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत समूह को कंपनी में उसकी निर्गम-पूर्व 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी के एवज में यह पेशकश की है। शेयर बाजारों को भेजी गई सूचना से यह जानकारी मिली है।

अडानी समूह ने टेलीविजन नेटवर्क के संस्थापकों राधिका रॉय और प्रणय रॉय द्वारा समर्थित कंपनी को खरीदकर नई दिल्ली टेलीविजन लि. (एनडीटीवी) में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। इसके बाद, इसने सार्वजनिक शेयरधारकों से अतिरिक्त 26 प्रतिशत हासिल करने के लिए एक खुली पेशकश की।

खुली पेशकश में निवेशकों को एनडीटीवी के शेयर के मौजूदा भाव के मुकाबले कम कम कीमत की पेशकश की गई, इसके बावजूद 53 लाख से अधिक शेयरों की पेशकश हासिल हुई है। यह एनडीटीवी की करीब 8.26 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। एनडीटीवी में अडानी समूह की कुल हिस्सेदारी 37.44 प्रतिशत हो गई, जो संस्थापकों प्रणय रॉय और राधिका रॉय की सामूहिक 32.26 प्रतिशत हिस्सेदारी से अधिक है।

एनडीटीवी के निदेशक मंडल ने नौ दिसंबर, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड को आमंत्रित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उसके पास एनडीटीवी में 29.18 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है। इस आधार पर उसे एनडीटीवी में दो निदेशक मनोनीत करने को आमंत्रित किया गया है।

शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा गया है कि इस नियुक्ति पर 23 दिसंबर, 2022 को होने वाली निदेशक मंडल की अगली बैठक में विचार किया जाएगा।

एनडीटीवी में सबसे अधिक शेयरधारिता होने के कारण अडाणी समूह को समाचार प्रसारण कंपनी का चेयरमैन नियुक्त करने का भी अधिकार मिल गया है। हालांकि, एनडीटीवी की ओर से शेयर बाजारों को भेजी गई सूचना में खुली पेशकश के बाद कंपनी में अडाणी की हिस्सेदारी का उल्लेख नहीं है।

अडाणी समूह द्वारा अधिग्रहण से पूर्व प्रवर्तकों के पास एनडीटीवी की 61.45 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसमें 1.88 करोड़ शेयर या 29.18 प्रतिशत वह हिस्सेदारी थी जो आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लि. के पास थी।

प्रणय रॉय फिलहाल एनडीटीवी के चेयरपर्सन हैं। उनकी पत्नी राधिका रॉय कार्यकारी निदेशक हैं। रॉय के पास कंपनी की 15.94 प्रतिशत और उनकी पत्नी के पास 16.32 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अपनी 32.26 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ रॉय दंपति बोर्ड में बने रह सकते हैं। पिछले महीने रॉय दंपति ने आरआरपीआर के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन वे एनडीटीवी के निदेशक मंडल में बने हुए हैं।

अधिग्रहण के बाद अडाणी समूह ने अपने दो कार्यकारियों सुदीप्त भट्टाचार्य और संजय पुगलिया के साथ सेंथिल चेंगलवारायण को आरआरपीआर के बोर्ड में नियुक्त किया था।

# विदेशी मुद्रा भंडार 11.02 अरब डॉलर बढ़कर 561.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई/ एजेंसी।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 02 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 11.02 अरब डॉलर बढ़कर 561.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 496.98 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 1.09 अरब डॉलर की बढ़त आई और यह बढ़कर 41.03 अरब डॉलर हो गया।



आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 16.4 करोड़ डॉलर की तेजी आई और यह बढ़कर 18.05 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 7.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.12 अरब डॉलर हो गई।

# शेयर वापस खरीदने के लिए आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल नहीं कर सकती है पेटीएम




**नई दिल्ली/ एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी पेटीएम की परिचालक वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड अपनी प्रस्तावित शेयर पुनर्खरीद (बायबैक) पेशकश के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से मिली राशि का इस्तेमाल नहीं कर सकती है।

सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि नियमों के तहत कंपनी शेयर वापस खरीदने के लिए आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल नहीं कर पाएगी और इसके लिए उसे अपनी नकदी का इस्तेमाल करना होगा।

पेटीएम के ताजा वित्तीय परिणामों के अनुसार, उसके पास 9,182 करोड़ रुपये की नकदी है।

शेयर वापस खरीदने के प्रस्ताव पर कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 13 दिसंबर को होने वाली है। बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि प्रबंधन का मानना है कि कंपनी की मौजूदा तरलता/वित्तीय स्थिति को देखते हुए पुनर्खरीद से हमारे शेयरधारकों को फायदा होगा।

पिछले साल के अंत में कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हुए थे। इस साल यानी 2022 में व्यापक स्तर पर बिकवाली तथा कंपनी के मुनाफे को सवाल खड़े होने के बाद पेटीएम के शेयर 60 प्रतिशत टूटे हैं।

सूत्रों ने कहा कि नियम किसी भी कंपनी को शेयर वापस खरीदने के लिए आईपीओ की आय का उपयोग करने से रोकते हैं।

पेटीएम ने पिछले साल नवंबर में आईपीओ के जरिये 18,300 करोड़ रुपये जुटाए थे।

कंपनी ने पिछले महीने कहा था कि अगले 12-18 माह में यह मुक्त नकदी प्रवाह सकारात्मक हो जाएगा। सूत्रों ने संकेत दिया कि कंपनी नकदी प्रवाह सृजन के करीब है। इसका उपयोग कारोबार विस्तार के लिए किया जाएगा।

पुनर्खरीद के लिए कंपनी आईपीओ की राशि का इस्तेमाल कर रही है, इस चर्चा के बीच सूत्रों ने कहा कि नियम किसी भी कंपनी को ऐसा करने से रोकते हैं। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग केवल उस विशिष्ट उद्देश्य के लिए किया जा सकता है जिसके लिए निर्गम लाया गया था। इसकी निगरानी की जाती है।

सूत्रों ने कहा कि इस बात की काफी संभावना है कि पेटीएम अपनी आईपीओ पूर्व नकदी का इस्तेमाल शेयर वापस खरीदने के लिए करेगी।


# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का बीते वित्त वर्ष का शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत घटकर 1,175 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली/ एजेंसी।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2021-22 में 23.17 प्रतिशत घटकर 1,174.7 करोड़ रुपये रह गया है। कारोबार आसूचना मंच टॉफलर द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, वित्त वर्ष के दौरान कंपनी की कल आय 10 प्रतिशत बढ़कर 17,171.3 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी नहीं है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2020-21 में 1,529 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वहीं इस दौरान उसकी कुल आय 15,621.1 करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष 2021-22 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का कर पूर्व लाभ 1,589.8 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान कंपनी का कर पर खर्च 415.1 करोड़ रुपये था। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया दक्षिण कोरिया की एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। यह उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरणों, एचवीएसी और आईटी हार्डवेयर क्षेत्र में कार्यरत है।

# अमेरिका का इस्पात, एल्युमीनियम पर शुल्क का फैसला नियमों के अनुरूप नहीं: डब्ल्यूटीओ समिति



**नई दिल्ली/ एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की एक विवाद निपटान समिति ने निष्कर्ष दिया है कि अमेरिका द्वारा कुछ इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर सीमा शुल्क लगाने का फैसला वैश्विक व्यापार मानदंडों या नियमों के अनुरूप नहीं है।

यह फैसला इन शुल्कों के खिलाफ चीन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और तुर्किये की अपील पर दिया गया है। डब्ल्यूटीओ का यह निर्णय भारत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2018 में उसने भी इन शुल्कों को लागू करने के अमेरिकी कदम के खिलाफ जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ से संपर्क किया था।

सूत्रों के मुताबिक, इस फैसले से भारत के पक्ष को मजबूती मिलेगी।

हालांकि, इसके साथ ही सूत्रों ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत अपने इस विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से और पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर हल करने का इच्छुक है।

भारत ने पहले कहा था कि अमेरिका द्वारा उच्च आयात शुल्क लगाने से भारतीय कंपनियों के इन उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा है। भारत ने भी आरोप लगाया था कि अमेरिका का कदम वैश्विक व्यापार मानदंडों के अनुपालन में नहीं है। 2018 में अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर क्रमशः 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया था।

अमेरिका द्वारा यह शुल्क लगाए जाने के जवाब में भारत ने कई अमेरिकी उत्पादों जैसे बादाम, अखरोट, लौह और इस्पात के उत्पादों पर सीमा शुल्क बढ़ा दिया था। समिति ने फैसले में कहा है कि अमेरिका अपने डब्ल्यूटीओ नियमों से असंगत उपायों को शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते (गैट), 1994 के तहत लाए।

समिति ने कहा कि उसे इस बात के प्रमाण नहीं मिले कि ये उपाय उपाय युद्ध या अन्य किसी आपात स्थिति के समय किए गए हैं।

अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि एडम हॉज ने हालांकि इस फैसले को खारिज करते हुए कहा कि इस निर्णय से एक बार फिर इस बात को बल मिला है कि डब्ल्यूटीओ विवाद निपटान समिति में बुनियादी सुधार की जरूरत है।

# बीते सप्ताह खाद्य तेल कीमतों में मिला-जुला रुख

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** सूरजमुखी और सोयाबीन जैसे आयातित हल्के (सॉफ्ट) खाद्य तेलों की कीमतें टूटने से स्थानीय तेल कीमतों पर दबाव बढ़ने तथा जाड़े व शादी-विवाह के मौसम की मांग के बीच बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में खाद्य तेल कीमतों में कारोबार का मिला-जुला रुख दिखा। सरसों तेल, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, कच्चा पामतेल और पामोलीन तेल कीमतों में जहां सुधार आया, वहीं सरसों पेराई में मिल वालों को नुकसान होने से सरसों तिलहन कीमतों में गिरावट आई।

शुल्कमुक्त आयात काफी सस्ता होने से सोयाबीन तेल कीमतों में भी गिरावट आई। बाकी तेल-तिलहनों के भाव पूर्ववत रहे।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि तेल पेराई मिलों को सरसों की पेराई करने में 4-5 रुपये प्रति किलो का नुकसान है। मिल वालों की मांग कमजोर होने से सरसों तिलहन में गिरावट आई। नीचे भाव में तेल मिलों द्वारा बिकवाली कम करने से सरसों तेल कीमतों में मामूली सुधार आया।

सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के दाम में पिछले छह माह के दौरान 70-90 रुपये किलो की गिरावट आई है। दूसरी ओर सरकार ने कीमतों को कम करने के मकसद से सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के आयात को शुल्कमुक्त करते हुए कोटा प्रणाली लागू कर दिया जिसके अनपेक्षित रूप से उल्टे परिणाम देखने को मिले हैं। स्थानीय तेल उद्योग संकट में है क्योंकि उनकी पेराई की लागत सस्ते खाद्य तेल के आयात भाव से काफी महंगी बैठती है। इससे किसानों को कोई फायदा नहीं मिल रहा क्योंकि उनके तिलहन की खपत प्रभावित हुई है। उपभोक्ताओं को तेल सस्ता होने के बजाय काफी ऊंची दरों पर मिल रहा है।

सूत्रों ने कहा कि पिछले नवंबर में समाप्त हुए तेल वर्ष में खाद्य तेलों के आयात में 6.8 प्रतिशत यानी नौ लाख टन सालाना की वृद्धि हुई है जिसका साफ मतलब है कि अपनी जरूरत के लिए लगभग 60 प्रतिशत खाद्य तेलों के आयात पर निर्भर इस



देश में सरसों और सोयाबीन जैसे तिलहन का उत्पादन बढ़ने के बाद भी सस्ते आयातित तेल के कारण देशी तिलहन बाजार में खप नहीं रहा है। खाद्य तेल आयात पर विदेशी मुद्रा खर्च भी पहले के 1,17,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,57,000 करोड़ रुपये हो गया है।

सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन के भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक होने के बावजूद पिछले साल से कम होने के कारण मंडियों में किसान कम माल ला रहे हैं जिससे सोयाबीन तिलहन कीमतों में सुधार आया। मंडियों में जो सोयाबीन की आवक पिछले सप्ताह लगभग आठ लाख बोरी की थी वह घटकर लगभग पांच लाख बोरी रह गई है। दूसरी ओर विदेशों से सस्ता आयात होने के कारण सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट आई।

सूत्रों ने कहा कि किसानों द्वारा नीचे भाव में बिकवाली नहीं करने और उपभोक्ता मांग बढ़ने के कारण मूंगफली तेल- तिलहन कीमतों में सुधार आया।

सूत्रों ने कहा कि इस वर्ष मंडियों में बिनौला, कपास नरमा की आवक घटकर लगभग आधी रह गई है जिससे बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। गौरतलब है कि पशु आहार के लिए सबसे अधिक यानी लगभग 110 लाख टन खल की प्राप्ति बिनौले से होती है।

सूत्रों ने कहा कि भाव नीचे होने के कारण कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल की भारी मांग है जिससे इन दोनों तेलों की कीमतों में मामूली मजबूती दिखी। उन्होंने कहा कि पाम, पामोलीन देशी तेलों के कीमत पर ज्यादा असर नहीं डालते और इसकी ज्यादा खपत कमजोर आय वर्ग के लोग करते हैं। देशी तेल-तिलहनों पर सबसे अधिक असर सूरजमुखी और सोयाबीन जैसे हल्के तेल डालते हैं जिसकी खपत उच्च आय वर्ग के लोग करते हैं। सरकार ने रैपसीड तेल पर जो 38.5 प्रतिशत आयात शुल्क लगा रखा है उसी तरह बाकी आयातित हल्के तेलों पर भी लगाया जाना चाहिये जो समय की मांग है।

सूत्रों ने कहा कि तेल-तिलहन की महंगाई में सबसे बड़ी दिक्कत बड़ी खाद्य तेल कंपनियों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) निर्धारण की प्रथा में छिपी है, जिसका कोई नियम नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कोई समूह जाकर बाजार में मॉल या बड़ी दुकानों में सूरजमुखी, मूंगफली, सोयाबीन रिफाइंड, सरसों आदि खाद्य तेलों के भाव की जांच करे तो 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जायेगा। इस पहलू पर भी ध्यान देना चाहिए कि किसानों से तिलहन की खरीद किस भाव पर की गई थी या बंदरगाह पर इसके आयातित तेल का थोक भाव क्या है।

उन्होंने कहा कि तेल कीमतों के बढ़ने की खबरों के आने पर सरकार जब तेल कंपनियों को कीमतें कम करने के लिए कहती है, तो पहले से 60-100 रुपये के बढ़े हुए एमआरपी में ये कंपनियां सिर्फ 15 रुपये प्रति लीटर की कमी करती हैं।

सूत्रों के मुताबिक, पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 25 रुपये घटकर 7,075-7,125 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सरसों दादरी तेल समीक्षाधीन सप्ताहांत में 50 रुपये बढ़कर 14,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमश- 10-10 रुपये बढ़कर क्रमश- 2,130-2,260 रुपये और 2,190-2,315 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुईं।

सूत्रों ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले कम भाव पर किसानों की बिकवाली घटने से समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज के थोक भाव क्रमश- 100-100 रुपये बढ़कर क्रमश- 5,550-5,650 रुपये और 5,360-5,410 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

दूसरी ओर सस्ते आयातित तेल के दबाव में समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल क्रमश- 500 रुपये, 400 रुपये और 350 रुपये की हानि के साथ क्रमश- 12,900 रुपये, 12,850 रुपये और 11,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

किसानों द्वारा नीचे भाव में बिकवाली नहीं करने से समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहनों कीमतों में सुधार देखने को मिला। समीक्षाधीन सप्ताहांत में मूंगफली तिलहन का भाव 50 रुपये बढ़कर 6,410-6,470 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पूर्व सप्ताहांत के बंद भाव के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल गुजरात 200 रुपये बढ़कर 15,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ जबकि मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड का भाव 25 रुपये बढ़कर 2,415-2,680 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

सूत्रों ने कहा कि सस्ता होने की वजह से वैश्विक मांग बढ़ने के बीच सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में मजबूती आई। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 50 रुपये बढ़कर 8,500 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। जबकि पामोलीन दिल्ली का भाव 50 रुपये बढ़कर 10,000 रुपये हो गया। पामोलीन कांडला का भाव 9,000 रुपये प्रति क्विंटल पर अपरिवर्तित बंद हुआ।

सस्ते आयात के बावजूद मंडियों में बिनौला, कपास नरमा की आवक लगभग आधी रह जाने से समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 11,450 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर पर अपरिवर्तित रहा।

## एक नजर

### ईरान ने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप पर ऑस्ट्रेलिया की निंदा की

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने ऑस्ट्रेलिया के ईरानी व्यक्तियों एवं संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की निंदा करते हुए इसे देश के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शनिवार को मंत्रालय के एक बयान में कहा कि आस्ट्रेलिया सरकार सालों से आस्ट्रेलिया के स्वदेशी नागरिकों , कैदियों और शरणार्थियों के मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ईरान विरोधी आतंकवादी और अलगाववादी समूहों को भी शरण दी है। इससे पहले दिन में ऑस्ट्रेलिया सरकार ने छह ईरानियों और ईरान की नैतिकता पुलिस और बासिज स्वयंसेवी बल पर प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसे वह "मानवाधिकारों के उल्लंघन और दुर्व्यवहार" कहते हैं। 22 वर्षीय महसा अमिनी की 16 सितंबर को तेहरान के एक अस्पताल में मौत हो जाने के बाद ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। ईरान ने अमेरिका और कुछ अन्य पश्चिमी देशों पर देश में दंगे भड़काने और आतंकवादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया।

### लस्कर ज्वालामुखी से राख निकलने के बाद चिली ने किया अलर्ट जारी

**सैंटियागो, एजेंसी।** एंडीज में लस्कर ज्वालामुखी से आसमान में 6,000 मीटर (लगभग 20,000 फीट) राख उड़ने के बाद चिली के अधिकारियों ने अलर्ट जारी किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लस्कर, जो शनिवार को हरकत में आया, यहां से 12 किमी से भी कम दूरी पर स्थित एक छोटे से शहर, तलबरे के निवासियों द्वारा पहली बार दोपहर के समय देखा गया। हालांकि लस्कर ने ज्वालामुखीय राख और गर्म गैसों से युक्त धुएं के विशाल बादल उत्सर्जित किए, किसी भी नुकसान की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, एक प्रारंभिक ग्रीन वार्निग को येलो में बदल दिया गया जिसका मतलब है कि ज्वालामुखी अस्थिर है। चिली की राष्ट्रीय भूविज्ञान और खनन सेवा (सेरनेजोमिन) के अनुसार, वर्गीकरण का अर्थ यह भी है कि विशेषज्ञ मामूली विस्फोटों और धुएं की उपस्थिति के लिए एक साइट की निगरानी कर रहे हैं।

### कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर चीन ने अस्पतालों में आईसीयू की संख्या बढ़ाई

**बीजिंग, एजेंसी।** कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर चीन अस्पतालों में व्यवस्था को दुरुस्त करने की कोशिश कर रहा है और इसने गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की संख्या बढ़ा दी है। यह व्यवस्था वायरस रोधी पाबंदियों को वापस लेने के बाद की गई है, जिसने लोगों को उनके घर में बंद रहने के लिए मजबूर कर दिया था तथा आर्थिक विकास को भी धीमा कर दिया था और इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए थे। सरकारी मीडिया के अनुसार, महामारी के मामलों में वृद्धि के चलते अस्पतालों में आईसीयू की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उत्पन्न स्थिति से निपटा जा सके। चीन में रविवार को महामारी के 10,815 नए मामले सामने आए जिनमें 8,477 मामले बिना लक्षण वाले हैं।

### इराक में संघर्ष में छह आईएस आतंकी ढेर, एक नागरिक की मौत

**बगदाद, एजेंसी।** इराक की राजधानी बगदाद के उत्तर में स्थित सलाहुद्दीन प्रांत में संघर्ष के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएस) के छह आतंकवादी और एक नागरिक मारे गए। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि, इराकी सैनिकों, सरकार समर्थित हशद शाबी के अर्धसैनिक लड़ाकों और नागरिकों ने उत्तरी सलाहुद्दीन के तुलुल अल-बज क्षेत्र में आईएस आतंकवादियों के साथ मिलकर संघर्ष किया। बताया गया कि, संघर्ष में मारे गए छह आईएस आतंकवादियों में दो आत्मघाती हमलावर शामिल हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीनों में, इराकी सुरक्षा बलों ने चरमपंथी उग्रवादियों की तीव्र गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए उनके खिलाफ अभियान चलाए हैं।

### जर्सी द्वीप में विस्फोट, तीन मंजिला इमारत ढही, तीन की मौत, कई लापता

**लंदन, एजेंसी।** उत्तरी फ्रांस के तट से दूर जर्सी द्वीप पर फ्लैटों के एक ब्लॉक (तीन मंजिला इमारत) में शनिवार तड़के हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग एक दर्जन अन्य लापता हैं। जर्सी पुलिस के अधिकारी रॉबिन स्मिथ ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह विस्फोट 4 बजे से ठीक पहले हुआ और अब आग बुझ गई है। स्मिथ ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं जीवित बचे लोगों की तलाश कर रही हैं। उन्होंने पुष्टि की कि निवासियों द्वारा गैस की गंध की सूचना देने के बाद विस्फोट से पहले शुक्रवार शाम को अग्निशमन सेवाओं को बुलाया गया था। उन्होंने विस्फोट के कारणों पर कोई टिप्पणी नहीं की और कहा कि इसकी जांच की जाएगी।

# आतंकवादियों को बुरे या अच्छे की श्रेणी में बांटने का युग खत्म होना चाहिए : भारत

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** भारत ने यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि आतंकवादियों को राजनीतिक सुविधा के आधार पर बुरेया अच्छे के तौर पर वगीर्कृत करने का युग तत्काल खत्म होना चाहिए। इसने एक संकल्पना पत्र जारी करते हुए कहा कि आतंकवादी कृत्यों को धार्मिक या वैचारिक रूप में वगीर्कृत करने से आतंकवाद से लड़ने की साझा वैश्विक प्रतिबद्धता कम हो जाएगी।



संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद के मौजूदा अध्यक्ष के तौर पर भारत बहुपक्षवाद में सुधार और आतंकवाद से निपटने के उपायों पर 14 और 15 दिसंबर को दो अहम कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे।

बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महासचिव एंतोनियो गुतारेस को एक पत्र लिखकर कहा कि विषय पर चर्चा के लिए एक संकल्पना पत्र सुरक्षा परिषद के दस्तावेज के रूप में प्रसारित किया जाए। पिछले सप्ताह लिखे गए संकल्पना पत्र में कहा गया है, न्यूयॉर्क में 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले ने आतंकवाद से निपटने में वैश्विक रुख बदल दिया। इसके बाद से लंदन, मुंबई, पेरिस, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के कई हिस्सों में आतंकवादी हमले हुए।

इसमें कहा गया है कि ये हमले दिखाते हैं कि आतंकवाद का खतरा गंभीर और सार्वभौमिक है तथा दुनिया के एक हिस्से में आतंकवाद का विश्व के अन्य हिस्सों में शांति और सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ता है।

पत्र में कहा गया है, आतंकवाद का खतरा अंतरराष्ट्रीय है। आतंकवादी तत्व और उनके समर्थक तथा वित्त पोषक अलग-अलग क्षेत्रों में रहते हुए दुनिया में कहीं भी अपने कृत्यों को अंजाम देने के लिए गठजोड़ करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के सामूहिक प्रयासों से ही अंतरराष्ट्रीय खतरे से निपटा जा सकता है।

भारत ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद की समस्या को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या जातीय समूह से नहीं जोड़ा जा सकता और आतंकवाद के सभी कृत्य आपराधिक हैं। इसने कहा, सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की जानी चाहिए। किसी भी आतंकवादी कृत्य के लिए कोई अपवाद या उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवादियों को राजनीतिक सुविधा के आधार पर बुरा, उतना भी बुरा नहीं या अच्छे के तौर पर वगीर्कृत करने का युग फौरन खत्म होना चाहिए।

पत्र में कहा गया है, इराक में इस्लामिक स्टेट तथा भारतीय उपमहाद्वीप में लेवंत-खोरासन, अल-कायदा, भारतीय महाद्वीप में अल-कायदा तथा अफगानिस्तान में पनाह लेने वाले आतंकवादी समूहों की ओर से खतरा अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा जमाने के बाद बढ़ गया है।

इसमें कहा गया है, इन आतंकवादी समूहों के लिए हथियारों, मादक पदार्थ, मानव और वित्त की तस्करी करने वाले समुद्री लुटेरों और संगठित आपराधिक नेटवर्कों ने इस आतंकी खतरे को और जटिल बना दिया है। पश्चिमी अफ्रीका के तटीय क्षेत्र में यह खतरा लगातार बढ़ रहा है।

भारत ने कहा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथ बढ़ाने और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए आतंकवाद के वित्तपोषण का खतरा खासतौर से कोरोना वायरस महामारी के दौरान बढ़ गया है।

# भारत और वियतनाम की यात्रा पर मानवाधिकार रक्षकों की सुरक्षा पर दिया जोर : गुतारेस



**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि उन्होंने भारत और वियतनाम की अपनी हालिया यात्रा के दौरान नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के रक्षकों के साथ ही पर्यावरण कार्यकताओं की रक्षा की महत्ता पर जोर दिया। गुतारेस ने गत सप्ताह मॉन्ट्रियल में सीओपी15 जैवविविधता सम्मेलन के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं जो प्रमुख संदेश साफ तौर पर देना चाहता हूं, वह यह है कि मानवाधिकार सभी पर्यावरणीय चिंताओं के केंद्र में होगा। एक और बात जो मुझे चिंतित करती है, वह मानवाधिकार के रक्षकों के साथ ही पर्यावरणीय कार्यकताओं के उत्पीड़न की है। गुतारेस सरकारों द्वारा पर्यावरण संबंधी प्रदर्शनों के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि यह 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' है कि वे मानवाधिकार उल्लंघनों का शिकार हो रहे हैं और 'हम जानते हैं कि उनमें से कुछ जेलों में हैं, कुछ को धमकाया गया है और कुछ ने अपनी जान तक गंवा दी है। गौरतलब है कि नवंबर में मिस्त्र के शर्म-अल-शेख में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के मद्देनजर गुतारेस ने 18 से 20 अक्टूबर तक भारत की यात्रा की थी। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले थे।

# इस बात के सबूत हैं कि टाइरियन व्हाइट इमरान की बेटी हैं : पाक मंत्री

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा है कि इस बात के सबूत हैं कि टायरियन व्हाइट, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान की बेटी हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। द न्यूज की खबर के मुताबिक, इमरान खान की बेटी के बारे में एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि, इस बात के निर्विवाद सबूत हैं कि टायरियन पूर्व प्रधानमंत्री खान की बेटी हैं।



द न्यूज की सूचना दी, टाइरियन इमरान खान के विवादास्पद अतीत का हिस्सा है। सालों तक, उन्होंने सीता व्हाइट की बेटी के पिता होने के आरोपों से इनकार किया। इस स्कैंडल का इस्तेमाल अक्सर खान के विरोध में उनकी जनता को कलंकित करने के लिए किया जाता है। हालांकि, कैलिफोर्निया की एक जज ने इमरान खान को अपना पिता घोषित कर दिया। इतना ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के अनुसार, जेमिमा ने टायरियन का अपनी सौतेली बेटी के रूप में स्वागत किया था। एक अन्य सवाल के जवाब में गृह मंत्री ने पीटीआई अध्यक्ष और पार्टी के अन्य नेताओं से कहा कि देश में डिफॉल्ट होने का दुष्प्रचार बंद करें। उन्होंने पीटीआई के प्रचार को खारिज कर दिया कि देश डिफॉल्ट की ओर बढ़ रहा है। द न्यूज ने बताया कि उन्होंने कहा कि पीटीआई नेतृत्व अपनी राजनीति को सुरक्षित करने के लिए देश को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।

उन्होंने कहा पीएमएल-एन चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, इस बार हम

# नेपाल में सरकार गठन के लिए आरएसपी ने की समर्थन देने की पेशकश

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के नवगठित राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने शनिवार को सरकार गठन में नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले पांच दलों के गठबंधन को समर्थन देने की पेशकश की। आरएसपी 20 नवंबर को हुए चुनावों में चौथी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, जिसने 20 सीटें हासिल की हैं। इस पार्टी का गठन पत्रकार रबी लमिछाने ने किया है।

दरअसल, प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाली पांच पार्टियों का गठबंधन 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 136 सीटें हासिल करने के बाद बहुमत से दो सीट दूर है। ऐसे में आरएसपी के वरिष्ठ नेता बिराज भक्त श्रेष्ठ ने कहा कि अगर



हमारी भागीदारी के बिना नई सरकार नहीं बन सकती है तो हम विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हैं।

नवगठित राजनीतिक दल ने काठमांडू शहर में चार सीटों पर विजयी हुई है। सरकार गठन में अनिश्चितता को देखते हुए आरएसपी ने समर्थन की पेशकश की है ताकि देश में दोबारा चुनाव से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सरकार का समर्थन करना और उसमें शामिल होना हमारा नैतिक दायित्व बन जाता है, हालांकि हमारा मुख्य उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं है। अगर सरकार गठन में हमारे समर्थन की जरूरत नहीं है तो हम विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हैं।

श्रेष्ठ ने आगे कहा कि सरकार में शामिल होने से पहले, हम चाहते हैं कि गठबंधन दल प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त नौकरशाही में पारदर्शिता के लिए तत्काल जोर दें। इससे पहले नेपाल में पांच दलों के सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं ने यहां शुक्रवार को एक बैठक करके आम चुनाव के नतीजों की समीक्षा करने के साथ नई सरकार के गठन और सत्ता-साझेदारी के समझौते पर चर्चा की। नेपाल कांग्रेस के नेता रामचंद्र पौडेल (माओवादी सेंटर), अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', नेपाल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष डॉ. बाबूराम भट्टराई ने काठमांडू में मुलाकात की। बैठक में नेपाल समाजवादी पार्टी के नेता महेंद्र आर.

# पेरू की नए राष्ट्रपति ने कैबिनेट में शपथ ली

**लीमा, एजेंसी।** पेरू की राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे ने शनिवार को अपने मंत्रिमंडल में शपथ ली और सदस्यों से "भ्रष्टाचार के कृत्यों के बिना" अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए कहा। सुश्री बोलुआर्टे ने प्रधानमंत्री के रूप में पेड्रो एंगुलो अराना की अध्यक्षता वाली अपनी पहली मंत्रिपरिषद में 17 मंत्री पदों के लिए नौ पुरुषों और आठ महिलाओं को नियुक्त किया है। श्रम और रोजगार प्रोत्साहन, परिवहन और संचार मंत्रालयों के प्रमुखों की नियुक्ति अभी बाकी है। सुश्री बोलुआर्टे ने स्थायी नैतिक अक्षमता के लिए कांग्रेस द्वारा महाभियोग वोट में अपने पूर्ववर्ती पेड्रो कैस्टिलो को हटाए जाने के बाद बुधवार को पेरू के राष्ट्रपति पद को ग्रहण किया।



उन्होंने विधायकों से आह्वान किया कि वे अपनी सरकार को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें "राजनीतिक संघर्ष" दें, यह वादा करते हुए कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगी, वह कांग्रेस में विभिन्न राजनीतिक समूहों के साथ संवाद कर रही है। हालांकि सुश्री बोलुआर्टे ने जुलाई 2026 तक कैस्टिलो के जनादेश को पूरा करने के लिए पदभार ग्रहण किया, लेकिन उन्होंने शुक्रवार को कहा कि अगर स्थिति में यह वारंट होता है, तो वह नए आम चुनाव करायेगी।

# व्हाइट हाउस और कांग्रेस अपनी अप्रूवल रेटिंग में बहुत नीचे रहे : सर्वे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** गैलप के एक नए सर्वे के मुताबिक, व्हाइट हाउस और कांग्रेस अपनी अप्रूवल रेटिंग में बहुत नीचे रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति जो बाइडेन की अप्रूवल रेटिंग 40 प्रतिशत है, जबकि 55 प्रतिशत जिस तरह से वह अपना काम कर रहे हैं वह उसे अस्वीकार कर रहे हैं।



अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद सितंबर 2021 से बाइडेन की अप्रूवल रेटिंग लगातार नीचे जा रही है। इस बीच, कांग्रेस की स्वीकृति काफी हद तक नकारात्मक बनी हुई है, जिसमें 73 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों ने अस्वीकृति व्यक्त की है। ये निष्कर्ष 8 नवंबर 2022 को मध्यावधि चुनाव के बाद 9 नवंबर से 2 दिसंबर तक गैलप पोल में सामने आए थे। रिपब्लिकन द्वारा सदन को फ्लिप करने और सीनेट बहुमत पर आयोजित डेमोक्रेट के बाद अगले दो वर्षों में अमेरिका में विभाजित कांग्रेस होगी। गैलप आर्टिकल में कहा गया है कि यूएस हाउस में एक रिपब्लिकन बहुमत अनिवार्य रूप से बाइडेन के अपने विधायी एजेंडे को पारित करने की संभावनाओं को समाप्त कर देगा।

रोनाल्ड रीगन के कार्यकाल के कम से कम हिस्से के लिए विभाजित सरकार सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों के लिए वास्तविकता रही है। एरिजोना से सीनेटर किर्स्टन सिनिमा ने शुक्रवार को ऐलान किया कि उन्होंने वाशिंगटन में टूटी हुई पक्षपातपूर्ण व्यवस्था पर प्रहार करते हुए एक स्वतंत्र के रूप में पंजीकरण कराया था।

# रूस ने पूर्वी यूक्रेन में हमले तेज किए, बखमुत शहर को नष्ट किया

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के बखमुत शहर को 'नष्ट' कर दिया है।

इस बीच, यूक्रेनी सेना ने भी शनिवार को बताया कि रूस ने देश के उन कई हिस्सों में मिसाइल, रॉकेट और हवाई हमले किये, जिन्हें वह महीनों से जारी प्रतिरोध के बीच जीतने का प्रयास कर रहा है।

साढ़े नौ महीने से जारी इस युद्ध में रूस का ध्यान अब यूक्रेन के उन चार प्रांतों पर केंद्रित हो गया है जिन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गत सितंबर में कब्जा करने का दावा किया था।

युद्ध से संकेत मिलता है कि रूस को उन क्षेत्रों पर नियंत्रण स्थापित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जबकि यूक्रेन इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने को लेकर अडिग है।

जेलेंस्की ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क प्रांतों के कई अग्रिम शहरों में हालात बहुत कठिन हैं।



ये प्रांत डोनबास क्षेत्र के तहत आते हैं, जो रूसी सीमा पर स्थित एक औद्योगिक क्षेत्र है। पुतिन का ध्यान युद्ध की शुरूआत से ही इस क्षेत्र पर रहा है, जहां अलगवावादी 2014 से ही लड़ रहे हैं।

जेलेंस्की ने रात में जारी अपने वीडियो संदेश में कहा, बखमुत, सोलेदर, मारयिंका, क्रेमिना। लंबे समय से इन क्षेत्रों की जमीन पर कोई रहने लायक ऐसा स्थान नहीं बचा है जहां रूसी गोलाबारी से नुकसान नहीं हुआ हो। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने डोनबास क्षेत्र के एक और शहर बखमुत को असल में नष्ट कर दिया। बखमुत में कुछ इमारतें अब भी खड़ी हैं और बाशिंदे अब भी शहर की सड़कों पर घूम रहे हैं। इस क्षेत्र पर मॉस्को से हमले से पहले भी यहां लोग कई सप्ताह से पानी और बिजली आपूर्ति का अभाव झेल रहे है।

यूक्रेनी सैन्य जनरल ने शुक्रवार और शनिवार के बीच रूस की ओर से 20 हवाई हमले और 60 से अधिक रॉकेट हमले के अलावा मिसाइल हमले किये जाने की जानकारी दी।

प्रवक्ता अलेक्जेंडर शुतपुन ने कहा कि बखमुत जिले में सबसे सक्रिय लड़ाई हुई, जहां आबादी वाले 20 से अधिक स्थान गोलाबारी की चपेट में आ गये। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना ने दोनेत्स्क और पड़ोसी लुहांस्क में रूसी हमले को नाकाम कर दिया।

यूक्रेनी अधिकारियों और विश्लेषकों ने कहा कि रूस ने पिछली गर्मी के दौरान करीब पूरे लुहांस्क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था, इसके बाद दोनेत्स्क पर कब्जा किया। उन्होंने कहा कि अब रूस ने हाल के हफ्तों में बखमुत शहर की घेराबंदी करने के लिए अपनी सेना और संसाधनों को बढ़ा दिया है।

यूक्रेन की सेना ने शनिवार को उत्तर पूर्व में खारकीव और सुमी, मध्य यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस, दक्षिण पूर्व में जापोरिज्जिया और दक्षिण में खेरसॉन में भी हमलों की सूचना दी।

# फिर से ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन शुरू कर रहा है ट्विटर

**न्यूयॉर्क (अमेरिका), एजेंसी।** ट्विटर एक बार फिर अपनी 'ब्लू चेकमार्क' सेवा शुरू करने की कोशिश कर रहा है। एक महीने पहले उसकी यह कोशिश नाकाम रही थी। सोशल मीडिया कंपनी ने शनिवार को कहा कि वह उपयोगकताओं को सोमवार से ट्विटर ब्लू का सब्सक्रिप्शन खरीदने देगी ताकि वे ब्लू वेरिफाइड अकाउंट और विशेष फीचर हासिल कर सकें।

ब्लू चेकमार्क मूलतः ऐसी कंपनियों, हस्तियों, सरकारी संस्थाओं और पत्रकारों को दिया जाता है जो ट्विटर द्वारा सत्यापित होते हैं। एलन मस्क ने अक्टूबर में 44 अरब डॉलर में ट्विटर खरीदने के बाद प्रति माह आठ डॉलर के शुल्क पर किसी को भी ब्लू टिक देने की सेवा शुरू की थी, लेकिन



कुछ फर्जी उपयोगकताओं ने भी ब्लू टिक हासिल कर लिया था जिसके कारण ट्विटर ने इस सेवा को निलंबित कर दिया था।

अब फिर से शुरू हो रही इस सेवा के लिए वेब उपयोगकताओं को प्रति माह आठ डॉलर तथा आईफोन उपयोगकताओं को प्रति माह 11 डॉलर का शुल्क देना होगा। ट्विटर ने कहा कि सब्सक्राइबर्स को कम विज्ञापन दिखेंगे, वे लंबी वीडियो पोस्ट कर पाएंगे और उनके ट्वीट्स को प्रमुखता से दिखाया जाएगा।

# इंग्लैंड को हराकर फ्रांस विश्व कप के सेमीफाइनल में

**अल खोर (कतर), एजेंसी।** ओलिवियर गिरोड के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन फ्रांस ने शनिवार को यहां इंग्लैंड को 2-1 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

गिरोड ने अल बायत स्टेडियम में 78वें मिनट में फ्रांस के लिए, दूसरा और निर्णायक गोल दागा। इससे वह अब ब्राजील के बाद लगातार दो विश्व कप जीतने वाली दूसरी टीम बनने से अब केवल दो जीत दूर है। ब्राजील ने 1958 और 1962 में लगातार दो विश्व कप जीते थे।

गिरोड ने तब खुशी में तेज दौड़ लगाई जब उनका हेडर इंग्लैंड के गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छका कर गोल के अंदर घुसा। इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन को इसके बाद बराबरी का मौका मिला लेकिन पेनल्टी पर उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। यह केन की दूसरी पेनल्टी थी। इससे पहले 54वें मिनट में उन्होंने पेनल्टी को गोल में बदलकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई थी। ऑरेलियन टचौमेनी ने 17वें मिनट में फ्रांस की तरफ से पहला गोल किया था। फ्रांस बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में मोरक्को का सामना करेगा जिसने पुर्तगाल को एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में 1-0 से हराया। मोरक्को विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है। इंग्लैंड स्कोर 1-1 से बराबर करने के बाद बढ़त लेने की स्थिति में दिख रहा था लेकिन वह गिरोड थे जिन्होंने एंटोनी ग्रीजमैन के क्रास पर गोल करके फ्रांस को तरफ से 53वां गोल दागा जो कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

फ्रांस की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि रेफरी विल्टन सैंपियो ने बॉक्स के अंदर स्थानापन्न मैसन माउंट की चुनौती की समीक्षा की जिन्हें थियो हर्नांडेज ने गिरा दिया था। ब्राजील के रेफरी ने इंग्लैंड को पेनल्टी दे दी।

केन ने जब पहली बार पेनल्टी ली थी तो तब वह टोटेनहैम के अपने साथी ह्यूगो लोरिस को छकाने में सफल रहे थे लेकिन दूसरी बार में उनकी किक क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई। इससे जहां इंग्लैंड के समर्थक निराश हो गए वहीं फ्रांसीसी समर्थक जश्न मनाने लगे। इंग्लैंड को पहली पेनल्टी टचौमेनी द्वारा बुकायो साका को गिराने के कारण मिली थी। पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में इटली से पेनल्टी में हारने वाला इंग्लैंड 2018 में विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचा था। इंग्लैंड ने विश्व कप में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने तक 12 गोल किए थे और उसे पहली बार किसी मैच में पिछड़ना पड़ा। ईरान को 6-2 से करारी शिकस्त देने के बाद यह पहला यह पहला अवसर था जबकि इंग्लैंड की टीम ने गोल खाया। केन ने इंग्लैंड की तरफ से 53वां गोल करके वायने रूनी के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की लेकिन उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा मौका गंवा दिया। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे ने गोल नहीं किया लेकिन जब केन के कारण पेनल्टी पर गोल करने से चूके तो उन्होंने इसका खुल कर जश्न मनाया।



## एमबापे ने केन की चूक और फ्रांस की जीत का खुलकर मनाया जश्न





**अल खोर।** हैरी केन जब दूसरी पेनल्टी पर चूकने के कारण इंग्लैंड को यहां विश्व कप क्वार्टर फाइनल में बराबरी नहीं दिला पाए तो इसका सबसे बड़ा जश्न फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे ने मनाया। एमबापे के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस खुशी में उनका मुंह खुला का खुला रह गया। उनकी आंखों में अपार खुशी थी। फ्रांस जब क्वार्टर फाइनल के इस मैच में 2-1 से आगे चल रहा था तब खेल के 84वें मिनट में इंग्लैंड को पेनल्टी मिली लेकिन केन का शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। विश्व फुटबॉल में पेनल्टी लेने वाले खिलाड़ियों में सबसे भरोसेमंद माने जाने वाले केन ने 54वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला था लेकिन जब वह दूसरी पेनल्टी पर चूके तो हर कोई हैरान था और इनमें एमबापे भी शामिल थे।

# विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी मोरक्को

**दोहा, एजेंसी।** मोरक्को ने यूसुफ एन नेसरी के दर्शनीय गोल की बदौलत शनिवार को फीफा विश्व कप 2022 के क्वार्टरफाइनल में पुर्तगाल को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। अल सुमामा स्टेडियम पर खेले गये रोमांचक मुकाबले में नेसरी ने 42वें मिनट में गोल किया और मोरक्को विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बन गयी।

पहले हाफ में एक गोल से पिछड़ने के बाद पुर्तगाल ने दूसरे हाफ में कई मौके बनाये, लेकिन मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनो ने बॉल को नेट तक नहीं पहुंचने दिया। इस हार के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो का विश्व कप जीतने का सपना भी टूट गया है। विजय पताका लहराकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मोरक्को अब फाइनल में जगह बनाने के लिये इंग्लैंड या फ्रांस में से किसी एक का सामना करेगी।

पुर्तगाल ने 16 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों के साथ मैच की शुरुआत की, हालांकि रोनाल्डो को एक बार फिर शुरुआती एकादश में शामिल नहीं किया गया। मोरक्को ने एक टीम के रूप में काम करते हुए शुरुआती मौके बनाये और पहला हाफ खत्म होने से पहले उन्हें सफलता भी मिली। अतियतल्लाह ने बाईं ओर से नेट की ओर निशाना लगाया। बॉल पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा के हाथ में जा रही थी लेकिन एन-नेसरी ने करीब आठ फुट ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारा और मोरक्को को 1-0 की बढ़त दिला दी।

एन-नेसरी का यह गोल निर्णायक साबित हुआ क्योंकि पुर्तगाल का कोई खिलाड़ी मोरक्को के रक्षण को नहीं भेद सका। पुर्तगाल ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद 52वें मिनट में रोनाल्डो को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में पिच पर बुलाया। रोनाल्डो ने मैच के 83वें मिनट में अपनी टीम के लिये एक मौका भी बनाया। फेलिक्स ने रोनाल्डो से पास लेकर गोल पर निशाना लगाया, लेकिन बोनो ने अपनी बाईं ओर छलांग लगाकर गोल नहीं होने दिया।

पेपे ने इंजरी टाइम के सातवें मिनट में पुर्तगाल के लिये आखिरी प्रयास किया मगर उनका निशाना चूक गया और पुर्तगाल विश्व कप से बाहर हो गयी।

मोरक्को फीफा विश्व कप के इतिहास में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है। इससे पहले कैमरून (1990), सेनेगल (2002) और घाना (2010) क्वार्टरफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी थीं।



## एक नजर

### मुझे एक और मौका दो : करुण नायर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करुण नायर अपना क्रिकेट करियर फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक भावनात्मक सन्देश डाला है जिसमें उन्होंने लिखा है, प्रिय क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो। करुण नायर को भविष्य का स्टार समझा गया था जब 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में उन्होंने नाबाद 303 रन बनाये और वीरेंद्र सहवाग के बाद भारत के दूसरे तिहरे शतकधारी बन गए। वह इसके बाद तुरंत ही चर्चा में आ गए लेकिन मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार नाकामी से उन्होंने टेस्ट टीम में अपना स्थान गंवा दिया और उसके बाद से भारत के लिए फिर कभी नहीं खेल पाए। करुण नायर ने ट्विटर का सहारा लेते हुए एक भावनात्मक सन्देश पोस्ट किया प्रिय क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो। नायर का यह ट्वीट कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सर्विसेस और पुडुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी टीम घोषित करने के एक दिन बाद आया है।

### इंग्लैंड के कोच गैरेथ भविष्य को लेकर प्रतिबद्ध नहीं

**अल खोर।** इंग्लैंड के कोच गैरथ साउथगेट फीफा विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के हाथों 2-1 से मिली करीबी हार के बाद अपने भविष्य को लेकर बहुत निश्चित नहीं हैं। इंग्लैंड के पास मैच में फ्रांस की तुलना में अधिक मौके थे। कप्तान हैरी केन ने पेनल्टी शॉट से एक बार बराबरी की तथा समय पूरा होने से सात मिनट पहले उन्होंने दूसरी बार पेनल्टी लगाई। साउथगेट ने कहा, हर टूर्नामेंट के बाद हमने समीक्षा की। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए थोड़ा समय चाहिए कि हर कोई सही निर्णय ले। साउथगेट ने हार पर अपनी हताशा को स्वीकार किया। उन्होंने कहा हम यहां टूर्नामेंट जीतने की कोशिश करने के लिए आए थे। हमें विश्वास था कि हम कर सकते हैं, और हमने मौजूदा चैंपियन के खिलाफ आज रात अपने प्रदर्शन में दिखाया कि हमारे पास एक टीम है जो ऐसा कर सकती थी। कोच ने कहा हमारा प्रदर्शन बेहतर का हकदार था। लक्ष्य निर्णायक होते हैं, लेकिन मैंने अभी खिलाड़ियों से कहा है, मुझे नहीं लगता कि वे और अधिक दे सकते थे। मुझे लगता है कि उन्होंने एक शीर्ष टीम के खिलाफ वास्तव में अच्छा खेल खेला।

### कैंडी फाल्कन्स ने जाफना किंग्स को तीन विकट से हराया

**कोलंबो, एजेंसी।** कैंडी फाल्कन्स ने लंका प्रीमियर लीग में गत चैंपियन जाफना किंग्स को तीन विकेट से हराकर आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए जाफना किंग्स ने 7 विकेट के नुकसान पर 147 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। कैंडी फाल्कन्स के लिए पाथुम निसांका और आंद्रे फ्लेचर ने पारी की शुरुआत की। 18 साल की उम्र में जमां खान ने 11 गेंदों में 11 रन बनाकर आंद्रे फ्लेचर को आउट किया। उनकी पारी में 2 चौके लगे। इस बीच, पथुम निसांका ने 24 गेंदों में 2 चौके की मदद से 29 रन बनाए। हालांकि, वह एशेन बंडारा की 39 गेंदों में 44 रन की पारी थी, जिसने कैंडी फाल्कन्स को जीत दर्ज करने में मदद की। उनकी पारी में 3 चौके लगे। उन्हें चामिका करुणारत्ने का अच्छा समर्थन मिला, जिन्होंने 16 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 26 रन बनाए। जाफना किंग्स के लिए, डुनिथ वेल्लेज सबसे अच्छे गेंदबाज थे, जिन्होंने अपने 4 ओवरों में 2/17 रन बनाए। इस बीच, महेश, जमान, जेम्स और विजयकांत सभी ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले टॉस जीतकर कैंडी फाल्कन्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जाफना किंग्स के लिए, अविष्का फर्नांडो 26 गेंदों में 31 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोरर रहे।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 419 रन से रौंदा, सीरीज 2-0 से जीती

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने ट्राविस हेड (175) और मार्नस लाबुशेन (163) के विशाल शतकों के बाद मिचेल स्टार्क (पांचव विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट इंडीज को दूसरे टेस्ट में रविवार को 419 रन से रौंदकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली।

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज को 497 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में विंडीज चौथे दिन 77 रन पर ऑलआउट हो गयी।

वेस्ट इंडीज की ड्रॉ की उम्मीदें भी तीसरे दिन ही खत्म हो गयी थीं जब उन्होंने 21 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे। डेवन थॉमस (12) और जेसन होल्डर (13) ने पांचवें विकेट के लिये 21 रन जोड़ते हुए 16.3 ओवर पिच पर गुजारे, लेकिन स्टार्क ने चौथा दिन शुरू होते ही दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया।

माइकल नेसर (22/3) ने जोशुआ डि सिल्वा (15), रॉस्टन चेज (13) और मार्किनो मिंडले को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट करवाया। नेथन लायन ने अल्ज़ारी जोसेफ का विकेट लिया और वेस्ट इंडीज की पारी 77 रन पर सिमट गयी।

इससे पूर्व, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाकर विंडीज को 214 रन पर ऑलआउट कर दिया और 297 रन की विशाल बढ़त बना ली। कंगारूओं ने फॉलो-ऑन देने के बजाय दोबारा बल्लेबाजी का फैसला किया, और 199/7 के स्कोर पर पारी घोषित करके विंडीज के सामने 497 रन का लक्ष्य रखा।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। पहले से ही शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया ने 75 प्रतिशत अंक हासिल कर लिये, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के सिर्फ 60 प्रतिशत अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया को 17 दिसंबर से तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिये दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करनी है। पैट कमिंस की टीम इस सीरीज के बाद फरवरी-मार्च में चार टेस्ट मैच खेलने के लिये भारत रवाना होगी।





# केन के समर्थन में उतरे इंग्लैंड के खिलाड़ी और कोच

**अल खोर, एजेंसी।** हैरी केन पहली पेनल्टी पर गोल करने के बाद दूसरी पेनल्टी पर चूक गए जिससे इंग्लैंड की विश्वकप की उम्मीदें भी धराशायी हो गई लेकिन उनकी टीम के साथियों ने इस स्टार स्ट्राइकर का समर्थन किया। फ्रांस ने विश्व कप क्वार्टर फाइनल के इस मैच में जब 2-1 से बढ़त बना रखी थी तब खेल के 84वें मिनट में इंग्लैंड को बराबरी का मौका मिला लेकिन पेनल्टी पर केन का शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चला गया और इसके साथ ही इंग्लैंड की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें भी खत्म हो गई। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे ने केन की इस चूक का जोरदार जश्न मनाया लेकिन इंग्लैंड के खिलाड़ी और समर्थक सन्न रह गए। केन को स्वयं विश्वास नहीं हो पा रहा था कि वह कितनी बड़ी गलती कर गए हैं। उन्होंने अपनी शर्ट से मुंह ढक दिया। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालांकि केन का समर्थन करते हुए कहा कि इस स्ट्राइकर को गमजदा होने की जरूरत नहीं क्योंकि उन्हीं की बदौलत टीम इस मुकाम पर पहुंची थी। इंग्लैंड के मिडफील्डर जॉर्डन हैंडरसन ने कहा, हम जानते हैं कि हैरी ने पेनल्टी पर हमारे लिए कितने गोल किए हैं। उन्होंने इस मैच में भी पहली पेनल्टी को गोल में बदला था। हमें यहां तक पहुंचाने में उनका अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा, वह विश्व स्तरीय स्ट्राइकर हैं, हमारे कप्तान हैं और अगर वह नहीं होते तो हम यहां तक भी नहीं पहुंच पाते।

# वॉर्नर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की केवल अपना बचाव करने की प्रवृत्ति की पोल खोली : चैपल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कभी अपने खिलाड़ियों के हितों की रक्षा नहीं की और डेविड वॉर्नर ने उन पर लगे कप्तानी प्रतिबंध पर कड़ी प्रतिक्रिया कर-के अधिकारियों की अपना बचाव करने की प्रवृत्ति का खुलासा किया।

वॉर्नर ने बुधवार को उनकी कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को हटाने की अपील वापस ले ली। उनका कहना था कि समीक्षा पैनल उन्हें सार्वजनिक शर्मिंदगी से गुजारना चाहता है और वह नहीं चाहते कि उनका परिवार क्रिकेट की गंदी लॉन्ड्री के लिए वाशिंग मशीन बने। माइकल क्लार्क सहित कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने वॉर्नर का समर्थन किया था और अब इस कड़ी में चैपल का नाम भी जुड़ गया है।

चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो में अपने कॉलम में लिखा, मुझे तब अच्छा नहीं लगा जब डेविड वॉर्नर ने अपने पर लगे कप्तानी प्रतिबंध की समीक्षा करने के आग्रह को वापस लेने का फैसला करते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने कहा,ह्यद्ब इससे पता चलता है कि डेविड वॉर्नर का उनके हितों को लेकर अधिकारियों पर भरोसा नहीं था। वॉर्नर का यह बुद्धिमता पूर्ण फैसला था क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया केवल अपने हितों की रक्षा करता है खिलाड़ियों के नहीं।

चैपल ने कहा, युवा खिलाड़ियों को वॉर्नर का आभार व्यक्त करना चाहिए क्योंकि उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की केवल अपना बचाव करने की प्रवृत्ति का खुलासा किया। उन्हें भविष्य में इसको ध्यान में रखना चाहिए। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने चैपल ने कहा, ह्यद्बसबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वॉर्नर का समीक्षा वापस लेने से पता चलता है कि उन पर कप्तानी को लेकर लगाया गया आजीवन प्रतिबंध का फैसला कितना गलत था।

# शकील, इमाम के अर्द्धशतक ने पाकिस्तान को संभाला

**मुल्तान, एजेंसी।** पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ 355 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को चार विकेट के नुकसान पर 198 रन बना लिये। पाकिस्तान को मैच जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर करने के लिये 157 रन और चाहिये, जबकि इंग्लैंड को सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के लिये छह विकेटों की दरकार है। पाकिस्तान के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरे अब्दुल्लाह शफीक और मोहम्मद रिजवान ने 66 रन की साझेदारी की, लेकिन 20 रन के अंदर तीन विकेट गिरने के कारण पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा गयी।

लंच के बाद जेम्स एंडरसन की गेंद पर मोहम्मद रिजवान (30) का विकेट गिरते ही कप्तान बाबर आजम भी एक रन पर आउट हो गये। जब अब्दुल्लाह शफीक अपने अर्द्धशतक से पांच रन दूर थे तब मार्क वुड ने उन्हें बोल्ड किया और पाकिस्तान का स्कोर 83/3 हो गया। शकील और इमाम ने इसके बाद पारी संभालते हुए चौथे विकेट के लिये 108 रन जोड़े।

इमाम 104 गेंदों पर सात चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हो गये, लेकिन सऊद शकील 54 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

इससे पूर्व, पहली पारी में 79 रन की बढ़त लेने वाली इंग्लैंड ने तीसरे दिन की शुरुआत 205/5 के स्कोर से करते हुए 70 रन जोड़े। हैरी ब्रूक ने सीरीज में अपना दूसरा शतक पूरा करते हुए 108 रन बनाये, हालांकि निचले क्रम के बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके। ब्रूक ने 149 गेंदों की अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान बेन स्टोक्स ने भी 51 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के के साथ 41 रन बनाये, हालांकि ब्रूक्स-स्टोक्स की साझेदारी टूटने के बाद इंग्लैंड 20 रन ही जोड़ सकी।

पाकिस्तान के लिये अबरार अहमद ने चार विकेट लेकर मैच में अपने 10 विकेट पूरे किये। वह अपने पदार्पण टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले दूसरे पाकिस्तानी गेंदबाज बन गये, जबकि इससे पहले जाहिद महमूद ने 1996 में न्यूजीलैंड के खिलाफ यह कीर्तिमान रचा था।

जाहिद महमूद ने ब्रूक सहित तीन बल्लेबाजों को आउट किया, जबकि मोहम्मद नवाज को एक विकेट हासिल हुआ।



# मैं अपने बल्ले को बात करने देना चाहता हूं : किशन

**चटगांव (बंगलादेश), एजेंसी।** सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा है कि वह घरेलू सरजमीं पर होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले भारतीय टीम में अपनी दावेदारी पेश करने के लिये अपने बल्ले को बात करने देना चाहते हैं। किशन ने मैच के बाद शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मैं इन चीजों के बारे में नहीं सोचता। मैं बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ मौका मिलने पर प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं अपने बल्ले को बात करने देना चाहता हूं कि मेरे लिए (टीम में) जगह है या नहीं।"

किशन (24) ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में 131 गेंदों पर 24 चौकों और 10 छक्कों की बदौलत 210 रन बनाते हुए बंगलादेशी गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाईं। कप्तान रोहित शर्मा के चोटग्रस्त होने के बाद किशन को टीम में मौका दिया गया था, और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किये। किशन ने सिर्फ 126 गेंदों पर 200 रन का आंकड़ा छूकर सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकार्ड वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल के नाम था जिन्होंने 138 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया था। साथ ही किशन (24 वर्ष 125 दिन) सबसे कम उम्र में दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गये।

वनडे क्रिकेट में सलामी बल्लेबाजों की बात आती है तो भारत के पास कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी शिखर धवन और केएल राहुल के रूप में कई विकल्प हैं। ऐसे में किशन को मजबूत बल्लेबाजी क्रम में एक अलग रास्ता खोजना पड़ सकता है, हालांकि आत्मविश्वास से भरे बाएं हाथ के बल्लेबाज को पता है कि उनके पास इसके लिये काफी समय है। किशन ने कहा, "मुझे लगता है कि दूसरे खिलाड़ी भी अलग-अलग बल्लेबाजी क्रम में खेलते आये हैं, इसलिये एक युवा खिलाड़ी होने के नाते मैं शिकायत नहीं कर सकता और मांग नहीं कर सकता कि आपको मुझे इस विशेष स्थान पर बल्लेबाजी करवानी चाहिये।"

उन्होंने कहा, "मेरी इस पारी से कोच राहुल द्रविड़ बहुत खुश थे। वह टीम में हर किसी को मौका नहीं दे सकते, क्योंकि हमारे पास पहले से ही इतनी अच्छी एकादश है। वह खुश थे कि मैंने मौका मिलने पर उसका भरपूर फायदा उठाया।" अन्य बल्लेबाज जहां दोहरे शतक का कीर्तिमान रचने पर खुश होते, वहीं किशन को अफसोस था कि वह 300 रन नहीं बना सके। किशन ने कहा, 36वें ओवर में आउट होने पर मुझे अब भी लगता है कि उस समय 15 ओवर बाकी थे और मैं 300 रन भी बना सकता था।


## मैं अपने बल्ले को बात करने देना चाहता हूं : किशन

**चटगांव (बंगलादेश)।** सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा है कि वह घरेलू सरजमीं पर होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले भारतीय टीम में अपनी दावेदारी पेश करने के लिये अपने बल्ले को बात करने देना चाहते हैं। किशन ने मैच के बाद शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मैं इन चीजों के बारे में नहीं सोचता। मैं बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ मौका मिलने पर प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं अपने बल्ले को बात करने देना चाहता हूं कि मेरे लिए (टीम में) जगह है या नहीं। किशन (24) ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में 131 गेंदों पर 24 चौकों और 10 छक्कों की बदौलत 210 रन बनाते हुए बंगलादेशी गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाईं। कप्तान रोहित शर्मा के चोटग्रस्त होने के बाद किशन को टीम में मौका दिया गया था, और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किये। किशन ने सिर्फ 126 गेंदों पर 200 रन का आंकड़ा छूकर सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकार्ड वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल के नाम था जिन्होंने 138 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया था। साथ ही किशन (24 वर्ष 125 दिन) सबसे कम उम्र में दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गये। वनडे क्रिकेट में सलामी बल्लेबाजों की बात आती है तो भारत के पास कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी शिखर धवन और केएल राहुल के रूप में कई विकल्प हैं। ऐसे में किशन को मजबूत बल्लेबाजी क्रम में एक अलग रास्ता खोजना पड़ सकता है, हालांकि आत्मविश्वास से भरे बाएं हाथ के बल्लेबाज को पता है कि उनके पास इसके लिये काफी समय है। किशन ने कहा, "मुझे लगता है कि दूसरे खिलाड़ी भी अलग-अलग बल्लेबाजी क्रम में खेलते आये हैं, इसलिये एक युवा खिलाड़ी होने के नाते मैं शिकायत नहीं कर सकता और मांग नहीं कर सकता कि आपको मुझे इस विशेष स्थान पर बल्लेबाजी करवानी चाहिये। उन्होंने कहा, "मेरी इस पारी से कोच राहुल द्रविड़ बहुत खुश थे। वह टीम में हर किसी को मौका नहीं दे सकते, क्योंकि हमारे पास पहले से ही इतनी अच्छी एकादश है। वह खुश थे कि मैंने मौका मिलने पर उसका भरपूर फायदा उठाया।




# धीरे-धीरे समाज मिल्ली जैसी महिला केंद्रित फिल्मों को स्वीकार कर रहे हैं : ज्योति सक्सेना



मुंबई, ज्योति सक्सेना उन अभिनेताओं में से एक हैं जिन्होंने अपनी लगन और प्रतिबद्धता से मनोरंजन के क्षेत्र में खुद को स्थापित किया है। वह टिनसेल टाउन की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो अक्सर उन मुद्दों पर बोलने के लिए आगे आती हैं जो समाज की बेहतरी को उजागर करते हैं। आज के दिन और वक़्त में महिलाओं को एक दूसरे को साथ लेकर सफलता की सीडी चढ़ते देख प्रेरणा मिलती है। बॉलीवुड इंडस्ट्री, जिसके दर्शक दुनिया भर में हैं, आमतौर पर हमारे समाज को प्रतिबिंबित करने के लिए मेल सेंट्रिक फिल्मों का विकल्प चुनते हैं। लेकिन अब समय बदल गया है, फिल्म निमार्ता अपने दर्शकों के लिए अधिक महिला केंद्रित फिल्में बना रहे हैं। ज्योति सक्सेना, जो पिछले कुछ समय से उद्योग में हैं, कहती हैं, एक अभिनेता होने के नाते, हमें ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने और दर्शकों तक पहुंचने और बात फैलाने का जरिया बन जाते है। मुझे लगता है कि धीरे-धीरे एक समाज के रूप में हम अधिक महिला केंद्रित फिल्मों को स्वीकार कर रहे हैं जो हमारे दैनिक जीवन की वास्तविकता और गंभीरता को दशार्ती हैं। मैंने हाल ही में मिल्ली देखी जहां जाह्नवी कपूर ने पूरी कहानी को इतनी खूबसूरती से कैरी किआ। पूरी फिल्म के दौरान, मैं उनके ठोस प्रदर्शन से प्रभावित रही। इतनी नई फिल्म देखना वाकई में एक ताजगी भरा अनुभव था। मैं दर्शकों से कहूंगी कि कृपया जाएं और ऐसी फिल्मों का समर्थन करें क्योंकि हम तबी और ऐसी फिल्में बना पाएंगे जब दर्शकों का समर्थन मिलेगा। दरअसल, हमारी प्रतिभाशाली अभिनेत्री ज्योति सक्सेना ने सभी युवा लड़कियों को यह सिखाकर एक सच्ची प्रेरणा और वीमेन एम्पावरमेंट का मतलब समझाया है। अब हम ज्योति सक्सेना को ऐसी शानदार फिल्मों का हिस्सा बनते देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। काम के मोर्चे पर, ज्योति सक्सेना जल्द ही गिप्पी ग्रेवाल के साथ अपनी पंजाबी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। एक प्रसिद्ध पंजाबी गायिका के साथ उनका एक संगीत वीडियो पाइपलाइन में है, जिसके बारे में जल्द ही घोषणा की जाएगी।

# 41 वर्ष की हुई दीया मिर्जा



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री दीया मिर्जा आज 41 वर्ष की हो गयी। 09 दिसंबर 1981 को आन्ध्र प्रदेश के हैदराबाद में जन्मी दीया मिर्जा ने अपने करियर की शुरूआत टीवी पर विज्ञापन फिल्मों से की। वर्ष 2000 में दीया मिर्जा ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें वह दूसरे स्थान पर रही। इसके बाद दीया मिर्जा को मिस एशिया पेसेफिक प्रतियोगिता के लिये भेजा गया जिसमें वह प्रथम चुनी गयी।बतौर अभिनेत्री दीया मिर्जा ने बॉलीवुड में अपनी शुरूआत वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म रहना है तेरे दिल में से की। इस फिल्म में दीया मिर्जा ने सैफ अली खान और आर.माधवन के साथ काम किया हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर सफल नही रही। इसी वर्ष दीया की एक और फिल्म दीवानपन प्रदर्शित हुयी लेकिन दर्शकों को दीवाना नही बना सकी। वर्ष 2002 में दीया मिर्जा को सलमान खान के साथ तुमको न भूल पायेंगे के साथ काम करने का अवसर मिला। पंकज पराशर के निर्देशन में बनी यह फिल्म भी दुर्भाग्य से कामयाब नही हो सकी। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म तुमसा नही देखा दीया मिर्जा के करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी। अनुराग बासु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दीया मिर्जा और इमरान हाशमी की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया।वर्ष 2005 में दीया मिर्जा ने विदु विनोद चोपड़ा की सुपरहिट फिल्म परिणीता में काम किया। वर्ष 2006 में हीं दीया ने विदु विनोद चोपड़ा की सुपरहिट फिल्म लगे रहो मुन्ना भाई में भी अपने अभिनय से दर्शकों को दीवाना बना दिया। वर्ष 2007 में प्रदर्शित संजय गुप्ता की फिल्म शूट आउट एट बडाला में दीया मिर्जा ने टीवी जर्नलिस्ट का किरदार निभाकर अपनी अभिनय प्रतिभा का नया अंदाज दर्शकों के सामने पेश किया। इसके बाद वर्ष 2011 में दीया मिर्जा ने जायद खान और साहिल संघा के साथ मिलकर कर ली। दीया मिर्जा अभिनीत अन्य फिल्मों में तहजीब, प्राण जाये पर शान न जाये,दम, क्यूं हो गया ना, माइ ब्रद्रर निखिल, दस, कोई मेरे दिल में है, हनीमून ट्रेवल्स प्रा.लिमिटेड,

# जल्द रिलीज होगा फिल्म 'पठान' का पहला गाना





इन दिनों लगातार चर्चा में बनी हुई शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की आगामी फिल्म पठान को लेकर एक लेटेस्ट अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का पहला गाना रिलीज के लिए तैयार है। इस गाने का टायटल होगा 'बेशरम रंग'। यह गाना दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान पर फिल्माया जाएगा। कहा जा रहा है कि इस गाने में दीपिका का अब तक का सबसे हॉट अवतार देखा जाएगा। इससे पहले दीपिका का इतना अलग और हॉट अवतार किसी ने नहीं देखा होगा। पठान का पहला गाना 'बेशरम रंग' इस साल का सबसे बड़ा पार्टी एंथम होगा, जो दर्शकों को काफी पसंद आएगा। इस गाने को विशाल शेखर की जोड़ी ने कम्पोज किया है। यह गाना इसी महीने 12 दिसंबर को रिलीज होगा। फिल्म पठान एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म के एक्शन सीन की शूटिंग भारत के अलावा स्पेन, यूएई, तुर्की, रूस ,साइबेरिया, इटली, फ्रांस और अफगानिस्तान में भी हुई है। फिल्म में शाहरुख, दीपिका और जॉन के अलावा अभिनेता आशुतोष राणा, डिम्पल कपाड़िया भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। सलमान खान और ऋतिक रोशन स्पेशल अपीरियंस में होंगे। फैंस को इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। पठान के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद और प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा हैं। यह फिल्म 25 जनवरी, 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# हीरो बनने का सपना लिए मुंबई आए थे शत्रुघ्न सिन्हा



मुंबई, बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता और संवाद अदायगी के बेताज बादशाह शत्रुघ्न सिन्हा आज 76 वर्ष के हो गये। बतौर खलनायक अपने करियर का आगाज कर अपने आक्रमक अंदाज, विद्रोही तेवर और संवाद अदायगी के दम पर शत्रुघ्न सिन्हा ने दर्शको को इस कदर दीवाना बनाया कि नायक की तुलना में उन्हें अधिक वाहवाही मिली। यह फिल्म इंडस्ट्री के इतिहास में पहला मौका था जब किसी खलनायक के पर्दे पर आने पर दर्शकों की ताली और सीटियां बजने लगती थी। शत्रुघ्न सिन्हा की लोकप्रियता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि फिल्म में शत्रुघ्न सिन्हा के हिस्से में महज दो या तीन सीन ही रहते लेकिन इन सीनों मे जब कभी शत्रुघ्न सिंहा दिखाई देते तो अपनी संवाद अदायगी और तेवर से वह नायक की तुलना में कहीं भारी पड़ते थे। शत्रुघ्न सिन्हा का जन्म 09 दिसंबर 1946 में बिहार के पटना में हुआ। बिहार के प्रतिष्ठित पटना सांइस कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होनें बतौर अभिनेता बनने के लिये पुणा फिल्म इंस्टीट्यूट में दाखिला ले लिया। सत्तर के दशक में फिल्म इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण के बाद शत्रुघ्न सिंहा ने फिल्म इंडस्ट्री की ओर अपना रूख कर लिया। शुरूआती दौर में फिल्म इंडस्ट्री में काम पाने के लिये शत्रुघ्न सिंहा को काफी संघर्ष का सामना करना पड़ा। शत्रुघ्न सिंहा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1969 में प्रदर्शित फिल्म साजन से की। मनोज कुमार की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में उन्हें एक छोटी सी भूमिका निभाने का अवसर मिला। इस दौरान उन्हें फिल्म अभिनेत्री मुमताज की सिफारिश पर फिल्म खिलौना में काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म खिलौना की सफलता के बाद शत्रुघ्न सिन्हा को फिल्मों में काम मिलने लगा। वर्ष 1971 में प्रदर्शित फिल्म मेरे अपने उनके करियर के लिये महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। युवा राजनीति पर बनी इस फिल्म में विनोद खन्ना ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में शत्रुघ्न सिंहा का बोला गया यह संवाद श्याम आये तो उससे कह देना छैनु आया था। बहुत गरमी है खून में तो बेशक आ जाये मैदान में दर्शको के बीच काफी लोकप्रिय हुये। फिल्म मेरे अपने की सफलता के बाद पारस, गैंबलर, भाई हो तो ऐसा, रामपुर का लक्षमण, ब्लैकमेल जैसी फिल्मों में मिली कामयाबी के जरिये शत्रुघ्न सिंहा दर्शको के बीच अपने अभिनय की धाक जमाते हुये ऐसी स्थिति में पहुंच गये, जहां वह फिल्म में अपनी भूमिका स्वयं चुन सकते थे। इस बीच फिल्मकारों ने शत्रुघ्न सिन्हा की लोकप्रियता को देखते हुये उन्हें बतौर अभिनेता अपनी फिल्मों के लिये साइन करना शुरू कर दिया। वर्ष 1976 में सुभाष घई के बैनर तले बनी फिल्म वह पहली फिल्म थी जिसमें शत्रुघ्न सिन्हा की अदाकारी का जादू दर्शकों के सर चढ़कर बोला। फिल्म में अपनी जबरदस्त संवाद अदायगी और दोहरी भूमिका में शत्रुघ्न सिंहा ने अभिनेता के रूप में भी अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे। वर्ष 1978 में शत्रुघ्न सिंहा के करियर की एक और सुपरहिट फिल्म विश्वनाथ प्रदर्शित हुयी। सुभाष घई के बैनर तले बनी इस फिल्म उन्होंने एक वकील का दमदार किरदार निभाया था। यूं तो इस फिल्म में शत्रुघ्न सिन्हा के बोले गये कई संवाद लोकप्रिय हुये लेकिन उनका बोला यह संवाद जली को आग कहते है बुझी को खाक कहते हैं,जिस खाक से बारूद बने उसे विश्वनाथ कहते हैं, दर्शकों के बीच खासे लोकप्रिय हुये और आज भी उसी शिद्दत के साथ श्रोताओं के बीच सुने जाते है। अस्सी के दशक में शत्रुघ्न सिन्हा पर आरोप लगने लगे कि वह केवल मारधाड़ और एक्शन से भरपूर किरदार ही निभा सकते है लेकिन उन्होंने वर्ष 1981 में ऋषिकेष मुखर्जी निर्देशित फिल्म नरम गरम में लाजवाब हास्य अभिनय से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस फिल्म से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह भी है इस फिल्म मे उन्होंने एक गानें में अपनी आवाज भी दी। फिल्मों में कई भूमिकाएं निभाने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने समाज सेवा के लिए राजनीति में प्रवेश किया और भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से लोकसभा सभा सदस्य बने और स्वास्थ्य और जहाजरानी मंत्रालय का कार्यभार संभाला।

# शादी की 38वीं सालगिरह पर शबाना आजमी ने शेयर की शादी की एल्बम से चुनिंदा पिक्चर्स



मुंबई, फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी और गीतकार जावेद अख्तर की शादी की आज 38वीं सालगिरह है। इस खास मौके पर शबाना आजमी ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की एल्बम साझा की है, जिसके कवर पर दोनों की कुछ तस्वीरें नजर आ रही हैं। इसके साथ ही शबाना ने कैप्शन में लिखा-'हमारा 38वां साल एक साथ माशाल्लाह।' शबाना के इस पोस्ट पर फैंस एवं सेलेब्रिटी उन्हें शादी की सालगिरह की बधाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गीतकार जावेद अख्तर ने दो शादियां की हैं। उनकी पहली पत्नी का नाम हनी ईरानी है, जिनसे उन्हें दो बच्चे फरहान अख्तर और जोया अख्तर हैं।

जावेद ने 1984 में दूसरी शादी अभिनेत्री शबाना आजमी से की। जावेद अख्तर की पहली मुलाकात शबाना आजमी से उनके घर पर ही हुई थी। शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी मशहूर शायर थे और उस समय जावेद भी काफी शायरी लिखा करते थे और उन्हें सुनाने के लिए वह अक्सर कैफी आजमी के घर जाया करते थे। इसी दौरान उनकी नजर एक दिन शबाना से टकरा गई। हालांकि जावेद को थोड़ी हिचकिचाहट थी क्योंकि जावेद का रिलेशनशिप स्टेटस मैरिड था और शबाना उनसे उम्र में भी दस साल छोटी युवती थीं, लेकिन समय के साथ चीजें काफी बदलने लगी थीं। ऐसे में एक दिन जावेद ने पहला कदम बढ़ाया और एक पार्टी में जहां शबाना भी थीं, जावेद ने शबाना की फिल्म ह्यस्पर्शह्ल का जिक्र छेड़ दिया और उनके परफॉर्मेंस की तारीफ करने लगे। इसके बाद दोनों के बातचीत का सिलसिला बढ़ने लगा और समय के साथ दोनों की दोस्ती भी। जल्द यह दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों एक-दूसरे के साथ हमेशा के लिए रहना चाहते थे। यह बात जैसे ही शबाना के माता-पिता को पता चली वह काफी नाराज हुए। शबाना की मां शौकत नहीं चाहती थीं कि उनकी बेटी किसी शादीशुदा आदमी के साथ अपना घर बसाये। वहीं कैफी भी इस रिश्ते के खिलाफ थे, लेकिन शबाना जावेद के प्यार में पड़ चुकी थीं। उन्होंने अपनी मां और पिता से मिन्नतें की थीं। जिसके बाद 1978 में जावेद ने अपनी पहली पत्नी हनी ईरानी से तलाक ले लिया। इसके बाद जावेद और शबाना ने अपने छह साल लंबे रिश्ते को नाम दिया और 9 दिसंबर 1984 में इस्लामिक तरीके से दोनों ने निकाह कर लिया। हालांकि इस शादी से शबाना को कोई बच्चा नहीं है, लेकिन शबाना की जावेद और हनी ईरानी के बच्चों से अच्छे रिश्ते हैं। जावेद अख्तर और शबाना आजमी के बीच आज भी एक मजबूत और खास बॉन्डिंग है।

# जोरों -शोरों से चल रही हैं सिद्धार्थ मल्होत्रा-किआरा आडवाणी की शादी की तैयारियां !





बॉलीवुड के फेमस लव बर्ड्स कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। इन दिनों दोनों की शादी की खबरें हर तरफ छाई हुई है। हालांकि दोनों में से किसी ने भी अब तक इसपर खुलकर कुछ नहीं कहा है। लोकिन अक्सर दोनों को कई मौकों पर साथ में देखा जाता है। वहीं अब इस कपल को लेकर एक लेटेस्ट अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह कपल अगले साल जनवरी में शादी के बंधन में बंधने जा रहा है। दोनों की शादी की तैयारियां जोरो-शोरों से चल रही है। रिपोर्ट्स की माने तो दोनों की वेडिंग वेन्यू से लेकर गेस्ट की लिस्ट तक फाइनल हो गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस शादी में करण जौहर और अश्विनी यार्डी शामिल होंगे। क्योंकि ये दोनों सिद्धार्थ और कियारा के बहुत करीब हैं। वहीं विक्की कौशल, कटरीना कैफ, वरुण धवन, जैकी भगनानी और उनकी गर्लफ्रेंड रकुलप्रीत सिंह को भी इनवाइट किए जाने की संभावना है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि कपल ने अपना वेडिंग वेन्यू डिसाइड कर लिया है। इस शादी के लिए पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ के ओबेरॉय सुखविलास होटल को चुना गया है। शादी के बाद मुंबई में कपल का ग्रैंड रिसेप्शन रखा जाएगा। इतना ही नहीं मल्होत्रा और आडवाणी फैमिली ने शादी की तैयारियों पर काम शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि जल्द ही वेडिंग डेट की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी जाएगी। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की कमेस्ट्री फैंस के बीच काफी पसंद की जाती है और दोनों को एक होते हुए देखना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी फिल्म 'शेरशाह' में साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आये थे। इसी फिल्म के सेट पर दोनों की नजदीकियां बढ़ने लगी और दोनों की अफेयर की खबरें भी जोरों -शोरों से चलने लगी। शेरशाह की रिलीज के बाद भी दोनों को अक्सर साथ में क्वालिटी टाइम बिताते हुए देखा गया।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।